Page 11




खेल

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 10



देश

मूल्य ₹ 2.00

कृष्ण पक्ष, उत्तर फाल्गुनी, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • सोमवार • 25 नवम्बर 2024 • वर्ष 26 • अंक 344 • पृष्ठ 12


## आईपीएल मेगा ऑक्शन : ऋषभ पंत आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे क्रिकेटर

## हिमाचल में पीडब्ल्यूडी के मल्टी टास्क वर्करों का मानदेय 500 रूपए बढ़ा...

### सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 79,640 | ₹92,000 |



### आज का इतिहास

- **2014 :** कथक की मशहूर नृत्यांगना सितारा देवी का निधन हुआ।
- **2009 :** जाकदाह, सऊदी अरबिया में भयंकर बारिश के कारण बाढ़ आ गई, जिसमें 122 लोग मारे गए और हजारों हज यात्री फंसे।

### न्यूज बाइट्स

#### महिलाओं के नाम होगी डाक प्रदर्शनी

**पटना (नि.सं.)।** डाक प्रदर्शनी का पहला दिन महिलाओं के नाम रहेगा। महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए प्रदर्शनी के पहले दिन महिलाएं ही सारे कार्यक्रम को संभालेंगी। मंच संचालन से लेकर अतिथि सत्कार तक महिलाएं ही रहेंगी। बैंड पर बेटियों की टीम रहेगी तो वहीं अन्य गतिविधियों में महिलाओं की ही केवल भागीदारी रहेगी। गौरतलब है कि लगभग 12 वर्षों के बाद राज्य स्तरीय डाक प्रदर्शनी का आयोजन 28 से 30 नवंबर तक ज्ञान भवन में की जाएगी। तीन दिनों तक चलने वाली डाक प्रदर्शनी के पहले दिन महिलाओं से ही शुरुआत की जाएगी। पद्मभूषण शारदा सिन्हा पर विशेष आवरण का विमोचन किया जाएगा। बिहार की सशक्त महिला नेतृत्व वाले समाज पर पिक्चर पोस्टकार्ड भी जारी होगा। इसमें माता सीता, नृत्यांगना आम्रपाली आदि पर पोस्टकार्ड का अनावरण किया जाएगा। कार्यक्रम के पहले दिन शोभना नारायण के साथ किसान चाची आदि को मंच देकर महिला सशक्तीकरण का उदाहरण पेश किया जाएगा।

#### आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बने ऋषभ

**नई दिल्ली (ए.)।** आईपीएल 2025 की मेगा ऑक्शन का पहला घंटा काफी रोमांचक बीता। शुरुआत में कोलकाता नाइट राइडर्स के पूर्व कप्तान श्रेयस अय्यर सबसे महंगे खिलाड़ी बने थे। उन्हें पंजाब किंग्स ने 26175 करोड़ रुपये में खरीदा, लेकिन कुछ ही देर में यह रिकॉर्ड टूट गया। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए हैं। ऋषभ पंत को लखनऊ सुपर जायंट्स ने 27 करोड़ रुपये की मोटी रकम में खरीदा। दिल्ली कैपिटल्स ने आरटीएम की कोशिश की, लेकिन लखनऊ ने तुरंत अपनी रकम बढ़ा दी। फिर दिल्ली ने हाथ खड़े कर दिए। इस तरह लखनऊ ने ऋषभ पंत को 27 करोड़ में लिया। कोलकाता को पिछले साल चैंपियन बनाने वाले श्रेयस अय्यर को भी आईपीएल 2025 की नीलामी में काफी मोटी रकम मिली। अय्यर को पंजाब किंग्स ने 26.75 करोड़ की मोटी रकम में खरीदा।

प्रधानमंत्री ने समाज सेवा और एनसीसी में युवाओं की भूमिका को सराहा

# नरेन्द्र मोदी ने युवाओं से मिलकर देश को विकसित बनाने का किया आह्वान



एजेंसी | नयी दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका को अहम बताते हुए उनसे यहां भारत मंडपम में अगले साल जनवरी में आयोजित होने वाले 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग' में भाग लेने तथा मिलकर देश का निर्माण एवं विकास करने का आह्वान किया है।

श्री मोदी ने रविवार को रेडियो पर प्रसारित अपने मासिक कार्यक्रम मन की बात में कहा कि विकसित भारत के निर्माण में युवाओं का रोल बहुत बड़ा है। युवा मन जब एकजुट होकर देश की आगे की यात्रा के लिए मंथन करते हैं, चिंतन करते हैं, तो निश्चित रूप से इसके ठोस रास्ते निकलते हैं।

उन्होंने कहा कि आप जानते हैं 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर देश 'युवा दिवस' मनाता है। अगले साल स्वामी विवेकानंद जी की 162वीं जयंती है। इस बार इसे बहुत खास तरीके से मनाया जाएगा। इस अवसर पर 11-12 जनवरी को दिल्ली के भारत मंडपम में युवा विचारों का महाकुंभ होने जा रहा है, और इस पहल का नाम है 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग'। देशभर से करोड़ों युवा इसमें भाग लेंगे। गाँव, प्रखंड, जिले, राज्य और वहाँ से निकलकर चुने हुए ऐसे दो हजार युवा भारत मंडपम में 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग ' के लिए जुटेंगे।

उन्होंने कहा कि आपको याद होगा, मैंने लाल किले की प्राचीर से ऐसे युवाओं से राजनीति में आने का आह्वान किया है, जिनके परिवार का कोई भी व्यक्ति और पूरे परिवार का राजनीति से कोई वास्ता नहीं है, ऐसे एक लाख युवाओं को, नए युवाओं को, राजनीति से जोड़ने के लिए देश में कई तरह के विशेष अभियान चलेंगे। उन्होंने कहा कि 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग' भी ऐसा ही एक प्रयास है। इसमें देश और विदेश से विशेषज्ञ आएंगे। अनेक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय हस्तियाँ भी रहेंगी। मैं भी इसमें ज्यादा-से-ज्यादा समय उपस्थित रहूँगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि युवाओं को सीधे हमारे सामने अपने दृष्टिकोण को रखने का अवसर मिलेगा। देश इन दृष्टिकोण को कैसे आगे लेकर जा सकता है? कैसे एक ठोस रोडमैप बन सकता है? इसका एक खाका तैयार किया जाएगा, तो आप भी तैयार हो जाइए, जो भारत के भविष्य का निर्माण करने वाले हैं, जो देश की भावी पीढ़ी हैं, उनके लिए ये बहुत बड़ा मौका आ रहा है । आइए, मिलकर देश बनाएं, देश को विकसित बनाएं ।

#### प्रधानमंत्री ने एनसीसी दिवस पर युवाओं को किया प्रेरित

प्रधानमंत्री ने नेशनल कैडेट कोर (एनसीसी) दिवस के अवसर पर युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जब भी कहीं कोई आपदा होती है, जैसे बाढ़, भूकंप या अन्य हादसे, एनसीसी के कैडेट्स हमेशा मदद के लिए तत्पर रहते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि एनसीसी को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। वर्ष 2014 में, एनसीसी से जुड़े युवाओं की संख्या लगभग 14 लाख थी, जो अब 2024 में बढ़कर 20 लाख से अधिक हो चुकी है। प्रधानमंत्री ने यह भी बताया कि देश की सीमाओं के नजदीक रहने वाले युवाओं को एनसीसी से जोड़ने का अभियान निरंतर जारी है।

#### पीएम ने लोगों से गौरेया को बचाने का किया आह्वान

श्री मोदी ने कहा कि आप सभी लोगों ने बचपन में गौरेया को अपने घर की छत पर, पेड़ों पर चहकते हुए जरूर देखा होगा। उन्होंने कहा कि गौरेया को तमिल और मलयालम में कुरुवी, तेलुगु में पिच्चुका और कन्नड़ा में गुब्बी के नाम से जाना जाता है। हर भाषा, संस्कृति में, गौरेया को लेकर किस्से-कहानी सुनाए जाते हैं। हमारे आसपास जैव विविधता को बनाए रखने में गौरेया का एक बहुत महत्वपूर्ण योगदान होता है, लेकिन, आज शहरों में बड़ी मुश्किल से गौरेया दिखती है। उन्होंने कहा कि बढ़ते शहरीकरण की वजह से गौरेया हमसे दूर चली गई है। आज की पीढ़ी के ऐसे बहुत से बच्चे हैं, जिन्होंने गौरेया को सिर्फ तस्वीरों या वीडियो में देखा है। ऐसे बच्चों के जीवन में इस प्यारी पक्षी की वापसी के लिए कुछ अनोखे प्रयास हो रहे हैं। चेन्नई के कूडुगल ट्रस्ट ने गौरेया की आबादी बढ़ाने के लिए विद्यालय के बच्चों को अपने अभियान में शामिल किया है। संस्थान के लोग स्कूलों में जाकर बच्चों को बताते हैं कि गौरेया रोजमर्रा के जीवन में कितनी महत्वपूर्ण है। ये संस्थान बच्चों को गौरेया का घोंसला बनाने की प्रशिक्षण देते हैं। इसके लिए संस्थान के लोगों ने बच्चों को लकड़ी का एक छोटा-सा घर बनाना सिखाया। इसमें गौरेया के रहने, खाने का इंतजाम किया। ये ऐसे घर होते हैं, जिन्हें किसी भी इमारत की बाहरी दीवार पर या पेड़ पर लगाया जा सकता है। बच्चों ने इस अभियान में उत्साह के साथ हिस्सा लिया और गौरेया के लिए बड़ी संख्या में घोंसला बनाना शुरू कर दिया। पिछले चार वर्षों में संस्था ने गौरेया के लिए ऐसे 10 हजार घोंसले तैयार किए हैं।

#### साफ-सफाई को लेकर आयी स्वदायित्व की भावना

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छता अभियान को निरंतर चलने वाला अभियान बताते हुए कहा कि इसके कारण देशवासियों खासकर सरकारी दफ्तरों में लोगों की मानसिकता में बदलाव आया है और अब वे स्वदायित्व की भावना से ना सिर्फ साफ-सफाई कर रहे हैं बल्कि रिसाइकिलिंग से धन भी अर्जित कर रहे हैं।

#### बच्चे पुस्तकालयों से जुड़ें

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बच्चों का पुस्तकालयों से जुड़ कर नवीनता एवं रचनात्मकता की ओर बढ़ने तथा नवीन प्रौद्योगिकी के साथ साथ, हमारी विरासत एवं संस्कृति की खोज कर समाज के सामने लाने का आह्वान किया और कहा, "जो देश, जो स्थान, अपने इतिहास को संजोकर रखता है, उसका भविष्य भी सुरक्षित रहता है।"

बालू माफिया पर नीतीश सरकार सख्त

# हेलीकॉप्टर सर्वे में तीन हजार ट्रक जब्त वसूला गया 100 करोड़ जुर्माना

निज संवाददाता | पटना



उपमुख्यमंत्री सह खनन मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि राज्य में किसी भी स्थिति में अवैध खनन नहीं होगा। राजस्व की लूट की छूट किसी को नहीं दी जाएगी। इस धंधे में शामिल लोगों पर कार्रवाई होगी। डिप्टी सीएम ने बताया कि हेलीकॉप्टर से बालू घाटों का निरीक्षण कर अवैध कारोबार पर नकेल कसा जा रहा है। कार्रवाई करते हुए तीन हजार ट्रकों को जब्त किया गया है जिनमें करीब 15 लाख सीएफटी बालू बरामद हुआ और धंधे से जुड़े पांच लोग गिरफ्तार किए गए। सरकार ने करीब 100 करोड़ का जुर्माना भी बालू मफिया से वसूला है। विजय सिन्हा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का यह संकल्प है कि जो भी अवैध खनन करेंगे उनपर कड़ी कार्रवाई होगी। राजस्व संग्रह को दोगुना करना हमारा लक्ष्य है। वे शनिवार पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बालू को अभिशाप नहीं बनने देंगे। इसमें रोजगार का सृजन कर इसे वरदान बनाया जाएगा। वास्तविक बंदोबस्तधारी को किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं होगी। इसके पहले उन्होंने हेलीकॉप्टर से विभिन्न बालू घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान बालू घाटों पर हो रहे खनन की वीडियोग्राफी कराई गई। निरीक्षण के बाद अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की जिसमें अवैध खनन रोकने के लिए जरूरी कदम उठाने का निर्देश दिया। कहा कि लगातार अवैध खनन और ओवरलोडिंग की शिकायत मिल रही है। इसे हर हाल में दूर करें। सड़कों पर जाम की समस्या न हो, इसके लिए खनन विभाग और पथ निर्माण विभाग साथ मिलकर काम करेगा। पत्रकारों से बात करते हुए डिप्टी सीएम ने कहा कि अवैध बालू कारोबार पर सरकार की नजर है। इस काम में लोगों की सहायता ली जा रही है। सूचना देने वालों की पहचान गुप्त रखी जाएगी। सरकार की सहायता करने वालों को सम्मानित किया जायेगा। कार्रवाई में जो बालू जप्त हुए हैं, उनकी मांग के अनुसार ऑनलाइन बिक्री की जाएगी। सरकार ने लोगों की सुविधा के लिए बालू मित्र पोर्टल शुरू करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग ट्रक का आंदोलन करवाना चाह रहे थे। उन्हें सरकार मुंहतोड़ जवाब देगी। ओवरलोडिंग के बारे में कहा कि 5 फीसदी का ग्रेस दिया गया है। लेकिन किसी भी सूरत में भीगा बालू लोड नहीं करना है। लोड करने वालों पर कार्रवाई होगी। विजय सिन्हा ने पत्रकारों को बताया कि पटना और भोजपुर में अवैध बालू कारोबारियों को चिन्हित किया गया है। माफिया के साथ मिली भगत रखने वाले पदाधिकारी भी चिन्हित होंगे। अभी 193 बालू घाट संचालित हैं। लेकिन, ट्रैक्टर बिना नंबर प्लेट के चल रहे है। इस पर रोक लगाने के लिए सरकार सख्त कदम उठा रही है। जिस थाना से ऐसी गाड़ी निकलेगी, उसे भी चिन्हित किया जायेगा और थाना प्रभारी की जिम्मेवारी तय की जाएगी। आशंका होने पर उनकी सम्पति की जांच कराई जाएगी।

खनन मंत्री ने कहा कि वाहन मालिकों को अनावश्यक परेशान नहीं किया जायेगा। इसके साथ किसानों के खेत में जमे बालू का भी निदान होगा। वैध कारोबार करने वालों को घबराने की जरूरत नहीं है। उन्हें कोई अधिकारी परेशान करे तो विभाग को सूचना दें। सरकार अपने स्तर से कार्रवाई करेगी। लेकिन अवैध खनन से जुड़े लोगों को खोज खोज कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने खुशी जताई कि विभाग को दोगुना राजस्व प्राप्त हुआ है।

## 29 नवंबर को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आएंगी दरभंगा



**दरभंगा (नि.सं.)।** दरभंगा के राज मैदान में 29 नवंबर को भारत की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पहुंचेंगी। यहां विभिन्न बैंकों द्वारा स्टॉल लगाकर उद्यमिता विकास प्रोत्साहन कार्यक्रम के तहत ऋण वितरण किया जाएगा। रविवार को दरभंगा के डीएम राजीव रौशन सहित एसडीपीओ सदर अमित कुमार व अन्य अधिकारियों ने राज परिसर में बन रहे विशाल पंडाल और स्टालों सहित पार्किंग स्थलों का जायजा लिया। डीएम राजीव रौशन ने बताया कि आगामी 29 नवंबर के लिए प्रस्तावित ऋण वितरण कार्यक्रम को लेकर तैयारी की जा रही है। इसके दौरान लगने वाले भीड़ के लिए पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। केंद्रीय मंत्री के आने की भी संभावना है। जिले के विभिन्न बैंकों के द्वारा ऋण वितरण किया जाएगा। इधर, भाजपा सांसद गोपाल जी ठाकुर ने बताया कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 29 नवंबर को 2:30 बजे हेलिकॉप्टर से राज मैदान में पहुंचेंगी। इसके बाद शहर के बलभद्रपुर स्थित वार्ड 44 में सांसद कार्यालय का फीता काटकर वित्त मंत्री विधिवत उद्घाटन करेंगी।

# 28 नंबर को हेमंत सोरेन लेंगे मुख्यमंत्री पद की शपथ



- पुराने फार्मूले पर ही होगा मंत्रिमंडल का गठन
- राजद का एक मंत्री भी कैबिनेट में होगा शामिल

निज संवाददाता | रांची

झारखंड में 28 नवंबर को नई सरकार को गठन होने जा रहा है। हेमंत सोरेन इस दिन झारखंड के नए सीएम के रूप में शपथ लेंगे। मुख्यमंत्री आवास पर महागठबंधन की बैठक के बाद हेमंत सोरेन ने राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से राजभवन में मिलकर नई सरकार बनाने का दावा पेश किया। उन्होंने राज्यपाल को अपने विधायकों की सूची सौंपी। इसके बाद, राज्यपाल ने हेमंत को सरकार बनाने का न्योता दे दिया। 28 नवंबर को मोरहाबादी मैदान में शपथ ग्रहण समारोह होगा। बताया जा रहा है कि पुराने फार्मूले पर ही मंत्रिमंडल का गठन होगा। पांच विधायकों पर एक को कैबिनेट में जगह मिलेगी। इस प्रकार झामुमो के हिस्से में छह मंत्री पद होंगे तो कांग्रेस के हिस्से में चार मंत्री होंगे, राष्ट्रीय जनता दल से एक मंत्री बनेगा और वामपंथी दल अगर आग्रह करेंगे तो उन्हें भी एक मंत्री पद मिल सकता है। माले के बारे में कहा जा रहा है कि उनकी ओर से ऐसा कोई आग्रह अभी तक नहीं मिला है।

मालूम हो कि झारखंड विधानसभा चुनाव में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन ने अभूतपूर्व दो तिहाई बहुमत प्राप्त किया है। 81 सीटों वाले इस चुनाव में गठबंधन ने 56 सीटें जीतकर दो-तिहाई बहुमत हासिल किया। इस जीत के साथ ही राज्य में भाजपा के विजय रथ को रोक दिया गया। भाजपा को सिर्फ 24 सीटों से संतोष करना पड़ा।

सीएम ने बिहटा में स्टेट डिजास्टर रिस्पांस फोर्स मुख्यालय के निर्माणाधीन भवनों की प्रगति का लिया जायजा

# जनवरी 2025 तक पूरा होगा एसडीआरएफ मुख्यालय का पहला चरण : सीएम





निज संवाददाता | बिहटा (पटना)

मुख्यमंत्री ने रविवार को बिहटा में स्टेट डिजास्टर रिस्पांस फोर्स (एसडीआरएफ) मुख्यालय के निर्माणाधीन भवनों की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान भवन निर्माण विभाग के सचिव श्री कुमार रवि ने साइट प्लान के माध्यम से मुख्यालय के निर्माण की विस्तृत जानकारी दी।

सचिव ने बताया कि एसडीआरएफ मुख्यालय में अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस विभिन्न प्रकार के भवनों का निर्माण किया जा रहा है। इनमें प्रशासनिक भवन, 500 क्षमता का ऑडिटोरियम, 290 प्रशिक्षुओं के लिए प्रशिक्षण केंद्र, 30 जवानों की त्वरित आपदा टीम के लिए भवन, क्वार्टर मास्टर स्टोर, बाढ़ राहत प्रशिक्षण के लिए राष्ट्रीय स्तर का स्विमिंग पूल और 108 अधिकारियों, 150 कर्मचारियों व 330 जवानों के लिए आवासीय सुविधा शामिल है।

योजना को चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जा रहा है। पहले चरण में प्रशासनिक भवन, क्वार्टर मास्टर स्टोर, प्रशिक्षण भवन, त्वरित आपदा टीम भवन, बैरक और अधिकारियों के आवास निर्माण का कार्य लगभग अंतिम चरण में है, जिसे जनवरी 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। शेष भवनों का निर्माण कार्य जून 2025 तक पूरा कर लिया जाएगा।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एसडीआरएफ मुख्यालय के निर्माण से आपदा प्रबंधन और राहत कार्यों में राज्य को मजबूती मिलेगी। उन्होंने बताया कि एनडीआरएफ की तर्ज पर 2010 में एसडीआरएफ का गठन किया गया था। लेकिन, प्रशिक्षण केंद्र की कमी के कारण जवानों को दूसरे राज्यों में प्रशिक्षण के लिए जाना पड़ता था। नए मुख्यालय के निर्माण से यह समस्या दूर होगी, और जवानों को प्रशिक्षण व कार्यों के लिए बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यालय में जवानों और अधिकारियों के आवास, प्रशिक्षण और अन्य कार्यों के लिए विश्वस्तरीय संरचना विकसित की जा रही है। यह आपदा प्रबंधन को और प्रभावी बनाने में सहायक सिद्ध होगा। निरीक्षण के दौरान विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ, भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि, पथ निर्माण विभाग के सचिव संदीप पुदुकलकट्टी, पटना के जिलाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा, एसडीआरएफ के कमांडेंट मो. फरोगुद्दीन सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित रहे।एसडीआरएफ मुख्यालय के निर्माण कार्य से राज्य की आपदा प्रबंधन प्रणाली को नई दिशा मिलेगी। इससे आपदा राहत कार्यों में तेजी और प्रभावशीलता आएगी, और राज्य के जवानों को अत्याधुनिक प्रशिक्षण एवं सुविधाएं मिलेंगी।

## तेजस्वी बोले-2024 में झारखंड जीते हैं, 2025 में बिहार जीतेंगे



**पटना (नि.सं.)।** बिहार की चार सीटों पर हुए उपचुनाव के नतीजे एनडीए के पक्ष में आए। चारों सीटों पर एनडीए की जीत हुई। खास बात ये रही कि राजद सुप्रीमो लालू यादव भी इस बार चुनाव प्रचार में उतरे। लेकिन उनका कोई खास असर नहीं दिखा। 35 साल से बेलागंज में राजद का दबदबा था, वहां से जेडीयू की मनोरमा देवी ने जीत दर्ज की है। इमामगंज, रामगढ़, तरारी में भी महागठबंधन को हार का सामना करना पड़ा। अब हार के बाद तेजस्वी यादव एक्शन में हैं। नेता प्रतिपक्ष ने रविवार को पार्टी नेताओं के साथ बैठक की। इस बैठक में लालू यादव भी मौजूद रहे। तेजस्वी ने मीटिंग में यह दावा किया है कि झारखंड में चुनाव खत्म हुआ है। वहां पर एनडीए को करारी हार मिली है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा-'मुझे पूरा भरोसा है कि 2024 में हम लोगों ने झारखंड जीता है। आने वाले साल 2025 में बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव जीतेंगे। तेजस्वी ने यह भी कहा कि बड़ी पार्टी होने के बावजूद हमने नीतीश कुमार को दो बार सीएम बनाया। आज भाजपा ने उन्हें हाईजैक कर लिया है।

25 नवंबर से चार दिसंबर तक चलेगी भर्ती प्रक्रिया

# आज से बिहार में अग्निवीर रैली शुरू

एजेंसी | नई दिल्ली



बिहार के कटिहार जिले में आज से अग्निवीर भर्ती रैली शुरू होगी। जीडी पद के लिए भर्ती अगले पांच दिनों तक चलेगी। अग्निपथ योजना के अंतर्गत अग्निवीर जीडी सहित अन्य पदों पर भर्ती होनी है जिसे लेकर जरूरी प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है। भर्ती रैली को शांतिपूर्ण संपन्न कराने व विधि व्यवस्था को बनाये रखने के लिए कटिहार जिला प्रशासन की ओर से संयुक्त आदेश जारी किया गया है। जिला के डीएम और एसपी ने आदेश जारी करके शहर में दंडाधिकारी और पुलिस बल की तैनाती की है। कटिहार शहर के महत्वपूर्ण चौक चौराहा पर दंडाधिकारी के साथ पुलिस बल को तैनात किया गया है। बता दें कि सेना भर्ती कार्यालय कटिहार की ओर से अग्निवीर जीडी व अन्य पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू की जा रही है जो पांच दिनों तक चलेगी। 25 नवंबर से चार दिसंबर तक भर्ती प्रक्रिया पूरी की जायेगी। रैली के पहले दिन यानी 25 नवंबर को कटिहार और बांका जिला के अभ्यर्थी इस रैली प्रक्रिया में भाग लेंगे। जानकारी के मुताबिक 26 नवंबर को बेगूसराय, 27 नवंबर को भागलपुर, 28 नवंबर को मधेपुरा, सुपौल, मुंगेर व पूर्णिया, 29 नवंबर को खगड़िया, सहरसा, अररिया व किशनगंज जिला के अभ्यर्थी अग्निवीर जीडी पद के लिए भर्ती रैली में हिस्सा लेंगे। जबकि 30 नवंबर को अग्निवीर ऑफिस असिस्टेंट, एसकेटी व टेक्निकल पद के लिए सभी 12 जिला अररिया, बांका, भागलपुर, बेगूसराय, कटिहार, सहरसा, खगड़िया, मधेपुरा, किशनगंज, सुपौल, पूर्णिया, मुंगेर जिला के अभ्यर्थी शामिल होंगे। इसी तरह एक दिसंबर को अग्निवीर टीडीएन आठ व टीडीएन (10) पद के लिए कटिहार एआरओ अंतर्गत सभी 12 जिला के अभ्यर्थी हिस्सा लेंगे। अग्निवीर भर्ती रैली के आयोजन को लेकर कटिहार जिला प्रशासन ने भी पूरी तैयारी की है। डीएम व एसपी की ओर से संयुक्त आदेश जारी करके कहा गया है कि आगामी 25 नवंबर से 04 दिसंबर तक कुल 12 जिले अररिया, बांका, बेगूसराय, भागलपुर, कटिहार खगड़िया, किशनगंज, मधेपुरा, मुंगेर, पूर्णिया, सहरसा एवं सुपौल के अभ्यर्थी सेना भर्ती रैली में भाग लेने कटिहार पहुंचेंगे। इस आदेश के अनुसार, शहर के कई स्थानों पर विधि-व्यवस्था संधारण के लिये दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी, पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति की गयी है।

## मंत्री श्रवण कुमार ने सहायता सामग्री का किया वितरण

**पटना(नि.सं.)।** बिहार सरकार ग्रामीण विकास विभाग मंत्री श्रवण कुमार ने रविवार को बिहारशरीफ प्रखंड कार्यालय में एक महत्वपूर्ण वितरण समारोह की अध्यक्षता की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना, मुख्यमंत्री परिवार लाभ योजना और सबल योजना के अंतर्गत विभिन्न लाभार्थियों को सहायता सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम में कुल 13 लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त हुआ। इनमें दो परिवारों को मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत सहायता दी गई। जिनमें लाखो देवी (उपरौरा, मुरौरा) और धर्मशिला देवी (बियावानी) शामिल हैं।


जय जवान! जय किसान ! जय सहकारिता !!!

बरियावाँ पैक्स से **अध्यक्ष पद** हेतु किसानों के हमदर्द, किसानों के हक की लड़ाई के लिए सदैव तत्पर युवा उम्मीदवार

**सौरव कुमार सिंह**



सौरव कुमार सिंह
मो. 9102355900

का चुनाव चिन्ह



क्र.सं. 02

ब्लैक बोर्ड छाप

पर मुहर लगाकर भारी से भारी मतों से विजयी बनायें।

निवेदक -बरियावाँ पैक्स के समस्त मतदातागण

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### महाराष्ट्र में हुई शानदार जीत पर उड़ाए गुलाल

**फतेहपुर**। महाराष्ट्र विधानसभा, यूपी और बिहार में उपचुनाव में जीत पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में जश्न का माहौल है। एनडीए के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। वहीं जदयू और भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को रंग-अबीर लगाकर बधाई दी। पूर्व विधायक श्यामदेव पासवान, भाजपा अध्यक्ष संजय सिंह, पूर्व अध्यक्ष कृष्णा सिंह, युवा अध्यक्ष शशिकांत कुमार, जदयू अध्यक्ष रणविजय कुमार, पूर्व अध्यक्ष पप्पू मालाकार, अरविंद साव, हम के राष्ट्रीय सचिव व प्रवक्ता नंदलाल मांझी, जिलाध्यक्ष नारायण मांझी, प्रखंड अध्यक्ष विकाश मांझी आदि सहित एनडीए के कार्यकर्ताओं ने पीएम मोदी, सीएम नीतीश कुमार और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी को एनडीए की जीत पर बधाई दी।

### मेरे पास खोने के लिए कुछ भी नहीं पहली बार लड़ा चुनाव : विश्वनाथ

**गया**। मेरे पास खोने के लिए कुछ नहीं...। पहली बार चुनाव लड़ा हूं...। जनता ने जो जनादेश दिया, उसे भी स्वीकार करता हूं। इस हार-जीत का कार्यकर्ताओं के साथ बैठ कर मंथन करेंगे, फिर डिसीजन लगें। ये बातें शनिवार को राष्ट्रीय जनता दल के बेलागंज विधानसभा के प्रत्याशी डॉ. विश्वनाथ कुमार सिंह ने कहीं। उन्होंने बताया कि चुनाव में सिर्फ युवा ही नहीं बल्कि हर वोटर से अपेक्षा होती है। हमारे साथ काफी संख्या में युवा है। कुछ युवा मिसगाइड हुए है, जो मिसगाइड हुए है वे फिर वापस साथ होंगे। जन सुराज के इंट्री के सवाल के जवाब में श्री सिंह ने कहा कि किसी के आने से नुकसान व फायदा को आप नहीं जोड़ सकते। बेलागंज विधानसभा सीट से 14 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे थे। इन 14 प्रत्याशी में किसी को एक वोट मिला होगा, यह उसका वोट नहीं, जनता का वोट है। हमें भी जनता ने जो दिया उसे स्वीकार करते हैं।

### नेताओं ने एनडीए की जीत पर जताई खुशी

**टिकारी**। बिहार विधानसभा के उप निर्वाचन में सभी चार सीट पर एनडीए की जीत होने पर भाजपा नेताओं ने मिठाइयां बांटी। नगर भाजपा मंडल के नेताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिला बधाई भी दी। नगर मण्डल अध्यक्ष पुष्पा चौरसिया ने नवनिर्वाचित विधायकों को बधाई दी व कहा कि राज्य व केन्द्र में एनडीए की सरकार का जलवा है जो सूबे की चार सीट पर अपना कब्जा जमाया। नगर महामंत्री प्रभाष आनंद ने कहा कि पार्टी को विधानसभा में चार और सदस्य मिले। खुशी जताने वाले में भाजपा के अनिरुद्ध शर्मा, रणजीत गणेश कुमार, सिद्धनाथ वर्मा, दीपक आदि उपस्थित थे।

### वारिसलीगंज में दो पैक्सों में निर्विरोध निर्वाचन संभव

**राजगीर**। वारिसलीगंज वारिसलीगंज प्रखंड के दो पैक्स में अध्यक्ष के पद पर निर्विरोध निर्वाचन होना तय हो गया है। मंजौर पैक्स में एक मात्र नामांकन निर्वतमान पैक्स अध्यक्ष रवि रंजन कुमार ने करवाया था। जबकि बाघी बरडीहा पैक्स से निर्वतमान अध्यक्ष शीतल प्रसाद समेत कुल 03 लोगो ने नामांकन करवाया था। जिसमें नाम वापसी की तिथि को शीतल प्रसाद को छोड़ दो प्रत्याशियों ने अपनी उम्मीदवारी वापस ले लिया है। वही मकनपुर पैक्स का चुनाव कतिपय कारणों से फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। 15 पैक्सओ में चुनाव होना था। लेकिन मंजौर एवं बाघी बरडीहा पैक्स में अध्यक्ष का पद निर्विरोध होना तय है। जिस कारण अब सिर्फ 01 दिसंबर को प्रखंड 13 पैक्स में ही अध्यक्ष का चुनाव होगी। राजगीर | पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में शनिवार को स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जनरल फिजिशियन डा. शिशुपाल कुमार, डा. ज्योति प्रकाश, कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर रूपा कुमारी अन्य कर्मियों के साथ शामिल हुए।

### गैंगरेप कर किशोरी को जहर पिलाने का आरोपित गिरफ्तार

**बिहारशरीफ**। रहुई थाना पुलिस ने गैंगरेप कर नाबालिग को जहर पिलाने के मुख्य आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया आरोपित मंदिलपुर गांव निवासी शिशुपाल कुमार है। पूर्व में एक आरोपित राहुल रविदास पकड़ा गया था। 20 नवंबर को 13 साल की किशोरी घर में अकेली थी। उसी दौरान शिशुपाल और राहुल ने घर में घुसकर सामूहिक दुर्ष्कम के बाद बच्ची को जहर पिला दिया दिया था। बाजार से मां घर लौटी तो घटना का पता चला। इधर, सदर अस्पताल में इलाजरत पीड़िता को शनिवार को बेहतर इलाज के लिए विम्स रेफर कर दिया गया। थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना पर मुख्य आरोपित को पकड़ा गया। पूर्व में एक आरोपित धराया था। पीड़िता के घर के पास मुख्य आरोपित मुर्गी फार्म चलाता है।

### महिला की मौत के बाद लगा दहेज हत्या का आरोप

**एकंगरसराय**। बड़की धावा में शुक्रवार की रात संदिग्ध हालत में महिला की मौत हो गई। मायके के परिजन दहेज के लिए गला दबाकर हत्या के बाद शव को फंदे से लटकाने का आरोप लगा रहे हैं। मृतका मोहित पासवान की 20 वर्षीया पत्नी नीतू कुमारी एक बच्चे की मां थीं। थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार झा ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट हो जाएगा।

### ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**चंडी**। थाना क्षेत्र के बढ़ौना हॉल्ट के पास शुक्रवार की शाम ट्रेन से कटकर दिव्यांग युवक की मौत हो गई। मृतक थरथरी थाना क्षेत्र के सलेमपुर निवासी अंबिका पसवान के 25 वर्षीय पुत्र चंदन कुमार थे। परिवार ने बताया कि युवक फतुहा से लौट रहा था। उसी दौरान ट्रेन से उतरने के दौरान संतुलन बिगड़ने से वह गिर गया और ट्रेन से कटकर उसकी मौत हो गई। शनिवार की सुबह पटरी पर शव मिला तब घटना का खुलासा हुआ। थानाध्यक्ष ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिवार के हवाले कर दिया गया।

### दुर्घटना में जख्मी युवक की मौत

**हिलसा**। थाना क्षेत्र के भट्ट बिगहा गांव के पास गुरुवार की सुबह सड़क दुर्घटना में जख्मी हुए युवक की इलाज के दौरान शनिवार को मौत हो गई। मृतक मल बिगहा निवासी स्व. रमेश प्रसाद का 35 वर्षीय पुत्र नरेश प्रसाद थे। परिवार ने बताया कि युवक परवलपुर के पिलीछ मनसा मेला में गया था।

### भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी करेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन, नालंदा में 10 डॉक्टर देंगे सेवा, मुफ्त में होगी जांच

**नालंदा**। जिला पदाधिकारी नालंदा के विशेष निर्देश पर भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी आज एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन करने जा रही है। यह शिविर स्थानीय नागरिकों को उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। शिविर में दस से अधिक विशेषज्ञ चिकित्सक सेवाएं प्रदान करेंगे, जिनमें बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. श्याम बिहारी, तीन वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. उमेश कुमार सिंह, डॉ. इंद्रजीत कुमार और डॉ. अखिलेश कुमार शामिल हैं। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. देवेंद्र प्रसाद और हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक भी उपस्थित रहेंगे। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव राजेश कुमार ने बताया, "यह शिविर रविवार, 24 नवंबर को सुबह 7:30 से 9 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इस दौरान मधुमेह की जांच भी निःशुल्क की जाएगी।" उन्होंने आगे कहा कि शिविर में सर्जन डॉ. बालमुकुंद प्रसाद, दंत चिकित्सक डॉ. उदय देव रंजन, और फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. मोहम्मद शहजाद आलम जैसे अनुभवी डॉक्टर भी उपलब्ध रहेंगे। विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि यह शिविर साप्ताहिक आयोजन का हिस्सा है, जो स्थानीय लोगों को नियमित स्वास्थ्य जांच की सुविधा प्रदान करता है। रेड क्रॉस सोसाइटी ने सभी नागरिकों से इस अवसर का फायदा उठाने का आग्रह किया है।




मंत्री श्रवण कुमार ने सहायता सामग्री का वितरण किया

# कहा- 2025 में विपक्ष का होगा सफाया, 13 लाभार्थियों को मिला लाभ

निज संवाददाता। नालंदा



बिहार सरकार ग्रामीण विकास विभाग मंत्री श्रवण कुमार ने रविवार को बिहारशरीफ प्रखंड कार्यालय में एक महत्वपूर्ण वितरण समारोह की अध्यक्षता की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना, मुख्यमंत्री परिवार लाभ योजना और सबल योजना के अंतर्गत विभिन्न लाभार्थियों को सहायता सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम में कुल 13 लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त हुआ। इनमें दो परिवारों को मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत सहायता दी गई। जिनमें लाखो देवी (उपरौरा, मुरौरा) और धर्मशिला देवी (बियावानी) शामिल हैं। मुख्यमंत्री परिवार लाभ योजना के अंतर्गत नरेश पंडित और बिन्दु कुमार को लाभान्वित किया गया। विशेष रूप से कार्यक्रम में बैट्री चलित ट्राईसाइकिल का वितरण भी किया गया, जिसके लाभार्थियों में मो. राजू और बिन्नी कुमारी शामिल थे। इसके अतिरिक्त, छह लोगों को ट्राईसाइकिल और दो व्यक्तियों को व्हील चेयर प्रदान की गई।

**सरकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए कार्यक्रम आयोजित:** मंत्री ने बताया कि यह वितरण कार्यक्रम सरकार की जन-कल्याणकारी नीतियों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। जिसका उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों को सशक्त बनाना और उनके जीवन स्तर में सुधार लाना है। आगे भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे और अधिक पात्र लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। वहीं, महाराष्ट्र और झारखंड में हुए विधानसभा चुनाव और बिहार में हुए उपचुनाव पर मंत्री ने कहा कि बिहार में हुए उपचुनाव में एनडीए ने चार की चार सीटे जीती है। 2025 में होने वाले विधानसभा चुनाव में विपक्ष कहीं पर दिखाई नहीं पड़ेगा। उनकी पूरी तरह से सफाया हो जाएगा। जो लोग दम भरते हैं उनका दम 2025 में निकल जाएगा। जब जब विपक्षी पार्टी चुनाव हारती है तो ईवीएम को दोष देती है। लेकिन झारखंड में भी चुनाव हुआ है वहां पर उन्हें जीत मिली है तब वैसी परिस्थिति में ईवीएम पर वे लोग कुछ नहीं बोलेंगे। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी मनीष कुमार, अंचलाधिकारी प्रभात रंजन, जदयू बिहारशरीफ अध्यक्ष गुलरेज अंसारी, जदयू प्रवक्ता डॉ धनंजय कुमार देव, प्रखंड अध्यक्ष संजय कुशवाहा, शशिभूषण प्रसाद, प्रदीप मुखिया, नवीन राउत, राजू साव, नीतीश पाण्डेय, युगल किशोर मुखिया, धर्मवीर प्रसाद, मुन्ना पासवान, उपेन्द्र दिलवाला, धनंजय मुखिया, सकलदीप प्रसाद, जीतन चौहान, संजय प्र कुशवाहा, आकाश कु काजल, अविनाश कुमार, बिट्टू कुशवाहा, किशोर प्रसाद आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गया पुलिस का बड़ा ऑपरेशन, टॉप-10 अपराधी अजय गिरफ्तार



कई मामलों में था आरोपी

निज संवाददाता। गया

गया जिला पुलिस ने अपराध नियंत्रण के लिए जारी टॉप-10/20 अपराधियों के खिलाफ अभियान में बड़ी कार्रवाई की है। विष्णुपद थाना क्षेत्र के खटकाचक के रहने वाले कुख्यात अपराधी अजय कुमार उर्फ अंजय उर्फ बॉबी को पुलिस ने विशेष छापेमारी अभियान में धर दबोचा। इस बात की जानकारी SDPO सौरभ जायसवाल ने दी। उन्होंने बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित टीम ने तकनीकी और परंपरागत तरीकों से सूचना जुटाई गई। सूचना मिली कि अजय बाइपास 5 नंबर गेट के पास मौजूद है। पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए इलाके की घेराबंदी की। खुद को घिरता देख अजय भागने की कोशिश करने लगा। लेकिन पुलिस ने उसे सशस्त्र बल की मदद से गिरफ्तार कर लिया। SDPO ने बताया कि अजय उर्फ बॉबी कई मामलों में फरार चल रहा था। 25 जून 2023 को उसने शेखबारा मोड़ पर 2 अन्य साथियों के साथ एक व्यक्ति से अपाचे मोटरसाइकिल लूटी थी। मामले में पहले ही 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर मोटरसाइकिल बरामद की जा चुकी है। अजय इस घटना का मास्टरमाइंड था। इसके अलावा, अजय पर विष्णुपद थाने में दर्ज कई अन्य गंभीर मामलों का आरोपी है, जिनमें हत्या, लूट और आर्म्स एक्ट के तहत कई केस शामिल हैं। गया पुलिस ने इसे बड़ी कामयाबी बताते हुए कहा कि ऐसे अपराधियों की गिरफ्तारी से जिले में अपराध पर लगाम लगेगी। अभियान जारी रहेगा और बाकी अपराधियों को भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

## माय भारत प्लेटफार्म पर युवाओं के लिए डिजिटल क्वीज प्रतियोगिता का होगा आयोजन

निज संवाददाता। गया

माय भारत प्लेटफार्म पर युवाओं के लिए डिजिटल क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन होगा।विकसित भारत युवा संवाद कार्यक्रम में भाग लेकर प्रधानमंत्री मोदी से सीधा संवाद करने का अवसर मिलेगा। जानकारी देते हुए नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी हेमंत कुमार मथुरिया, ने उक्त कार्यक्रम पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डालते हुए बताया कि इस बार राष्ट्रीय युवा उत्सव में विभिन्न माध्यमों से युवाओं की सहभागिता होगी ।

यह मंच युवा भारतीयों को विकसित भारत की भविष्य योजना पूरा करने की दिशा में अपने विचार और दृष्टिकोण प्रस्तुत करने में सहायक होगा। उक्त कार्यक्रम के अन्तर्गत माय भारत प्लेटफार्म पर युवाओं के लिए डिजिटल क्वीज प्रतियोगिता दिनांक 25 नवंबर से 5 दिसंबर तक आयोजित हो रहा है। उक्त प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभागियों के लिए सबसे प्रमुख आकर्षण प्रधानमंत्री से सीधे बातचीत करने और भारत का भविष्य गढ़ने में अपने विचार शामिल करने का अवसर होगा। इससे राजनीति और नागरिक जीवन में युवाओं की भागीदारी बढ़ेगी।

युवा उत्सव का प्रथम चरण का कार्यक्रम राज्य सरकार द्वारा समस्त जिलों में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया है तथा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जा रहा है तथा दुसरा चरण में उपरोक्त कार्यक्रम को शामिल किया गया है। जिले के 15-29 आयु के सभी युवा इस प्रतियोगिता में पर भाग ले सकते है

# नाबालिग के साथ रेप का दूसरा आरोपी गिरफ्तार, घर में अकेली बच्ची के साथ हुआ था गैंग रेप

निज संवाददाता। नालंदा



4 दिन पहले हुई थी घटना

नालंदा के रहुई थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की के साथ हुए गैंगरेप के मामले में पुलिस ने दूसरे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। रहुई पुलिस के अनुसार, पीड़िता एक निजी क्लिनिक में कीटनाशक दवा खाने के बाद इलाजरत थी। घटना 20 नवंबर को सामने आई थी। जब पीड़िता के परिजनों ने रहुई थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के अनुसार, दो युवकों ने नाबालिग को घर में अकेला पाकर जबरदस्ती दुराचार किया, जिसके बाद पीड़िता ने कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया।

**फोरेंसिक टीम की मदद से जुटाए गए थे सबूत:** रहुई थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्रवाई करते हुए फोरेंसिक टीम की मदद से सबूत जुटाए गए। पीड़िता के बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर दो नामजद अभियुक्तों में से एक शिशुपाल कुमार (25 ) को गिरफ्तार कर लिया गया है। वह मंदिलपुर, थाना रहुई का निवासी है। इससे पहले, दूसरे आरोपी राहुल कुमार उर्फ जितेन्द्र कुमार को भी गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है। वह बसनियामां, थाना गोकुलपुर का रहने वाला है। डीएसपी संजय कुमार जायसवाल ने बताया कि इस मामले में कड़ी कार्रवाई की जा रही है और अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाएगी।

उन्होंने कहा कि महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। हालांकि, इस मामले में पीड़िता के परिजन का कहना है कि आरोपियों ने ही किशोरी को कीटनाशक दवा दुराचार करने के बाद पिला दिया था।

## लोडेड पिस्टल के साथ एक बदमाश अरेस्ट, गया में 7 जिंदा कारतूस-एक स्मार्टफोन बरामद

निज संवाददाता। गया



गया पुलिस ने एक बार फिर अपनी सक्रियता का परिचय देते हुए बड़ी घटना को टाल दिया। अवैध हथियार के साथ बड़ी वारदात की तैयारी कर रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी से एक पिस्टल, सात जिंदा कारतूस, मोबाइल फोन व बाइक बरामद की है। इस बात की जानकारी एसडीपीओ सुशील कुमार चंचल ने दी। एसडीपीओ ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर अलीपुर थाना पुलिस को खबर मिली कि एक व्यक्ति टिकारी से खुटवर की ओर हथियार के साथ बड़ी घटना को अंजाम देने जा रहा है। सूचना मिलते ही वरीय अधिकारियों के निर्देश पर अलीपुर थानाध्यक्ष के नेतृत्व में टीम ने डिहुरा बाजार पर वाहन चेकिंग शुरू की। वाहनों की चेकिंग के दौरान बाइक पर सवार एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस ने सशस्त्र बल के सहयोग से उसे पकड़ लिया। आरोपी की पहचान जितेंद्र कुमार (पिता अवधेश यादव, निवासी खुटवर, थाना अलीपुर) के रूप में हुई।

**जेब से एक लोडेड पिस्टल बरामद:** तलाशी के दौरान जितेंद्र के जैकेट की जेब से एक लोडेड पिस्टल, सात जिंदा कारतूस और एक स्मार्टफोन बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी हथियार के संबंध में संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। एसडीपीओ ने बताया कि आरोपी के खिलाफ अलीपुर थाना में कांड संख्या 186/24 के तहत आर्म्स एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। अन्य सहयोगियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। जितेंद्र कुमार का नाम पहले भी अलीपुर थाना कांड संख्या-63/15 में दर्ज है, जिसमें आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। आरोपी के पास से एक पिस्टल, 7 जिंदा कारतूस, मोबाइल फोन 1 और एक बाइक बरामद की गई है।

## पुलिस कस्टडी से फरार आरोपी 24 घंटे के अंदर अरेस्ट, नालंदा में चोरी-छिनतई के मामले है दर्ज

निज संवाददाता। नालंदा

अस्पताल से भागा था बदमाश



नालंदा में एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए पुलिस ने अस्पताल से फरार हुए अपराधी को मात्र 24 घंटों के अंदर गिरफ्तार कर लिया। यह गिरफ्तारी नूरसराय थाना क्षेत्र के अंधना मोड़ के पास से की गई। जानकारी के अनुसार, आरोपी अमित कुमार उर्फ रविशंकर कुमार, थरवरी थाना क्षेत्र का निवासी है। 22 नवंबर को सदर अस्पताल बिहारशरीफ से उत्पाद पुलिस की हिरासत से फरार हो गया था। आरोपी पर बिहार उत्पाद और मद्य निषेध अधिनियम की धारा 30(ए) के तहत मामला दर्ज था।

**सभी थानों को किया था सतर्क:** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले के सभी थानों को सतर्क कर दिया गया था। नूरसराय पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को धर-दबोचा।

सदर डीएसपी -2 संजय कुमार जायसवाल ने बताया कि, आरोपी के खिलाफ नालंदा के विभिन्न थानों में लूट, छिनतई, चोरी और शराब तस्करी से जुड़े पांच गंभीर मामले दर्ज हैं।

छापेमारी दल में नूरसराय थानाध्यक्ष रजनीश कुमार के नेतृत्व में अपर थानाध्यक्ष राजेश कुमार ठाकुर और पुलिस उप-निरीक्षक रमेश पासवान की टीम शामिल थी। डीएसपी ने बताया कि आरोपी को विधिक कार्रवाई के लिए उत्पाद थाना बिहारशरीफ को सुपुर्द कर दिया गया है। दरअसल, उत्पाद विभाग की पुलिस जब मेडिकल कराने सदर अस्पताल शराब कारोबारी को लेकर पहुंची थी, तभी मौके का फायदा उठाकर आरोपी हथकड़ी सरका कर मौके से फरार हो गया था। 4 आरोपियों को लेकर उत्पाद विभाग से 1 महिला कॉन्स्टेबल व 1 पुरूष कॉन्स्टेबल अस्पताल पहुंचे थे।

# CUSB ने बिहार से कर्नाटक तक के संस्कृति को संभाला

निज संवाददाता। गया

एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत सीयूएसबी (सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ बिहार) ने बिहार से कर्नाटक तक सांस्कृतिक और प्रौद्योगिकी संगम का नेतृत्व संभाला है। विश्वविद्यालय ने युवा संगम के पांचवें चरण का आयोजन कर 34 जिलों के 50 युवाओं को कर्नाटक भेजने की तैयारी पूरी कर ली है। कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने इसे एक ऐतिहासिक पहल बताते हुए कहा, यह केवल यात्रा नहीं, बल्कि युवाओं के लिए अपनी संस्कृति, परंपरा और प्रौद्योगिकी का अनूठा अनुभव है। पांच दिनों की इस यात्रा में प्रतिभागी पर्यटन, परंपरा, प्रगति, परस्पर संपर्क और प्रौद्योगिकी के विभिन्न पहलुओं को करीब से समझेंगे।

**बिहार और कर्नाटक का अनूठा रिश्ता:** शिक्षा मंत्रालय की पहल पर सीयूएसबी को बिहार का नोडल एजेंसी बनाया गया है, जो आईआईटी धारवाड़ के साथ इस कार्यक्रम का आयोजन करेगा। 22 लड़कियों और 24 लड़कों का चयन किया गया है। ये सभी युवा 24 नवंबर को कर्नाटक के लिए रवाना होंगे। वहां वे कर्नाटक की संस्कृति और परंपराओं का अनुभव करेंगे। दिसंबर में जब कर्नाटक का प्रतिनिधिमंडल बिहार आएगा, तो उन्हें राजगीर, नालंदा, बोधगया और पटना का भ्रमण कराया जाएगा। साथ ही राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर से मिलने और विभिन्न सम्मान समारोह में भाग लेने का भी कार्यक्रम है।

**सांस्कृतिक आदान-प्रदान का उद्देश्य:** युवा संगम का मुख्य उद्देश्य देश के विभिन्न राज्यों के युवाओं को आपस में जोड़ना और उनके बीच संवाद को बढ़ावा देना है। इस पहल से भाषा, संस्कृति, संगीत, पर्यटन और परंपराओं के आदान-प्रदान का अवसर मिलेगा। प्रो. सिंह ने कहा, यह केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि युवाओं को राष्ट्र के साथ जोड़ने की पहल है। वे देश की विविधता को नजदीक से जानेंगे।

**बिहार का उत्साह और नेतृत्व:** कार्यक्रम के नोडल ऑफिसर प्रो. पवन कुमार मिश्रा ने बताया कि बिहार ने पूरे देश में तीसरे सबसे अधिक रजिस्ट्रेशन किए। तीन हजार से अधिक आवेदनों में पारदर्शी प्रक्रिया से 50 युवाओं को चुना गया। उन्होंने कहा, यह कार्यक्रम युवाओं को देश की विविधता को समझने और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने का मौका देगा।



♦ सीयूएसबी ने प्रौद्योगिकी संगम का नेतृत्व संभाला, युवाओं को मिलेगा बहुआयामी अनुभव

**समारोह और भविष्य की योजनाएं:** कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए सीयूएसबी ने एक विशेष समिति बनाई है। दिसंबर में बिहार में होने वाले कार्यक्रम में केंद्रीय और राज्य सरकार के मंत्री, गया के डीएम और अन्य गणमान्य शामिल होंगे।

**संस्कृति से प्रौद्योगिकी तक:** कर्नाटक में युवाओं को स्थानीय संस्कृति, परंपराएं और तकनीकी प्रगति का अनुभव मिलेगा। बिहार और कर्नाटक के बीच यह सांस्कृतिक पुल दोनों राज्यों के लिए एक नई शुरुआत है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### सोमवार को विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**विक्रमगंज (रोहतास) (नि.सं.)।** नारायणपुर ग्रिड में 33 के.वी. मेन बसबार मरम्मति का कार्य करने के कारण ग्रिड से निकलने वाले सभी फीडर यथा- बिक्रमगंज, सूर्यपूरा, नटवार, संझौली, दावथ, नोनहर, कोआथ, काराकाट की विद्युत आपूर्ति 25 नवम्बर को 13 बजे से 15 बजे तक बन्द रहेगी। सहायक कार्यपालक अभियंता उपेंद्र सिंह ने बताया की उक्त अवधि मे ग्रिड द्वारा मरम्मती का कार्य किया जायेगा। सहायक विद्युत अभियंता, विद्युत आपूर्ति अवर प्रमण्डल बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा उपभोक्ताओ से आग्रह किया गया है कि विद्युत आपूर्ति बंद होने से पहले ही बिजली संबंधित अपना जरूरी काम निपटा लेंगे।

### सौर ऊर्जा से किसानों को सस्ती बिजली

**विक्रमगंज (सासाराम) (नि.सं.)।** ऊर्जा विभाग खेतों की सिंचाई के लिए सौर ऊर्जा से बिजली पैदा करेगा। यह बिजली किसानों के लिए सुगम और सस्ता होगी। इसे लेकर ऊर्जा विभाग सूबे के 1136 पावर सब स्टेशन को सौर ऊर्जा में परिवर्तित करेगा। इनके अधीन 3681 फीडरों में सोलर प्लांट लगेगा। ऊर्जा विभाग इसकी जिम्मेदारी बिहार स्टेट पावर जेनरेशन कंपनी को सौंपी है। सहायक विद्युत अभियंता, बिक्रमगंज राज कुमार ने बताया कि कंपनी जल्द कृषि पीएसएस और फीडरों को सोलर प्लांट में परिवर्तित करने का काम शुरू करेगी। ऊर्जा विभाग कृषि कार्य के लिए निजी तौर पर बिजली उत्पादन को लेकर सोलर प्लांट लगाने वालों की भी मदद करेगा। चार एकड़ जमीन पर एक मेगावाट का सोलर प्लांट स्थापित हो सकेगा। किसान इसे लीज या खुद की जमीन पर लगा सकते हैं। मालूम हो कि सिंचाई के लिए ऊर्जा विभाग पहले से ही किसानों को कम कीमत पर बिजली उपलब्ध करा रहा है अब सौर ऊर्जा से उन्हें और कम कीमत पर बिजली मिल सकेगी। ऊर्जा विभाग ने बिहार स्टेट पावर जेनरेशन कंपनी को एक मेगावाट क्षमता का प्लांट 12 महीने के अंदर लगाने का निर्देश दिया है। सोलर प्लांट किसान के अलावा कृषि से संबंधित किसान समूह, सहकारिता, पंचायत, किसान उत्पादक संगठन, जल उपभोक्ता संघ, स्वयं सेवा सहायता संघ भी लगाकर सिंचाई के लिए बिजली बेच सकते हैं। इसके लिए विभाग प्रति यूनिट राशि तय करेगा। सूबे में कृषि उपभोक्ताओं को अनुदान के बाद 0.55 पैसे प्रति यूनिट बिजली दर देनी होती है। वहीं, ग्रामीण घरेलू उपभोक्ताओं को 2.45 रुपये प्रति यूनिट बिजली देनी होती है। बिहार विद्युत विनियामक आयोग ने खेती के लिए 6.19 रुपये यूनिट दर की मंजूरी दी थी। हालांकि, सरकार ने किसानों के लिए अनुदान दिया, जिससे उन्हें 55 पैसे प्रति यूनिट ही बिजली मिल रही है। सौर ऊर्जा स्थापित करने से बिजली दर और कम होने की संभावना है।

### नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को पटना से गिरफ्तार

**डेहरी आन सोन (रोहतास) (नि.सं.)।** डालमियानगर थाना क्षेत्र के निवासी ने एक 15 वर्षीय नाबालिग लड़की से एक व्यक्ति ने दुष्कर्म किया था। पुलिस ने पटना से दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया। इस संबंध मे लड़की के परिजन ने थाना मे प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार चौधरी चौक निवासी मुहल्ला हरिजन कालोनी के निवासी स्वर्गीय भोला सिंह चंद्रवंशी के पुत्र रंजित कुमार पूर्व मे विधायक का गाडी चलाता था। दो माह पूर्व गाडी छोड़ दिया था। पुलिस ने मोबाइल लोकेशन के अधार पर पटना से आरोपी रंजित कुमार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने नाबालिग लड़की को मेडिकल जांच करा कर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी को रविवार को न्यायालय भेज दिया गया है।

### 115 लीटर देसी महुआ शराब बरामद

**डेहरी ऑन सोन (रोहतास) (नि.सं.)।** इंद्रपुरी पुलिस ने शनिवार की अहले सुबह थाना क्षेत्र से सटे हुए पश्चिम दक्षिण नई नहर के समीप से 115 लीटर देसी महुआ शराब को बरामद किया गया थाना अध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि बाबुल की झड़ी में छुपा कर रख दो प्लास्टिक के बोरे में छुपकर करीब 115 लिटर देशी महुआ शराब को बरामद किया गया। अज्ञात धंधेबाज के खिलाफ मामला दर्ज कर अग्रीम कार्रवाई किया जा रहा है।

# 494813 मतदाता होंगे शामिल, पैक्स चुनाव को लेकर डीएम एसपी ने की प्रेस वार्ता

निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)




प्राथमिक कृषि साख समिति (पैक्स) चुनाव 2024 के तिथियों की घोषणा होने के बाद जिले के सभी संबंधित पदाधिकारियों द्वारा चुनाव को लेकर सारी तैयारियां लगभग पूरी की जा चुकी हैं। हालांकि बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार द्वारा पैक्स चुनाव 2024 से संबंधित सभी आवश्यक तिथियों का प्रकाशन पूर्व में हीं किया जा चुका है और इसी संदर्भ में रविवार को जिला समाहरणालय स्थित डीआरडीए सभागार कक्ष में प्रभारी डीएम चंद्रशेखर प्रसाद सिंह एवं पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार की अध्यक्षता में एक प्रेस वार्ता की गई। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए प्रभारी डीएम ने कहा कि पैक्स चुनाव की महत्ता को देखते हुए चुनाव को शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने हेतु प्रशासनिक स्तर पर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिले के सभी पैक्सो में नामांकन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है जबकि कुल 09 पैक्सों में पैक्स अध्यक्ष निर्विरोध चुने जा चुके हैं। जहां मतदान प्रक्रिया नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिले की तीन पैक्सों में अन्य कारणों से मतदान को स्थगित भी कर दिया गया है, जिसमें शिवसागर प्रखंड के उल्हों पैक्स एवं दावथ प्रखंड के गिधा व बभनौल पैक्स शामिल है। जिले के सभी पैक्सों के लिए पांच चरण में होने वाले चुनाव को लेकर कुल 806 मतदान केंद्र बनाए गए हैं और प्रत्येक प्रखंड के लिए पर्यवेक्षकों के साथ-साथ विभिन्न कोषांगों का गठन किया गया है। विगत चुनाव के आधार पर इस बार अन्य कारणों की वजह से जिले के कुछ मतदान केंद्रों में बदलाव भी किया गया है और पैक्स चुनाव में इस बार 494813 मतदाता शामिल होंगे। डीएम ने कहा कि चुनाव के संबंध में समय पर प्राप्त हुए त्रुटियों, सुझावों एवं शिकायतों का निपटारा कर लिया गया है तथा सभी मतदान केंद्र के लिए पीठासीन पदाधिकारी एवं मतदान पदाधिकारी की नियुक्ति हो चुकी है। पैक्स चुनाव के प्रथम चरण का मतदान 26 नवंबर, द्वितीय चरण का चुनाव 27 नवंबर, तृतीय चरण का चुनाव 29 नवंबर, चतुर्थ चरण का चुनाव 01 दिसंबर एवं पंचम व अंतिम चरण का चुनाव 03 दिसंबर को होना सुनिश्चित किया गया है। निर्वाची पदाधिकारी यथासंभव मतदान समाप्ति पश्चात मतों की गणना करवा सकते हैं अथवा दूसरे दिन मतों की गिनती होगी। मतदान संपन्न कराने के पश्चात मतगणना की प्रक्रिया पूरी करते हुए आगामी 05 दिसंबर को पूरे निर्वाचन प्रक्रिया की समाप्ति हो जाएगी। दूसरी ओर प्रेस वार्ता में पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार ने कहा कि जिले में पैक्स चुनाव को शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से कटिबद्ध है। पांच चरणों में होने वाले चुनाव को देखते हुए आवश्यकतानुसार मतदान केन्द्रों व विभिन्न जगहों पर प्रर्याप्त पुलिस बल की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी तथा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पुलिस गश्ती को भी तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले में पैक्स चुनाव को निष्पक्ष एवं भय मुक्त वातावरण में संपन्न कराने हेतु जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है तथा मतदान केंद्रों पर गड़बड़ी फैलाने वाले लोगों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि ठंड के मौसम में भी पैक्स की चुनावी सरगर्मी नित्यदिन गर्म होते जा रही हैं। चुनाव लड़ने वाले सभी अभ्यर्थी अपना अपना समीकरण बिठाने में जी जान लगा चुके हैं। वहीं चुनाव को भय मुक्त, निष्पक्ष तथा पारदर्शी प्रक्रिया के तहत मतदान संपन्न कराने हेतु प्रशासन कृत संकल्पित है।

# अपराधियों ने की महिला की ईंट से कूच-कूचकर हत्या



निज संवाददाता | मुंगेर

मुंगेर में बरियारपुर थाना क्षेत्र के महदेवा हटिया के पीछे ईट भट्ठा के समीप ईंट से कुच कुच कर एक 40 वर्षीय महिला की अपराधियों ने निर्मम हत्या कर दी। महिला की पहचान पंचमुखी गली पडिया धोबियाही टोला निवासी शंकर रजक की 40 वर्षीय पत्नी उमा देवी के रूप मे की गई है। घटना के संबंध मे प्राप्त जानकारी के अनुसार ईट भट्ठा के समीप कुछ ग्रामीणों की नजर मृत पड़ी महिला पर पड़ी जो कि महिला अर्द्धनग्न अवस्था मे पड़ी थी। महिला के सर को ईट से बुरी तरह से कुच कर चेहरे को पुरी तरह से छत विक्षत कर दिया। ताकि महिला की पहचान नही हो सके। इसकी सूचना ग्रामीणों के द्वारा पुलिस को दी गई। जिसके बाद पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन प्रारंभ कर दी। पुलिस द्वारा डॉग स्क्वाड फोरेंसिक टीम बुलाया गया जो घटनास्थल से साक्ष्य एकत्रित कर अपने साथ ले गई। अर्द्धनग्न अवस्था में पड़ी महिला के साथ अपराधियों के द्वारा जबरदस्ती किए जाने की भी आशंका व्यक्त की जा रही है। महिला दुसरो के घर काम कर घर चलाती थी। पति ट्रेन में बादाम बेचता है। जिस कारण घर की आर्थिक स्थिति काफी कमजोर है। मृतका के पति ने बताया कि अहले सुबह तीन बजे वह घर से दुसरो के घर में काम करने को निकली थी और वह उसके बाद बादाम बेचने ट्रेन पर चला गया। उसे ट्रेन पर ही सूचना मिली कि उसकी पत्नी की हत्या हो चुकी है। हत्या की पीछे के कारणों का कोई खास उसे पता नहीं है। मुंगेर एसपी ने इस हत्या के मामले में बताया कि शव को पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल मुंगेर भेज दिया गया है।

# पैक्स अध्यक्ष के चुनाव में 74 उम्मीदवारों के बीच मुकाबला, 347 सदस्य पद के लिए भी चुनावी जंग

» शुरू में इस पद के लिए 100 लोगों ने नामांकन दाखिल किया था, लेकिन इनमें से एक का नामांकन रद्द हो गया और 25 ने नाम वापस ले लिया।

निज संवाददाता | दिनारा (रोहतास)

प्रखंड के 22 पैक्सों में चुनावी समर तेज हो चुका है। शनिवार को नाम वापसी की प्रक्रिया खत्म होने के बाद अध्यक्ष पद के लिए 74 उम्मीदवार मैदान में डटे हुए हैं। शुरू में इस पद के लिए 100 लोगों ने नामांकन दाखिल किया था, लेकिन इनमें से एक का नामांकन रद्द हो गया और 25 ने नाम वापस ले लिया। वहीं, सदस्य पद के लिए भी जोरदार टक्कर देखने को मिलेगी। कुल 357 उम्मीदवारों में से 2 का नामांकन खारिज हो गया और 8 ने अपना नाम वापस ले लिया। अब 347 उम्मीदवार इस पद के लिए अपना भाग्य आजमाएंगे।शनिवार देर शाम तक सभी उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए गए, जिनके जरिए वे मतदाताओं के बीच अपनी पहचान बनाएंगे। प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ कुलदीप कुमार विभूति ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता से संचालित की जाएगी।जंग हुई रोचकः अध्यक्ष पद के लिए मैदान में उतरे 74 उम्मीदवारों के बीच दिलचस्प मुकाबला तय माना जा रहा है। हर उम्मीदवार अपने तरीके से प्रचार में जुटा है। सदस्य पद के लिए भी 347 दावेदार अपनी रणनीति तैयार कर रहे हैं। वहीं अब देखना यह है कि पैक्स चुनावों के इस दिलचस्प मुकाबले में जनता किसे अपना नेतृत्व सौंपती है।

# चोरी हुआ ट्रैक्टर बारुण से किया गया बरामद

निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)



जिले के शिवसागर थाना क्षेत्र अंतर्गत मोर सराय से बीते शुक्रवार की रात एक चोरी हुए ट्रैक्टर को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए औरंगाबाद जिले के बारुण से बरामद कर लिया है। हालांकि चोरी की घटना में शामिल अपराधियों की अब तक गिरफ्तारी नहीं हुई है लेकिन पुलिस ने सभी चोरों की पहचान कर ली है और जल्द हीं उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मामले में रविवार को आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वन दिलीप कुमार ने बताया कि बीते शुक्रवार की रात्रि में शिवसागर थाना क्षेत्र के मोरसराय से एक दुकान के सामने खड़े ट्रैक्टर को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया था। जिसकी सूचना ट्रैक्टर मालिक उमेश सिंह द्वारा अगले दिन सुबह शिवसागर थाने को दी गई और सूचना मिलते हीं शिवसागर थाने की पुलिस ने मामले में सुसंगत धाराओं के तहत कांड दर्ज कर दो घंटे के अंदर औरंगाबाद जिले के ओबरा थाना क्षेत्र अंतर्गत भुईयां गांव से उक्त ट्रैक्टर को बरामद कर लिया। डीएसपी ने बताया कि हमारे निर्देश पर चोरी हुए ट्रैक्टर की बरामदगी हेतु शिवसागर थानाध्यक्ष राकेश कुमार गोसाई के नेतृत्व में एसआई जितेन्द्र कुमार सिंह, एसआई तिल्ला उराँव, एसआई मुकेश कुमार एवं थाना के रिजर्व सशस्त्र बल को लगाया गया था तथा बरामद ट्रैक्टर का रजिस्ट्रेशन नं०- बीआर 24 जी 7842 व चेचिस नं०- S30BD3874 है। जिसको ट्रॉली के साथ बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि फिलहाल चोरों की पहचान कर ली गई है और गिरफ्तारी हेतु लगातार छापामारी की जा रही है।

# एनडीए की प्रचंड जीत पर लोजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया उत्सव, अबीर-गुलाल और मिठाई से गूंजा माहौल

» चिराग पासवान के नेतृत्व में विश्वास का प्रमाण बताया। अजीत राय ने कहा कि जनता ने स्पष्ट संदेश दिया है कि उन्हें झूठे वादों या भ्रम फैलाने वालों की नहीं, बल्कि विकास की राजनीति की जरूरत है।

निज संवाददाता | दिनारा (रोहतास)



देशभर में एनडीए की शानदार जीत का उत्साह लोजपा कार्यालय दिनारा में देखने को मिला। बिहार सहित महाराष्ट्र और अन्य राज्यों में एनडीए को मिली ऐतिहासिक सफलता पर लोजपा कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर, अबीर-गुलाल उड़ाकर और एक-दूसरे को बधाई देते हुए जीत का जश्न मनाया।दिनारा विधानसभा से लोजपा के भावी प्रत्याशी और विगत चुनाव में इमामगंज के प्रभारी अजीत राय ने कार्यकर्ताओं और क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त किया। उन्होंने इस जीत को जनता का एनडीए और चिराग पासवान के नेतृत्व में विश्वास का प्रमाण बताया। अजीत राय ने कहा कि जनता ने स्पष्ट संदेश दिया है कि उन्हें झूठे वादों या भ्रम फैलाने वालों की नहीं, बल्कि विकास की राजनीति की जरूरत है। लोजपा के प्रदेश सचिव जगनारायण साह ने इसे संविधान और आरक्षण के नाम पर भ्रम फैलाने वालों के खिलाफ जनता की सीधी प्रतिक्रिया बताया। उन्होंने कहा, 'यह जीत उन लोगों के लिए तमाचा है जो गुमराह करने की राजनीति कर रहे थे। बिहार की जनता ने एनडीए पर विश्वास जताकर यह साबित कर दिया कि उन्हें केवल विकास चाहिए।'इस मौके पर नर्वदेश्वर चौबे, राजेश कुमार, बिरेंद्र पासवान, निरंजन गुप्ता, सोनू सिंह कुशवाहा, टुनटुन पांडेय, हरि पासवान, शिवशंकर पासवान, काशी सिंह, रिंटू सिंह सहित बड़ी संख्या में लोजपा कार्यकर्ता और नेता मौजूद रहे।जश्न के दौरान कार्यकर्ताओं ने एनडीए की इस जीत को एक नई शुरुआत का प्रतीक बताते हुए भविष्य में भी जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का संकल्प लिया।

# गोली मारने वाले अभियुक्त को पुलिस ने हथियार के साथ किया गिरफ्तार

निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)



रोहतास जिले के चेनारी थाना क्षेत्र अंतर्गत डीहीं गांव में बीते शनिवार को हुए गोली कांड के नामजद अभियुक्त को पुलिस ने हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अभियुक्त डीही गांव निवासी स्वर्गीय जंगी चंद्रवंशी का 55 वर्षीय पुत्र शिवशंकर चंद्रवंशी बताया जाता है, जिसने आपसी विवाद में अपने गांव के हीं रहने वाले गणेश कुमार को गोली मारकर घायल कर दिया था। वहीं पूरे मामले में रविवार को आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी 1 दिलीप कुमार ने बताया कि 23 नवंबर को चेनारी थाना क्षेत्र के डीही गांव में आपसी विवाद को लेकर शिवशंकर चंद्रवंशी नामक व्यक्ति द्वारा उसी गांव के रहने वाले अशोक चंद्रवंशी के 22 वर्षीय पुत्र गणेश कुमार को गोली मारकर जख्मी कर दिया गया था। मामले में जख्मी गणेश कुमार के बयान पर चेनारी थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई और पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को घटना में प्रयुक्त हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि दर्ज प्राथमिकी के आधार पर चेनारी थाना प्रभारी रंजन कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने घटना के एक घंटे के भीतर हीं अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया और साथ हीं जमीन के अंदर छुपा कर रखे घटना में प्रयुक्त एक देशी कट्टा, एक जिंदा कारतूस तथा खोखा को बरामद किया है।

# लिट्टी चोखा का सबसे बड़ा मेला, पंचकोसी मेले में दुनिया भर से जुटे लाखों लोग

निज संवाददाता | बक्सर

धर्म और संस्कृति की अद्भुत धरोहर, बक्सर का पंचकोसी मेला हर वर्ष लाखों श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित करता है। यह मेला प्रभु श्री राम, लक्ष्मण और मुनि विश्वामित्र के बक्सर आगमन और उनकी पवित्र पंचकोसी यात्रा की स्मृति में आयोजित होता है। पौराणिक कथा के अनुसार, ताड़का वध के बाद मुनि विश्वामित्र ने श्रीराम और लक्ष्मण को 'नारी दोष' से मुक्त होने के लिए पंचकोसी यात्रा करने का निर्देश दिया। इस यात्रा के पांच प्रमुख पड़ावों में बक्सर अंतिम और सबसे पवित्र स्थल है। मान्यता है कि बक्सर की इस तपोभूमि पर श्रीराम और उनके साथियों ने आत्मशुद्धि के लिए प्रवास किया और यहीं उन्हें स्थानीय निवासियों द्वारा लिट्टी-चोखा परोसा गया, जो आज भी इस मेले का प्रमुख प्रसाद है। पंचकोसी मेला के दौरान बक्सर में लिट्टी-चोखा केवल प्रसाद नहीं, बल्कि आध्यात्मिकता और सादगी का प्रतीक बन जाता है। इस वर्ष की खास बात यह है कि मेले के अवसर पर बक्सर के हर घर में लिट्टी-चोखा ही बनाया जाता है। यह परंपरा न केवल यहां की सांस्कृतिक धरोहर को दर्शाती है, बल्कि सामूहिक भक्ति और एकता का संदेश भी देती है। लिट्टी, जो सत्तू से भरी होती है और पारंपरिक मिट्टी के चूल्हे पर सेंकी जाती है, सादगी और तपस्वी जीवन का प्रतीक मानी जाती है। चोखा, जो भुने हुए बैंगन, टमाटर और मसालों से तैयार किया जाता है, उसमें भारतीय स्वाद और प्राकृतिक पोषण का मेल है। माना जाता है कि लिट्टी-चोखा का प्रसाद ग्रहण करने से आत्मिक शांति और शारीरिक ऊर्जा प्राप्त होती है। हर साल लाखों श्रद्धालु इस पवित्र मेले में शामिल होकर पंचकोसी यात्रा पूरी करते हैं। यात्रा के समापन पर बक्सर में लिट्टी-चोखा का प्रसाद ग्रहण करना आध्यात्मिकता और प्रभु श्रीराम के आदर्शों को अपनाने का प्रतीक है। मेले के दौरान बक्सर की गलियों में भक्ति गीत, रामायण पाठ और लोकनृत्य की गूंज सुनाई देती है।

# नशे की हालत में युवकों ने 55 वर्षीय बुजुर्ग महिला से किया गैंगरेप

निज संवाददाता | जमुई



जमुई जिले के एक गांव में नशे की हालत में तीन लोगों ने मिलकर एक 55 वर्षीय वृद्ध महिला को बंधक बनाकर गैंगरेप की घटना को अंजाम दिया था। जिसको लेकर जमुई एसपी चंद्रप्रकाश खुद इस मामले को लेकर जांच पड़ताल में जुटे हुए थे। जिसके फलस्वरूप मात्र 12 घंटे के अंदर ही घटना में शामिल तीन आरोपियों को जमुई पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। तीनों गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मलयपुर थाना क्षेत्र के पतोना मुसहरी निवासी दरोगी मांझी के पुत्र माधव मांझी उर्फ वाल्मीकि, नरसिंह मांझी के पुत्र दिवाकर मांझी और रामदेव मांझी के पुत्र हीरा मांझी के रूप में हुई है। वहीं रविवार को जमुई एसपी चंद्रप्रकाश ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए बताया कि मलयपुर थाना की पुलिस को सूचना मिली थी कि एक 55 वर्षीय महिला के साथ तीन लोगों ने मिलकर गैंगरेप की घटना को अंजाम दिया है। जिसकी सूचना के बाद पुलिस ने पीड़िता को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया और जमुई एसडीपीओ सतीश सुमन के नेतृत्व में एक SIT टीम का गठन किया गया। इसी टीम के द्वारा पूरे मामले की छानबीन की जा रही थी जिसके दौरान तीनों आरोपी को घटना के 12 घंटे के अंदर ही गिरफ्तार कर लिया गया। इसी मामले को लेकर एफएसएल की टीम को भी बुलाया गया था। जिसके द्वारा घटनास्थल से सेंपल कलेक्ट किया गया है और जल्द ही जांच रिपोर्ट माननीय न्यायालय में सौंपी जाएगी। वही इस घटना में जमुई पुलिस की तीव्र कारवाई की खूब प्रशंसा हो रही है।

# आपसी विवाद में पति-पत्नी ने जहर खाकर की ख़ुदकुशी

» गुस्से में आकर पति ने घर में रखें सल्फास की दो गोली खा ली। पति को जहर खाता देख पत्नी भी गुस्से में दो गोली खा ली।

निज संवाददाता | नालंदा



जिले के नूरसराय थाना क्षेत्र के नादिऔना गांव में घरेलू विवाद में पति - पत्नी ने जहर खाकर जान दे दी। मृतकों की पहचान स्व. मुखलाल सिंह के 57 वर्षीय पुत्र अरुण कुमार और उनकी 55 वर्षीया पत्नी नीलू देवी के रूप में की गयी है। मृतक के परिजनों ने बताया कि घर में दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ तो आवेश में आकर अरुण कुमार ने पत्नी के सामने सल्फास की गोली खा ली। पति को जहर खाता देख पत्नी ने उनके हाथ से पैकेट छीन वह भी गोली खा ली। थोड़ी देर बाद जब दोनों की तबियत खराब होने लगी और वह घर में बेहोश हो गई। पड़ोसियों की नजर जब दोनों पर पड़ी तब आसपास के लोग दौड़े और आनन फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर आए। यहां दोनों की नाजुक स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफ़र कर दिया। यहां से ले जाने के दौरान रास्ते में ही दोनों की मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि सुबह जब वे खेत से काम कर घर लौटे तो थोड़ी देर के बाद पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद होने लगा। गुस्से में आकर पति ने घर में रखें सल्फास की दो गोली खा ली। पति को जहर खाता देख पत्नी भी गुस्से में दो गोली खा ली। थानाध्यक्ष रजनीश कुमार राय ने बताया कि पारिवारिक कलह के चलते पति पत्नी ने ज़हरीला पदार्थ खा लिया हैं। इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई है। शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों के हवाले कर दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा।

# आपसी विवाद में चली गोली, पुलिस ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार

» वही इस गोलीबारी मे सरफराज और उनके भाई मोहम्मद एजाज को गोली लग गई। इस घटना के बाद मौके पर कुछ समय के लिए अफरा तफरी की स्थिति मच गई।

निज संवाददाता | मुजफ्मुफरपुर

सुबह सुबह ज़मीन विवाद में गोली चल गई। इस घटना में दो लोग जख्मी हो गए। लोगों ने घायलों का इलाज के लिए मुजफ्फरपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया हैं। बता दें कि पूरा मामला मुजफ्फरपुर जिले के राजेपुर थाना के अंडौल गांव का हैं। जहां आज सुबह सुबह ज़मीनी विवाद को लेकर वशिम और तबरेज के द्वारा अपने ही पड़ोसी मोहम्मद सरफराज और उनके भाई मोहम्मद एजाज पर गोली चला दी गई। वही इस गोलीबारी मे सरफराज और उनके भाई मोहम्मद एजाज को गोली लग गई। इस घटना के बाद मौके पर कुछ समय के लिए अफरा तफरी की स्थिति मच गई जिसके आनन फानन में घायल दोनों युवकों को इलाज के लिए मुजफ्फरपुर के एक निजी अस्पताल में भेजा गया हैं। मामले की सूचना प्राप्त होते ही राजेपुर थाना प्रभारी राधे श्याम मौके पर पहुंच मामले की जांच की साथ ही मौके से एक आरोपी मोहम्मद तबरेज को गिरफ्तार कर लिया है। दूसरे आरोपी मोहम्मद कासिम के गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। मामले को लेकर सरैया एसडीपीओ कुमार चंदन ने बताया कि राजेपुर में ज़मीनी विवाद में पड़ोसी युवक द्वारा अपने ही पड़ोसी और उसके भाई को गोली मारे जाने की सूचना मिली थी। फिलहाल घायल दोनों व्यक्ति की हालत खतरे से बाहर बताई गई है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### पैक्स अध्यक्ष के भाई पर गोलीबारी

**नवादा (नि.सं.)।** जिले में अपराध व अपराधियों का बोलबाला है। ऐसा पुलिस व अपराधियों- माफियाओं के साथ सांठगांठ के कारण हो रहा है। सिरदला पुलिस द्वारा पैक्स प्रत्याशी विशेष के पक्ष में दूसरे प्रत्याशी के घर पर दुर्व्यवहार व झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी का वायरल वीडियो इसका ज्वलंत उदाहरण है। सोशल मीडिया के साथ एसपी से शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं होने से मनोबल बढ़ता जा रहा है। के पकरीबरावां प्रखंड के कवला गांव की है। हथियारों से लैस बदमाशों ने पैक्स अध्यक्ष नवल-किशोर सिंह उर्फ बब्लू व उनके चचेरे भाई पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाई। अध्यक्ष तो बाल-बाल बच गए लेकिन चचेरे भाई के कमर गोली लगने से गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। गंभीर रूप से घायल युवक को बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर किया गया है। घायल युवक की पहचान गोपाल कुमार पिता दिलीप सिंह के रूप में की गयी है। बताया जाता है कि गोपाल अपने दोस्त व चाचा के साथ गांव में घूम रहा था, तभी अचानक फायरिंग कर दी गई। घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया है। गोली क्यों मारी गई इसके बारे में किसी को कोई पता नहीं है। किसी से कोई दुश्मनी भी नहीं है। गोलीबारी की घटना के बाद इलाका में सनसनी फैल गई है। जानकारी मिलते ही पुलिस के द्वारा इस मामला की जांच आरंभ कर दी गई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस टीम द्वारा आसपास के इलाकों में छापेमारी की जा रही है और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहा है। बता दें घायल युवक का चचेरा भाई वर्तमान में पैक्स अध्यक्ष है। पुलिस इस पहलू को भी जांच में शामिल कर रही है। घटनास्थल से खाली खोखा व जिंदा कारतूस पुलिस ने बरामद किया है।

### अज्ञात वाहन से बाइक सवार की मौत

**नवादा (नि.सं.)।** अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की घटनास्थल पर मौत हो गयी। हादसा हिसुआ थाना क्षेत्र के टीएस कॉलेज के पास की बताई जाती है। घटना के संबंध में स्थानीय लोगों ने बताया कि अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार युवक की घटना स्थल पर मौत हो गई। स्थानीय लोग जबतक घटनास्थल पर पहुंचते घटना को अंजाम देकर अज्ञात वाहन चालक वाहन लेकर फरार होने में सफल रहा। मृतक की पहचान हिसुआ गढ़ पर मोहल्ले के स्वर्गीय विनोद सिंह का पुत्र अनुज कुमार के रूप में की गई है। घटना की सूचना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया और मृतक की मां का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना पर हिसुआ थाना की पुलिस पहुंचकर शव को कब्जा में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा दिया।

### लावारिस मोबाइल बरामद

**डेहरी आन सोन (रोहतास) (नि.सं.)।** रविवार को डेहरी रेलवे स्टेशन पर उप निरीक्षक निशांत कुमार के साथ स्टाफ आपराधिक गतिविधि की निगरानी एवं रोकथाम हेतु गश्त कर रहे थे। गश्त के क्रम में प्लेटफार्म संख्या 04 पर एक मोबाइल लावारिस हालत में मिला। जिसके संबंध में अगल बगल खड़े यात्रियों से पूछने पर किसी ने उक्त मोबाइल पर अपना मालिकाना हक नहीं जताया। बाद उक्त मोबाइल पर आ रहे कॉल के माध्यम से पता चला कि उक्त मोबाइल के स्वामी राजवीर कुमार, पुत्र बबन सिंह, निवासी वार्ड संख्या 07, जोराखन बिगहा, थाना नासरीगंज, जिला रोहतास (बिहार) है जिसे सूचना दिया गया कि उक्त मोबाइल को रेसुब पोस्ट डेहरी ऑन सोन पर सुरक्षित रखा गया। कुछ समय बाद उक्त मोबाइल के स्वामी राजवीर कुमार रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डेहरी ऑन सोन है एवं अपने मोबाइल की मांग किए, जिसे पूछताछ करने पर बताए की मैं डेहरी ऑन सोन से रेणुकूट जाने के लिए डेहरी ऑन सोन में गाड़ी में चढ़ते समय मेरा मोबाइल संख्या 9064676785 एवं 9939663768 लगा है, कही गुम हो गया था। बाद उक्त व्यक्ति के उचित पहचान व सत्यापन कर रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डेहरी ऑन सोन द्वारा उक्त मोबाइल को यात्री राजवीर कुमार को सही सलामत सुपुर्द किया गया। बरामद मोबाइल की अनुमानित कीमत 12,000 है।

### अनुमंडल कार्यालय का नया भवन तैयार

**विक्रमगंज (रोहतास) (नि.सं.)।** करीब चार दशक से केन यूनियन के भवन में किराए के मकान में चल रहा अनुमंडल कार्यालय समेत अन्य अनुमंडल स्तरीय कार्यालय को शीघ्र ही अपना भवन नसीब होने की उम्मीद है। संभवतः अगले माह अनुमंडल कार्यालय समेत भूमि सुधार उप समाहर्ता, अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी तथा एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट का कार्यालय नए भवन में स्थानांतरित होने की संभावना जताई जा रही है। बताते चले कि तत्कालीन अनुमंडल पदाधिकारी रहे उपेन्द्र पाल के कार्यकाल में करोड़ों रुपए की लागत से बनने वाले अनुमंडल कार्यालय की नींव बीते वर्ष शहर के आरा रोड में धावा पुल के समीप रखी गई थी। जिसका भूमि पूजन के बाद भवन बनाने का कार्य जोरशोर से शुरू कर दिया गया था। बताया जा रहा है कि भवन का कार्य अंतिम दौर में है और संवेदक द्वारा जल्द ही पूरा कर लिए जाने की उम्मीद है। हालांकि नए भवन में अनुमंडल कार्यालय समेत अन्य कार्यालय स्थानांतरित किए जाने को लेकर कोई तिथि निर्धारित कर आधिकारिक तौर पर कोई सूचना उपलब्ध नहीं कराया गया है। लेकिन भवन का रंग रोगन तेजी होने तथा भवन निर्माण का कार्य लगभग पूर्ण होते देख कई तरह की चर्चाएं तेजी से हवा में तैर रही है और लोग संभावनाएं जताते रहे है।

### परिणय सूत्र में बंधेंगे दो पदाधिकारी

**काराकाट (रोहतास) (नि.सं.)।** काराकाट प्रखंड के पंचायती राज पदाधिकारी संग काराकाट के पूर्व अंचलाधिकारी सह सब रजिस्ट्रार रविवार को वैवाहिक बंधन में बंधेंगे। मालूम हो कि वर्तमान पंचायती राज पदाधिकारी काराकाट में पदस्थापित है तो वहीं सब रजिस्ट्रार जितेंद्र कुमार पहले काराकाट प्रखंड में राजस्व पदाधिकारी के तौर पर तैनात थे।संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में सफलता के बाद जितेंद्र कुमार की नियुक्ति सब रजिस्ट्रार पद पर हुई। इस वैवाहिक कार्यक्रम में प्रखंड के सभी विभागों से पदाधिकारी, कर्मचारी एवं मीडिया कर्मी के अलावे जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं के शामिल होने की संभावना है। यह वैवाहिक कार्यक्रम औरंगाबाद में संपन्न होगा।

### पैक्स चुनाव का बदल रहा स्वरूप

**विक्रमगंज (रोहतास) (नि.सं.)।** पैक्स चुनाव का धीरे-धीरे स्वरूप बदलता हुआ दिखने लगा है। यद्यपि पैक्स अध्यक्ष एवं सदस्यों का निर्वाचन आम चुनाव की तरह जरूर होता है। लेकिन प्रक्रिया समान और मतदाता भिन्न होते हैं। क्योंकि इस मतदान में केवल वैसे ही किसान भाग लेते हैं। जिनका सहकारिता सदस्य के रूप में नाम रहता है। ए पूरी तरह किसानों के द्वारा पैक्स ध्यक्ष एवं इसके कार्यकारी सदस्यों का चुनाव किया जाता है। पुनः कार्यकारिणी के द्वारा इस पर नियंत्रण रहता है। इसलिए आम मतदाता इसमें भाग नहीं लेते हैं। इस प्रकार मतदाताओं की संख्या कम होने के बावजूद प्रत्याशियों के बीच भाग दौड़ की होड़ इसे आम चुनाव श्रेणी में ला दिया है। चुनाव चिन्ह आवंटन होने के साथ ही प्रत्याशियों के द्वारा प्रचार प्रसार एवं मतदाताओं को अपनी ओर रिझाने के सारे हथकंडे अपनाने की प्रक्रिया भी शुरू है। चाहे बातों की ख्याली पुलाव हो या हमदर्दी के रूप में अपने को दिखाने की बात हो कोई कसर नहीं छोड़ा जा रहा है। पांच चरणों में होने वाले इन पैक्सों के लिए समय अब बहुत कम बचा है। इसलिए सभी ने अपना जोड़-तोड़ और सारे प्रयासों को आजमाना शुरू कर दिया है। मतगणना के बाद सबके दावे की पोल खुल जाएगी।

### फरार वारंटी को किया गिरफ्तार भेजा जेल

**कोचस (रोहतास) (नि.सं.)।** ओपी पुलिस ने शनिवार की रात्रि में गुप्त सूचना के अधार पर छापेमारी करते हुए अपहरण मामले मे फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी करगहर थाना क्षेत्र के सिरसिया गांव निवासी योगेंद्र शाह का पुत्र नीरज कुमार बताया जाता है। परसथुआ ओपी थाना अध्यक्ष रामचंद्र चौपाल ने बताया की थाना क्षेत्र के एक गांव से एक वर्ष पूर्व उक्त आरोपी ने एक किशोरी का अपहरण कर लिया था, जिसमें किशोरी के पिता ने अपहरण को ओपी थाने में नामजद आवेदन दे प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जहां पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी। जीसमें पुलिस को सूचना मिली की फरार आरोपी अपने घर आया है, तभी पुलिस ने टीम गठित कर बीती रात आरोपी के घर छापेमारी की और उसे गिरफ्तार कर लिया। जबकि पुलिस किशोरी को बरामद नहीं कर पाई है। किशोरी की बरामदगी के लिए पुलिस स्थान चिन्हित कर लगातार छापेमारी कर रही है। वही गिरफ्तार आरोपी से विशेष पूछताछ कर उसे जेल भेज दिया गया है।

# डीएम ने लिया मृतक मजदूरों के आश्रितों का हाल, हरसंभव मदद का दिया आश्वासन

**निज संवाददाता | नवादा**



देर रात जिले के सदर प्रखंड नवादा के स्टालिन नगर से ईंट भट्ठों पर काम करने जा रहे मजदूरों से भरी गाड़ी सिरनामा पुल के निकट वेना थाना जिला नालंदा में दुर्घटना ग्रस्त हो गयी थी, जिसमें दो मजदूर एवं एक दो साल की बच्ची की मृत्यु हो गयी थी एवं कुछ लोग घायल हो गए थे। इसी क्रम में आज रवि प्रकाश जिला पदाधिकारी ने स्टालिन नगर पीड़ित परिवारों से मिलने पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवारों से कहा कि यह बहुत ही दुखद घटना है। जिला प्रशासन आपलोगों की सेवा में तत्पर है एवं जिला प्रशासन की तरफ से आपलोगों को हर सम्भव मदद किया जायेगा। उन्होंने वहां के लोगों से सामाजिक और आर्थिक पृष्ठभूमि के बारे में विस्तृत जानकारी ली। जिला पदाधिकारी द्वारा पृच्छा किया गया कि मनरेगा के तहत कितने लोगों को अबतक जॉब कार्ड मिला है, कितने भूमिहीन लोगों को बन्दोवस्ती की गयी है एवं इंदिरा आवास योजना से कितने लोग लाभान्वित हैं इस बारे में फिडबैक प्राप्त किया। जिला पदाधिकारी ने कहा कि मजदूरों का पलायन रोकने हेतु जिले में हर संभव प्रयास किया जायेगा एवं बच्चों की पढ़ाई एवं आवासीय स्कूल के निर्माण के लिए जमीन चिन्हित करने के लिए अंचल अधिकारी को निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार की योजनाओं के तहत पीड़ित परिवारों को लाभ दिया जायेगा। श्रम अधीक्षक को निर्देश दिया गया कि श्रम विभाग के द्वारा पीड़ित परिवारों के लिए बिहार शताब्दी योजना एवं अन्य लाभ देना सुनिश्चित करेंगे। जिला कल्याण पदाधिकारी को भी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए निर्देश दिया। साथ ही अन्य सम्बंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि अपने-अपने विभाग की योजनाओं का लाभ प्रभावित परिवारों तक पहुंचना सुनिक्षित करें। स्टालिन नगर में राशन कार्ड बनाने के लिए शिविर लगाया गया, आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु शिविर लगाया गया है एवं जिला पदाधिकारी के निदेशानुसार प्रभावित परिवारों को चिकित्सा सुविधा दी जा रही है। जिलाधिकारी ने समाज के प्रबुद्ध लोगों से आग्रह किया कि इन मजदूरों के पलायन को रोकने एवं उनके बच्चों की शिक्षा हेतु जागरूक करने का प्रयास करें।इस अवसर पर प्रभारी जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, श्रम अधीक्षक, जिला कल्याण पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता पीएचईडी, प्रखंड विकास पदाधिकारी नवादा सदर एवं अंचल अधिकारी नवादा सदर के साथ-साथ अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## धर्म की रक्षा करना हर व्यक्ति का कर्तव्य

**दावथ (रोहतास) (नि.सं.)।** धर्मो रक्षति रक्षितः यानी आप धर्म की रक्षा करें, धर्म आपकी रक्षा करेगा। उक्त बातें सर्वेश्वर धाम बिठवा दावथ प्रवचन करते हुए श्री लक्ष्मी नारायण जियर स्वामी जी महाराज में जी ने कही।उन्होंने कहा कि धर्म की स्थापना ही मनुष्य मात्र के भले के लिए की गई है। यह एक स्वाभाविक प्रक्रिया है।अगर मनुष्य धर्म के सनातन नियमों का पालन करता हैं, तो स्वयं ही लाभान्वित होने लगता हैं।धर्म का पालन करने वाला व्यक्ति हमेशा खुशहाल रहता है। पृथ्वी पर जब जब धर्म के साथ छेड़छाड़ हुई महामारी जैसे दानव का प्रवेश हुआ। सभी धर्म के लोगों को अपने धर्म की रक्षा करनी चाहिए। मनुष्य जीवन में हर बार हादसे मुक्ति पाना है तो भागवत का भजन जरूरी है इसके लिए हर व्यक्ति को समय निकालकर भगवान राम का संकीर्तन करना चाहिए। इस दौरान भोला नाथ मिश्रा, चारों धाम मिश्रा, सत्येंद्र सिंह मंत्री, सत्येंद्र भैया, विनोद, शनि सिंह, सिंह, हीरालाल मिश्रा, सुधीर लाल, राजू सिंह, पप्पू सिंह, निशु कुमार, प्रद्युम्न मिश्रा सहित कई लोग मौजूद रहे।

## मतदाता संक्षिप्त पुनरीक्षण का हुआ कार्य हुआ सम्पन्न

**निज संवाददाता | नारदीगंज (नवादा)**

विधान सभा चुनाव 2025 को लेकर मतदाता संक्षिप्त पुनरीक्षण को लेकर मतदाताओं का नाम जोड़ने, हटाने व संशोधन कार्य दो दिवसीय कार्य सभी मतदान केंद्र पर रविवार को पूरी हो गई। सदर एसडीओ अखिलेश कुमार व प्रशिक्षु बीडीओ फैजान अहमद में विभिन्न मतदान केंद्रों का जायजा लेकर अधिक से अधिक युवा मतदाताओं का नाम जोड़ने के लिए बीएलओ को निर्देश दिया। प्रक्षिक्षु बीडीओ ने कहा 23 नवम्बर को विभिन्न मतदान केंद्रों पर फार्म छह में 19 वर्ष तक मतदाताओं में पुरूष मतदाता 32, महिला मतदाता 33, प्रपत्र छह में 18-19 वर्ष से 52 वर्ष तक में पुरूष 58 व महिला 43, प्रपत्र छह में पुरुष 70 महिला 76 मतदाताओं का नाम जोड़ा गया है। वही फार्म सात में पुरूष सात महिला पांच मतदाताओं का नाम हटाने का कार्य हुआ है, वही फार्म आठ में पुरूष छह महिला चार मतदाताओं का नाम संशोधित किया गया है। इसके अलावा 24 नवम्बर को प्रपत्र छह में 19 वर्ष के पुरूष 14 महिला 19, फार्म छह में 18-19 से 52 वर्ष के पुरूष 29 महिला 32, प्रपत्र छह में पुरूष 43 महिला 51 मतदाताओं का नाम जोड़ा गया है। वही प्रपत्र सात में पुरूष तीन महिला दो का नाम हटाया गया है। प्रपत्र आठ में पुरुष दो मतदाता का नाम संशोधित हुआ है। इस दौरान बीएलओ ने मतदाताओं का नाम जोड़ने के लिए प्रपत्र छह, नाम हटाने के लिए सात व नाम संसोधन के लिए प्रपत्र आठ भरे।मौके पर मतदाताओं ने नाम जोड़ने के लिए आधार कार्ड की छायाप्रति दो, पासपोर्ट साइज की फोटो दो, मोबाइल नंबर (अगर मतदाता का नहीं हो तो अभिभावकों का मोबाइल नंबर दिया है) व ईमेल आईडी भी प्रपत्र के साथ संलग्न किया है। बूथ संख्या 34 पर बीएलओ रामनंदन प्रसाद, विद्याभूषण कुमार समेत बीएलओ ने अपने अपने मतदान केंद्रों पर मतदाता संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य किये।

## स्टोन चिप्स लदे एक ट्रक को खनन विभाग ने किया जब्त, चालक व उपचालक गिरफ्तार

**निज संवाददाता | रजौली (नवादा)**



बिहार-झारखण्ड के सीमावर्ती चितरकोली गांव स्थित समेकित जांच चौकी पर खनन विभाग ने बीते शनिवार को स्टोन चिप्स लदे ट्रकों की पड़ताल की। इस पड़ताल में उत्तर प्रदेश के सहारनपुर के चालान के नाम पर दूसरी बार स्टोन चिप्स ले जाते एक ट्रक को जब्त किया गया। वहीं चालक एवं उपचालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। स्टोन चिप्स के परिवहन में प्रतिदिन सैकड़ों ट्रकें समेकित जांच चौकी से गुजरती हुई नवादा, बिहार व पटना के अलावे अन्य जगहों पर जाती है।उक्त ट्रकों में कुछ ट्रकों के पास वैध चालान नहीं होते हैं, तो वहीं कुछ ट्रकों द्वारा दूर स्थित जगह के नाम पर चालान कटवाकर कम दूरी वाले जगहों पर एक ही चालान के माध्यम से स्टोन चिप्स का परिवहन किया जाता है। मिली जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के सहारनपुर तक के चालान पर 72 घण्टे की समय सीमा होती है। चालान के समय का गलत उपयोग करते हुए एक ही चालान पर ही स्टोन चिप्स लदे ट्रक को बिहार व पटना के अलावे अन्य कम दूरी वाले जगहों पर दो से तीन बार पहुंचाकर सरकार के राजस्व को चुना लगया जाता है।इस बात की शिकायत ट्रक एसोसिएशन द्वारा जिला खनन पदाधिकारी के पास किया गया। शिकायत मिलने पर जिला खनन पदाधिकारी ने खनन निरीक्षक को जांच के निर्देश दिए। जांच के दौरान समेकित जांच चौकी पर एक स्टोन चिप्स लदे ट्रक से यूपी के सहारनपुर के चालान मिला। ट्रक में रहे चालक एवं उपचालक से जब पूछताछ की गई, तब पता चला कि वे यूपी के सहारनपुर के चालान के नाम पर दूसरी बार बिहार स्टोन चिप्स पहुंचाने जा रहे हैं। जांच के बाद स्टोन चिप्स लदे ट्रक को जब्त किया गया एवं चालक व उपचालक को थाने के पुलिस बलों के सुपुर्द किया गया। इस दौरान बिना तिरपाल लगे स्टोन चिप्स लदे ट्रकों से जुर्माना राशि भी वसूल की गई। खनन विभाग के कार्रवाई के बाद सरकार के राजस्व को चुना लगाने वाले लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। इस बाबत थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि खनन निरीक्षक के द्वारा ट्रक चालक एवं उपचालक को पुलिस हिरासत में दिया गया है। वहीं खनन निरीक्षक द्वारा लिखित आवेदन मिलने के बाद भारतीय न्याय संहिता के धारा 303 (2) एवं 317(2) के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद गिरफ्तार चालक झारखंड के कोडरमा जिले के नवलशाही थाना क्षेत्र के गेठीबाद परतांगों गांव निवासी बहादुर यादव के पुत्र इन्द्रदेव यादव एवं उपचालक रायडीह गांव निवासी सहदेव यादव के पुत्र धीरेंद्र कुमार को रविवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## पैक्स चुनाव को लेकर प्रत्याशी ने चलाया जनसम्पर्क अभियान

**निज संवाददाता | रजौली (नवादा)**



प्रखण्ड के नगर पंचायत एवं 14 ग्राम पंचायतों में पैक्स अध्यक्ष एवं सदस्यों का चुनाव होना है। पैक्स अध्यक्ष प्रत्याशियों का जनसम्पर्क अभियान अंतिम दौर में है। इस चुनाव में कई पैक्स अध्यक्ष प्रत्याशी लगातार दो बार व तीन बार से पैक्स अध्यक्ष बने हुए हैं, तो बहुत सारे नए चेहरे भी पैक्स अध्यक्ष पद की दावेदारी कर रहे हैं। वहीं नगर पंचायत क्षेत्र के लिए चार पैक्स अध्यक्ष प्रत्याशियों को लेकर चौक-चौराहे पर चाय एवं पान की दुकानों पर समर्थकों द्वारा अपने प्रत्याशियों के जीत का दावा किया जा रहा है। वहीं पैक्स अध्यक्ष प्रत्याशी मतदाताओं से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं। रविवार को नगर पंचायत के चर्चित पैक्स अध्यक्ष प्रत्याशी रामनंदन सिंह अपने समर्थकों मोइन आलम, सुमित सिंह, शंभू सिंह, प्रमोद सिंह, ख्वाजा, जहांगीर, रेखा देवी, आकाश कुमार समेत दर्जनों लोगों के साथ जनसम्पर्क अभियान चलाया। जनसम्पर्क अभियान के दौरान माहुरी टोला, कुण्डला मोहल्ला, बीच बाजार, बभनटोली, पुरानी बस स्टैंड एवं ऊपरटण्डा आदि जगहों का पैदल भ्रमण किया। इस दौरान पैक्स अध्यक्ष प्रत्याशी रामनंदन सिंह ने मतदाताओं से मिलकर उनसे 26 नवंबर को होने वाले मतदान में क्रम संख्या तीन पर किताब छाप पर मुहर लगाकर भारी मतों से विजयी बनाने की अपील किया।वहीं मतदाताओं ने भी उन्हें अपना मत देने को आश्वस्त किया। पैदल भ्रमण के दौरान समर्थकों ने नारेबाजी कर मतदाताओं से जोरदार अपील करते नजर आए। बताते चलें कि प्रखण्ड क्षेत्र में पैक्स चुनाव को लेकर 26 नवंबर को सुबह 7 बजे से लेकर दोपहर 3 बजे तक 37 मतदान केन्द्रों पर चुनाव होना सुनिश्चित है।

## पैक्स चुनाव को लेकर डीएम ने किया बूथों का निरीक्षण

**निज संवाददाता | नवादा**

आगामी 26 नवम्बर को 5 प्रखंडों में होने वाले पैक्स चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारी पूरी कर ली गयी है।पूर्व की तरह चुनाव बैलेट पेपर से ही कराए जाएंगे। पैक्स चुनाव कराने को लेकर जिला प्रशासन ने अपनी सारी तैयारियां पूरी कर ली है। डीएम रवि प्रकाश ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय गुरहा, मध्य विद्यालय ओढनपुर आदि में बने बूथों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में डीएम ने मतदान केंद्रों पर मतदान के दौरान मतदाताओं के लिए आवश्यक बुनियादी सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने उपस्थित बीएलओ को निर्देश दिया कि डोर-टू-डोर जाकर नए मतदाताओं विशेष कर महिलाओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया है। बता दें कि नवादा में कुल 64 पैक्स के लिए कुल 187 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जहां कुल 1 लाख 14 हज़ार 54 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदान का समय सुबह 7 बजे से लेकर अपराह्न 3 बजे तक निर्धारित है जबकि मतगणना अगले दिन होगी। इसके साथ ही सभी मतदान केंद्रों पर आवश्यक सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है।

## इलेक्ट्रॉनिक दुकान में लगी भीषण आग, लाखों की संपत्ति जलकर राख

**निज संवाददाता | नवादा**

जिले के नक्सल प्रभावित मेसकौर प्रखंड मुख्यालय के मेसकौर बस स्टैंड के पास रोहित इलेक्ट्रॉनिक दुकान में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग की चिंगारी देखकर अफरा तफरी का माहौल कायम हो गया। काफी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया गया। जानकारी के अनुसार दुकान में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया। दुकान मालिक रोहित कुमार ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा सुबह-सुबह फोन कर बताया गया कि दुकान से धुआं निकल रहा है। यह बात सुनते ही तुरंत अपने दुकान में पहुंचे। शटर उठाया तो आग की चिंगारी पर नजर पड़ी। आग में सारा सामान जल रहा था। स्थानीय लोगों ने मदद किया और फिर आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक दुकान में रखा लाखों का सामान जलकर खाक हो गया। बताया जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट से आग लगने के कारण इस तरह की घटना घटी। दुकानदार ने बताया कि शनिवार को 8:00 बजे रात में दुकान बंद कर घर चला गया था।

## कलकत्ता से पटना आ रही बस की डिक्की से 132 बोतल शराब व 576 केन बियर बरामद

**निज संवाददाता | रजौली (नवादा)**

थाना क्षेत्र के चितरकोली गांव स्थित समेकित जांच चौकी से उत्पाद एसआई संगम कुमार विद्यार्थी ने कलकत्ता से पटना जा रही बोलबम बस के डिक्की से 132 बोतल विदेशी शराब एवं 576 केन बियर बरामद किया है। वहीं बस को जब्त करते हुए बस स्टाफ समेत कुल चार शराब धंधेबाजों को गिरफ्तार किया गया है। बिहार में शराबबंदी के बाद से धंधेबाज बिहार में शराब की खेंप पहुंचाने को लेकर बस, ट्रक, कंटेनर, तहखाना युक्त पिकअप, मिल्क वैन एवं लग्जरी वाहनों का धड़ल्ले से उपयोग करते रहे हैं। वहीं उत्पाद विभाग भी शराब धंधेबाजों के विरुद्ध कार्रवाई करते आ रही है। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार मद्दनिषेध को लेकर समेकित जांच चौकी पर प्रत्येक दिन चौबीसों घण्टे उत्पाद एसआई संगम कुमार विद्यार्थी के नेतृत्व में उत्पाद बलों के सहयोग से झारखण्ड की ओर से आनेवाली छोटी से लेकर बड़ी वाहनों की सघन जांच की जाती है। रविवार के अहले सुबह कलकत्ता से पटना जा रही बोलबम नामक बस संख्या डब्लूबी41जे8729 की जांच किया गया। जांच के दौरान बस की डिक्की से भारी मात्रा में विदेशी शराब एवं बियर बरामद किया गया। उत्पाद अधीक्षक ने कहा कि जब्त 132 बोतल शराब में ऑफिसर चॉइस नामक व्हिस्की के 750 एमएल के 36 बोतल व ओल्ड मॉन्क नामक रम के 750 एमएल के 96 बोतल एवं हायवार्डस 5000 नामक 500 एमएल के 756 केन बियर बरामद किया गया।उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि जब्त शराब एवं बियर की कुल मात्रा 387 लीटर है।

## अडानी के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन, गिरफ्तारी की मांग

**निज संवाददाता | नवादा**



जिला कांग्रेस अध्यक्ष सतीश कुमार उर्फ मंटन सिंह की अध्यक्षता में अडानी के खिलाफ धरना प्रदर्शन एवं पुतला दहन का कार्यक्रम प्रजातंत्र चौक पर किया गया। प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिं के दिशा निर्देश पर अडानी की गिरफ्तार की मांग को ले एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। कार्यकर्म में श्री सिंह ने कहा अडाणी का सारा वित्तीय साम्राज्य मोदी सरकार और बैंकों की सेटिंगबाजी के साथ साथ स्टोक एक्सचेंज में फर्जीवाड़े पर टिका है। यही कारण है कि जैसे ही अडाणी के शेयर का भाव गिरता है कोई ना कोई खरीदार उसे खरीद कर संभाल लेता है। अडाणी का ना कोई ब्रांड है ना उनका जनता को सीधे सप्लाई करने वाले उत्पादन। ले देकर वुल्मर कंपनी खरीदने के कारण उनका एक मात्र ब्रांड 'फार्च्यून' है जो खाद्य तेल से संबंधित है। इसके अतिरिक्त अडाणी, मोदी सरकार से सेटिंग करके पोर्ट खरीदेगा, एयरपोर्ट खरीदेगा, कोयला खरीद कर सरकारी बिजली कंपनियों को देगा, बिजली बना कर सरकारी वितरण कंपनियों को देगा, तमाम इंफ्रास्ट्रक्चर के काम का ठेका सरकार से लेकर किसी कंपनी को बेच देगा। जिस दिन मोदी सरकार गिरी अडाणी-मोदी का खेल खत्म। जिला अध्यक्ष श्री सिंह ने अडानी की गिरफ्तारी की मांग करते हुए इस बात पर जोर दिया कि जब अन्य देश अडानी के सच को सामने रखा है उनकी गिरफ्तारी का आदेश जारी किया है तो हमारे भारत में क्यों नहीं? अडानी का काला चिट्ठा देशभर के सामने आना चाहिए इसकी मांग केंद्र सरकार से करते हैं। कार्यक्रम के बाद जिला अध्यक्ष सतीश कुमार और मंटन सिंह ने अपने साथियों के साथ पटना में होने वाले संविधान संविधान दिवस को सफल बनाने के लिए अपने कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश दिया और बढ़-चढ़कर पटना कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्देश जारी किया। कार्यक्रम में पुर्व कार्यकरी अध्यक्ष बंगाली पासवान, प्रोफेसर अंजनी कुमार पप्पू, महेंदर शर्मा, एजाज अली मुन्ना, अरुण कुमार, राकेश कुमार पासवान, रामाशीष कुमार, मोहम्मद इमरान खान, आशिया खातून, गायत्री देवी, राम रतन गिरी रजौली प्रखंड अध्यक्ष, राकेश कुमार, शमा परवीन महिला जिला अध्यक्ष ,नाजिया हसन, शबाना खातून, समसुद्दीन, संजय कुमार, कुणाल कुमार, बबलू कुमार, आनंद शंकर, कांत, ड्रोन प्रसाद नगर अध्यक्ष वारिसलीगंज, मनोज यादव आदि उपस्थित थे।

## पूर्व जिप सदस्य के बेटे का हथियार लहराने का वीडियो हुआ वायरल



**निज संवाददाता | बेतिया**

पुलिस की तमाम चौकसी के बावजूद जिले में हथियार लहराने का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसी कड़ी में एक बार फिर पश्चिम चम्पारण मे एक चार चक्का गाडी पर पिस्टल लहराता युवक का विडियो वायरल हो रहा है। हालाँकि वीडियो मनुआपुल थाना क्षेत्र के हीरापाकड़ गांव की बताई जा रही है। गांव के स्थानीय लोगों से पता चला की आगे बैठे युवक का नाम चांद बाबू है जो जिला परिषद के पूर्व सदस्य मांशुर आलम का पुत्र है। वह अपने कुछ मित्रो के साथ एक चार चक्का गाडी पर बैठे खिडकी से बाहर हाथ किये पिस्टल लहराते जा रहा है। विदित है की चांद का नाम व अन्य का नाम नरकटियागंज अनुमंडल के शिकारपुर थाना कांड संख्या 720/24 फिरौती के लिये अपहरण कांड मे नामजद है जिसकी गिरफ्तारी के लिये लगातार बेतिया पुलिस छापेमारी कर रही है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### ऑपरेशन मुस्कान के तहत लौटाया मोबाइल

**आरा।** ऑपरेशन मुस्कान के माध्यम से आरा जीआरपी थाना के थानाध्यक्ष रोहित कुमार सिंह ने चोरी और गुम हुए मोबाइल ऑपरेशन मुस्कान के तहत बरामद कर मोबाइल धारकों को लौटा दिया। जीआरपी थाना के थानाध्यक्ष रोहित कुमार सिंह ने बताया कि शनिवार को रेल पुलिस पटना के द्वारा ऑपरेशन मुस्कान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें रेल थाना आरा से कुल 6 मोबाइल को बरामद कर मिश्रित कर आरा के मोबाइल धारकों को पटना बुलाकर दिया गया। आरा के मोबाइल धारकों में उपेंद्र राय उदवंतनगर , राहुल प्रसाद ,संजय कुमार संदेश , अमरेश कुमार तिवारी नवानगर बक्सर ,उपेंद्र कुमार ओझा चंदवा एवं विनय कुमार अस्थमा जिला नालंदा को मोबाइल वितरित किया गया। साथ ही रेल जिला पटना अंतर्गत यात्रियों के गुम एवं चोरी हुए 102 मोबाइल को बरामद कर मोबाइल धारकों के बीच वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में रेल पुलिस अधीक्षक अमृतेंदु शेखर ठाकुर , रेल पुलिस उपाधीक्षक दानापुर प्रशांत कुमार, रेल पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय प्रभाकर तिवारी, रेल पुलिस उपाधीक्षक विधि व्यवस्था श्रीमती निशित प्रिया एवं रेल जिला पटना के अन्य थाना अध्यक्षों ने भाग लिया।

### वर्तमान अध्यक्ष कर रहे पुनर्वापसी की तैयारी

**आरा।** भोजपुर जिले के 14 प्रखंड में 208 प्राथमिक कृषि साख समितियों के अध्यक्ष पद एवं प्रबंधन कार्य समिति सदस्य पदों के चुनाव को लेकर पंचायतों में राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है। संभावित पैक्स अध्यक्ष प्रत्याशी चुनावी रणनीति बनाने में जुटे हुए हैं। पहले, दूसरे, तीसरे व चौथे चरण में होनेवाले चुनाव को लेकर अध्यक्ष व सदस्य पद के उम्मीदवारों ने चुनाव चिन्ह का आवंटन होते ही मेन टू मेन संपर्क अभियान को तेज कर दिया है। जबकि पांचवें चरण के लिए चुनाव चिन्ह का आवंटन मंगलवार को होगा। वर्तमान पैक्स अध्यक्ष अपनी पुनर्वापसी की तैयारी कर रहे हैं तो पूर्व अध्यक्ष और कुछ नए लोग वर्तमान अध्यक्ष को पछाड़ने की फिराक में लगे हैं। ज्यादातर पंचायतों में वर्तमान व पूर्व पैक्स अध्यक्षों के बीच लड़ाई देखी जा रही है। अध्यक्ष पद की कुर्सी पर काबिज होने के लिए सभी उम्मीदवार जुगाड़ बैठने में लगे हुए हैं। कई प्रत्याशी अपने समर्थकों को मछली, मुर्गा-चावल की दावत भी दे रहे हैं। लगभग पंचायतों में पैक्स चुनाव के अध्यक्ष पद की रेस में दो प्रत्याशी मैदान में है जिनमें से एक स्थानीय मुखिया के समर्थक तो दूसरा प्रत्याशी मुखिया के विरोधी बताया जा रहे हैं। संभावित अध्यक्ष धुआंधार प्रचार में जुटे हुए हैं। चुनाव चिन्ह आवंटन होने के बाद से ही पोस्टर बैनर और हैंडबिल की छपाई करवा कर अपने मतदाताओं को गोलबंद करने में लगे हुए हैं। पंचायतों में प्रत्याशियों के बीच आरोप प्रत्यारोप का भी दौर जारी है। पांच चरणों में होने वाले चुनाव 26 नवंबर से शुरू होगा जो 3 दिसंबर तक चलेगा। इसके साथ ही मतगणना मतदान के दिन या अगले दिन होगी।

### बक्सर शहर समेत ग्रामीण इलाकों में भी वायु प्रदूषित

**बक्सर।** ठंड बढ़ने के साथ ही शहर सहित जिले के ग्रामीण इलाकों की हवा का स्तर जहरीला होता जा रहा है। बक्सर शहर समेत ग्रामीण इलाकों में भी वायु प्रदूषण की समस्या गंभीर बनी हुई है। दीपावली के बाद से ही हवा में धूल व धुआं की मात्रा बढ़ने का असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। पिछले 1 सप्ताह से शहर समेत जिले के कई ग्रामीण इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक 150 से 250 या इससे से भी अधिक रह रहा है। बीते 3-4 दिनों से शहर का एक्यूआई 350 को भी पार कर गया है। शनिवार को वायु की गुणवत्ता का स्तर 342 रहा। जबकि शुक्रवार को 352 था। डॉक्टरों की मानें तो 100 से अधिक एक्यूआई होने पर कई तरह की बीमारियों के होने की आशंका बढ़ जाती है। वैसे बिहार के अधिकांश शहरों की हवा प्रदूषित हो चुकी है। इसमें बक्सर भी शामिल है। बता दें कि एनएच 922 पर निर्माण के दौरान भारी संख्या में पेड़ काटे गए। इसके बाद जितने पेड़ काटे गए उतने लगाए नहीं गए। इसके बाद फोर लेन सड़क पर वाहनों की संख्या भी बढ़ गई, जिससे निकल रहे धुएं से हो रहा कार्बन का उत्सर्जन शहर की हवा को प्रदूषित कर रहा है। इसके अलावे सड़कों पर दौड़ते खटारा वाहन, खुले में जलाए जा रहे कूड़े , चिमनियों एवं अलाव धुएं, निर्माण कार्यों से उड़ रहे धूल कण से भी हवा प्रदूषित हो रही है। इसके अलावे शहर में जगह-जगह कूड़ा को डंप किया जा रहा है। ज्योति चौक पूल के पास भी सड़क के किनारे कूड़ा डंप कराया जा रहा है। शुक्रवार की शाम को उसमें आग लगा दिया गया था, जिससे धुआं निकल रहा था, ऐसे कई जगहों पर कूड़े को डंप करके आग लगाए जाने से निकल रहे धुआं हवा को प्रदूषित कर रहा है।



### घोड़ों को कई तरह की दी जा रही है ट्रेनिंग

**आरा।** आरा में माउंटेंड बिहार अश्वारोही सशस्त्र पुलिस (एमएसएपी) के 37 जाबाज नए घोड़े का ट्रेनिंग प्रतिदिन कराया जा रहा है। ट्रेनिंग प्रभारी शाहनवाज के साथ कुल 14 हवलदार घोड़े को ट्रेनिंग देने के लिए प्रतिदिन नियुक्त किए गए है। सुबह 6 से 7 बजे तक एमएसएपी ग्राउंड में घोड़े को विभिन्न प्रकार की ट्रेनिंग दी जाती है। दिसंबर माह में यह ट्रेनिंग समाप्त हो जाएगा। अप्रैल माह से यह ट्रेनिंग घोड़ों को दी जा रही है। ट्रेनिंग समाप्त होने के बाद आवश्यकतानुसार नए घोड़े को टूप के लिए पटना, भागलपुर, सोनपुर और राजगीर एकेडमिक ट्रनिंग सेंटर भेजा जाएगा। घोड़ों को प्रशिक्षित करने में विशेषज्ञ होते हैं जिनमें ड्रेसेज शामिल हैं। घोड़े को एक आदेश के अनुसार पूर्व निर्धारित हरकतें करना सिखाया जाता है। आमतौर पर एक व्यक्ति के साथ प्रशिक्षण दिया जाता है ताकि घोड़ा और सवार हरकतों से परिचित हो सकें। यह प्रशिक्षण घोड़े को संतुलन, सटीकता और आज्ञाकारिता सिखाता है। कमांडेंट सत्यनारायण ठाकुर ने बताया कि ट्रेनिंग सेंटर पर घोड़ों को कई तरह की ट्रेनिंग दी जाती है। कटिंग प्रशिक्षण की एक पश्चिमी शैली है। जिसमें प्रशिक्षक घोड़े को झुंड से एक गाय को अलग करना और उसे वापस आने से रोकना सिखाता है। बैरल रेसिंग प्रशिक्षक घोड़े के संतुलन और गति को विकसित करके उसे इस रेडियो प्रतियोगिता के लिए तैयार कर सकता है, ताकि वह बैरल पैटर्न को शीघ्रता और उचित ढंग से निष्पादित कर सके। ट्रेल राइडिंग प्रशिक्षण में घोड़ों को आत्मविश्वास और दृढ़ता सिखाया जाता है। ताकि वे सुरक्षित रूप से और विभिन्न चालों के साथ ट्रेल स्थितियों को नेविगेट कर सकें। इसमें बाधा कोर्स के लिए प्रशिक्षण भी शामिल हो सकता है। शो जंपिंग प्रशिक्षण में घोड़े को विभिन्न ऊंचाइयों पर स्थापित बाड़ों के ऊपर से कूदना सिखाया जाता है। जिससे उनके समन्वय को विकसित करने में मदद मिल सके। रोपिंग स्पर्धाओं में प्रतिस्पर्धा करने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। ये प्रशिक्षक घोड़ों को अपने सवारों के साथ सहयोग करना और शक्ति और चपलता विकसित करने में मदद करते हैं। प्रशिक्षक घोड़ों को इन्वेंटिंग के लिए ड्रेसेज, क्रॉस कंट्री और शो जंपिंग में प्रतियोगिता के तीन चरण शामिल हैं। घोड़ों के साथ काम करते हैं ताकि उन्हें प्रत्येक इवेंट के लिए आवश्यक विभिन्न कौशल से लैस किया जा सके।



### ग्रेपलिंग प्रतियोगिता के लिए 25 खिलाड़ी जम्मू-कश्मीर रवाना

**आरा।** जम्मू कश्मीर में होने वाली राष्ट्रीय ग्रेपलिंग प्रतियोगिता में बिहार का प्रतिनिधित्व करने के लिए भोजपुर जिले के 25 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इस प्रतियोगिता में पुरे बिहार से कुल 37 खिलाड़ी एव 2 कोच, 1 टीम मैनेजर, 1 रेफरी समेत कुल 41 सदस्यीय टीम भाग ले रही है। 17वां राष्ट्रीय ग्रेपलिंग प्रतियोगिता जम्मू कश्मीर यूनिवर्सिटी में 25 नवम्बर से 27 नवम्बर तक होगी। बिहार टीम में सबसे ज्यादा भोजपुर के खिलाड़ी है। शनिवार को आरा सांसद सुदामा प्रसाद ने भोजपुर के खिलाडियों को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया एव जीत की अग्रिम शुभकामनाएं दी। सभी खिलाड़ी अपने -अपने उम्र एवं भार वर्ग में मुकाबला करेंगे। टीम रवानगी पर भोजपुर ग्रेपलिंग संघ के सचिव रिजवान खान, अध्यक्ष विवेक मिश्रा माधव, सेंट जेवियर्स स्कूल के प्राचार्य फादर रिचर्ड डिसूजा, सचिव फादर फ्रांसिस पल्ली, कोच अरविंद कुमार, टीम मैनेजर सरोजनी टर्की, गुड्डू जी, उत्तम रॉय समेत कई लोग मौजूद थे। भारतीय ग्रेपलिंग संघ के सचिव सुबोध कुमार यादव ने बिहार को टीम को शुभकामनाएं दी।



# संदिग्ध स्थिति में PHED विभाग के कार्य निरीक्षक की मौत

निज संवाददाता। आरा



◆ वाराणसी के रहने वाले थे, विभाग के काम से निकले थे; दूसरे दिन शव की हुई पहचान

भोजपुर के नारायणपुर थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव स्थित कब्रिस्तान के पास संदिग्ध स्थिति में PHED विभाग के कार्य निरीक्षक पदाधिकारी की मौत हो गई। शव की पहचान रविवार को दूसरे दिन हो पाई है। उनकी पहचान रोहतास के कोचस थाना क्षेत्र के हरिहर डिहरा गांव निवासी स्व.त्रिलोकी नाथ चौबे के बेटे सुरेंद्र चौबे(57) के रूप में हुई है। वह PHED विभाग में कार्य निरीक्षक के पद पर भोजपुर के सहार प्रखंड में कार्यरत थे। वर्तमान में उत्तर प्रदेश के वाराणसी के लंका थाना क्षेत्र के मारुति नगर में अपना मकान बनाकर रहते थे। बता दें कि शनिवार की सुबह नारायणपुर थाना क्षेत्र के नारायणपुर कब्रिस्तान के पास उनका शव पुलिस ने बरामद किया था। इसके बाद अज्ञात के रूप में उनके शव का पोस्टमॉर्टम आरा सदर अस्पताल में कराया गया था। इधर, मृतक के बेटे राहुल कुमार चौबे ने बताया कि वह 4 दिन पहले घर से वापस आरा अपने विभाग के किसी काम से आए थे। इसी बीच उनकी मौत हो गई। सोशल मीडिया और अखबार में छपे खबर को पढ़ कर उन्हें इस घटना की जानकारी मिली। इसके बाद परिजन नारायणपुर थाना पहुंचे और थाना प्रभारी के मोबाइल में फोटो देख उनकी पहचान की। इसके बाद परिजन वहां से आरा सदर अस्पताल सदर आए और शव को दाह-संस्कार के लिए वापस घर ले गए। हालांकि, मृतक PHED विभाग के कार्य निरीक्षक पदाधिकारी की मौत कैसे हुई। इसका कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। उधर, पुलिस द्वारा बनाए गए मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार भी मृतक की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगा। वहीं, नारायणपुर थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि शनिवार की सुबह ग्रामीणों द्वारा सूचना मिली थी, एक बुजुर्ग का शव सड़क किनारे गिरा हुआ है। इसके बाद हमारी टीम मौके पर पहुंची और शव की शिनाख्त के लिए आसपास के इलाकों रहने वाले लोगों से कराई। लेकिन किसी ने उनकी पहचान नहीं कर पाए। इसके बाद उनके पॉकेट से मिले ID कार्ड से परिवार वाले से संपर्क किए। शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं पाए गए हैं। हालांकि पुलिस मामले की जांच कर रही है। बताया जाता है कि मृतक अपने दो भाई व बहन में बड़े थे। उनके परिवार में पत्नी गीता चतुर्वेदी व दो पुत्री प्रियंका ओझा,खुशबू मिश्रा एवं एक पुत्र राहुल कुमार चौबे है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। इस घटना के बाद मृतक की पत्नी गीता चतुर्वेदी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## ऑटो पलटने से 10 लोग घायल, एक की मौत

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर के यादव मोड़ के पास रविवार को एक तेज रफ्तार ऑटो पलटने से हादसा हो गया। इस दुर्घटना में ऑटो में सवार 11 लोग घायल हो गए, जिनमें से पांच की हालत गंभीर बनी हुई है। घायलों को बक्सर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान खरपतू गुप्ता (55) के रूप में हुई है। प्रशासन ने दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है और घायलों को चिकित्सा सहायता प्रदान की जा रही है। स्थानीय ग्रामीण चंदन कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश के पचोखर गांव से 10 महिलाएं और एक पुरुष ऑटो में सवार होकर पंचकोसी मेले के अंतिम पड़ाव में लिट्टी चोखा बनाने जा रहे थे। यादव मोड़ के पास बक्सर-चौसा मुख्य मार्ग पर ऑटो चालक ने तेज रफ्तार के चलते वाहन पर नियंत्रण खो दिया, जिससे ऑटो सड़क पर पलट गया। दुर्घटना के बाद ऑटो चालक मौके से फरार हो गया, जबकि स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

**सभी घायल सदर अस्पताल रेफरः** डायल 112 और मुफस्सिल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को चौसा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर सभी को बक्सर सदर अस्पताल रेफर किया गया। इलाज के दौरान खरपतू गुप्ता की मौत हो गई। अन्य गंभीर रूप से घायल चार महिलाओं की पहचान राधिका कुमारी, राधिका शर्मा, रामकुमारी देवी, और उषा देवी के रूप में हुई है। उनकी हालत नाजुक बनी हुई है, और डॉक्टर लगातार उनकी देखभाल कर रहे हैं। पुलिस ने क्षतिग्रस्त ऑटो को जब्त कर लिया है और फरार चालक की तलाश में जुट गई है। सभी घायलों के परिजनों को सूचना दे दी गई है, जो सदर अस्पताल पहुंच रहे हैं। खरपतू गुप्ता के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी में जुट हुई है। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंपा जाएगा।

## सड़क हादसे में दो दोस्त जख्मी, अस्पताल में भर्ती

निज संवाददाता। आरा



आरा–सासाराम मुख्य मार्ग चरपोखरी थाना क्षेत्र के गड़हनी बाजार के समीप ऑटो-बाइक की सीधी भिड़ंत हो गई। इस हादसे में बाइक सवार दो युवक बुरी तरह से जख्मी हो गए । इसके बाद जख्मियों को स्थानीय लोगों के मदद से गड़हनी पीएचसी ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। आरा सदर अस्पताल में डॉक्टरों की देखरेख में इलाज चल रहा है। जख्मियों में चरपोखरी थाना क्षेत्र के सोहनी गांव निवासी उजागिर शर्मा के 25 वर्षीय बेटा विकास कुमार उर्फ लल्लू शर्मा और इसका दोस्त शामिल है। जख्मी युवक के भाई चंदन शर्मा ने बताया कि आज विकास की शादी बक्सर नई बाजार में बड़े धूमधाम से हुई। शादी के बाद दुल्हन की विदाई कराकर शनिवार की दोहपर गांव पहुंचा । इसके बाद एक दोस्त के साथ घर से कहकर निकला कि हम मछली लेकर आते है।

**गड़हनी ओवरब्रिज के सामने हादसाः** घर वालों ने जाने से मना भी किया था। लेकिन किसी की नहीं सुनकर युवक मछली लाने के लिए चला गया। इसी दौरान देर शाम गड़हनी ओवरब्रिज के सामने से आ रहे अनियंत्रित ऑटो ने सामने से टक्कर मार दी। इससे बाइक पर सवार विकास समेत दो लोग जख्मी हो गए । इसके ग्रामीणों ने गड़हनी पीएचसी पहुंचाया और उसके बाद परिजनों को सूचना दी। घटना की सूचना मिलने के बाद जख्मी हालत में विकास को सदर अस्पताल लेकर पहुंचे।

# किराना दुकानदार को बदमाशों ने मारी गोली

निज संवाददाता। आरा



◆ आरा के निजी अस्पताल में जख्मी भर्ती, मामले की जांच में जुटी पुलिस

बक्सर के कृष्णब्रह्म थाना क्षेत्र के कृष्णब्रह्म कृष्णब्रह्म-कठार रोड में शनिवार की देर शाम स्थित कृष्णब्रह्म गांव में हथियारबंद बदमाशों ने एक किराना दुकानदार को गोली मार दी। जख्मी दुकानदार को गोली दाहिने साइड कमर पर लगी है। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटना को अंजाम देने के बाद के बाइक सवार दोनों हथियारबंद बदमाश वहां से फरार हो गए। जानकारी के अनुसार जख्मी दुकानदार बक्सर जिला के चक्की थाना क्षेत्र के चक्की लहना भोला डेरा निवासी शिवजी साव का 28 वर्षीय बेटा ललन साव है। फिलहाल, इसका इलाज आरा में चल रहा है।

**डॉक्टर ने ऑपरेशन कर बुलेट को निकालाः** घायल पेशे से किराना दुकानदार है। वह कृष्णब्रह्म गांव में किराना दुकान चलाता है। घटना को लेकर आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गई है। जबकि, इलाज कर रहे हैं सर्जन डॉ. विकाश सिंह ने बताया कि जख्मी युवक को गोली दाहिने साइड कमर पर लगी थी, जो अंदर फांसी हुई थी। ऑपरेशन कर बुलेट निकाल दिया गया है और उसके डैमेज पाट्र्स को रिपेयर कर दिया गया है।

**मरीज की स्थिति स्टेबलः** अभी मरीज की स्थिति स्टेबल है। लेकिन उसे अभी ऑब्जर्वेशन में रखा जाएगा। किराना दुकानदार ललन साव ने बताया कि शनिवार की देर शाम जब वह अपने किराना दुकान पर था। तभी एक बाइक पर सवार दो हथियारबंद बदमाश उसके दुकान पर आए। उनमें से एक हथियारबंद बदमाश बाइक से उतारकर उसके दुकान पर आया और कहा कि पेपर कटोरी दो। जिसके बाद उसने उसे पेपर कटोरी दिया। तभी उसने कहा कि पॉलीथिन दो। जब वह पॉलिथीन देने के लिए दुकान से पालिथीन निकला कर दे रहा था। तभी उसने उसे गोली मार दी।

**मामले की जांच में जुटी पुलिसः** दोनों बदमाश बाइक पर सवार होकर वहां से भाग निकले। दूसरी तरफ जख्मी दुकानदार ललन साह ने अपने हथियारबंद बदमाशों से और उस गांव के किसी व्यक्ति से अपने किसी भी प्रकार की विवाद व दुश्मनी की बातों से साफ इनकार किया है। हालांकि, हथियारबंद बदमाश ने उसे गोली क्यों मारी। इसका कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

# कॉफी मशीन के ब्लास्ट होने से 6 झुलसे

निज संवाददाता। आरा



◆ आरा में तिलक समारोह में कॉफी पीने के लिए लाइन में खड़े थे सभी, जख्मी अस्पताल में भर्ती

आरा शहर के नवादा थाना क्षेत्र के गिरजा मोड़ पर एक तिलक समारोह में कॉफी मशीन ब्लास्ट हो गया। इससे कॉफी पीने के लिए लाइन में लगे 6 लोग घायल हो गए। जिसके बाद घायलों में किशोर समेत दो को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया, जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। जबकि, चार अन्य युवकों का इलाज आरा शहर के अलग-अलग निजी अस्पतालों में कराया जा रहा है। घटना को लेकर तिलक समारोह में लोगों के बीच भगदड़ मच गई। जानकारी के अनुसार घायलों में नवादा थाना क्षेत्र के पकड़ी मोहल्ला निवासी गुड्डू कुमार का 13 वर्षीय बेटा नमन कुमार, कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के बलुआ गांव निवासी सत्येंद्र चौधरी का 7 वर्षीय बेटा अनिकेत कुमार और चार अन्य लोग शामिल हैं। इसमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। इधर, नमन कुमार ने बताया कि शनिवार की देर शाम कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के बलुआ गांव के निवासी अजय पांडेय के बेटे का तिलक गिरजा मोड़ आया था। जिसमें सभी लोग तिलक समारोह में शामिल होने आए हुए थे।

**ओवर हीट के कारण हुआ ब्लास्टः** तिलक समारोह के दौरान जब करीब आठ-दस लड़के कॉफी मशीन के पास कॉफी पीने के लिए लाइन लगे थे। तभी अचानक कॉफी मशीन ओवर हीट के कारण ब्लास्ट कर गया। जिससे सभी लोग घायल हो गए। जिसके बाद घायलों में अनिकेत कुमार व नमन कुमार को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जबकि, चार अन्य लोगों का इलाज शहर के अलग-अलग निजी अस्पतालों में कराया जा रहा है। ऑन ड्यूटी डॉक्टर अशोक कुमार ने बताया कि एक बच्चे के सीना,गर्दन समेत शरीर के कई जगह काफी जल चुके है। बच्चे का प्राथमिक उपचार कर दिया गया,जबकि एक किशोर का इलाज कर दिया गया। बच्चे को गंभीर हालत में पटना रेफर कर दिया गया है।

## नदी में डूबने से युवक की मौत

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर के गड़हनी थाना क्षेत्र के रत्नाढ़ गांव स्थित बनास नदी में डूबे युवक का शव दूसरे दिन बरामद हुआ है। उसका शव गांव में स्थित बनास नदी से शनिवार को बरामद किया गया है। शव के मिलने से लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा। जानकारी के अनुसार मृतक गड़हनी थाना क्षेत्र के रत्नाढ़ गांव निवासी भुवनेश्वर मुसहर का 40 वर्षीय बेटा आलू मुसहर है। वह पेशे से मजदूर था। मृतक के छोटे भाई मदन मुसहर ने बताया कि शुक्रवार की दोपहर वह करीब तीन बजे गांव में ही स्थित बनास नदी के किनारे गया था। जहां मछली मारने के दौरान उसका पैर फिसल गया और वह बनास नदी में गिर कर डूब गया। जिससे उसकी मौत हो गई। इसके बाद वह मौजूद लोगों ने इसकी सूचना उसके परिजनों को दी।

**एसडीआरएफ ने शव को पानी से निकालाः** सूचना पाकर परिजन मौके पर पहुंचे। इसके बाद स्थानीय गोताखोरों की मदद से शुक्रवार की शाम उसकी काफी खोजबीन की गई। लेकिन उसका शव नहीं मिल पाया था। जिसके बाद शनिवार को स्थानीय थाना ने एसडीआरएफ की टीम को बुलाया। जिसके बाद एसडीआरएफ की टीम के प्रयास के बाद शव को पानी से बाहर निकला गया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने तीन भाई व दो बहन में तीसरे स्थान पर था। उसके परिवार में पत्नी प्रभावती देवी व दो बेटी कविता कुमारी,मुन्नी कुमारी और एक बेटा रंजीत कुमार है।

## मुख्य मार्गों पर घंटों लगा रहा जाम

निज संवाददाता। बक्सर



नगर के लोगों को शनिवार की सुबह भारी यातायात जाम का सामना करना पड़ा। नगर के मुख्य मार्गों जैसे नया बाजार, बाजार समिति रोड, स्टेशन रोड बाइपास, न्यू बाइपास, मॉडल थाना चौक, किला मैदान, और सिंडिकेट से लेकर बक्सर गोलंबर के साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग-922 के अतिरिक्त वीर कुंवर सिंह गंगा सेतु तक वाहन रेंगते हुए नजर आए। जाम की इस गंभीर स्थिति में ट्रैफिक पुलिस की निष्क्रियता ने स्थिति और बिगाड़ दी। अंततः अनुमंडल पदाधिकारी धीरेंद्र कुमार मिश्र ने खुद सड़कों पर उतरकर नगर थाने की पुलिस टीम के साथ यातायात सुधारने की कोशिश की। स्टेशन रोड निवासी आयुष्मान शर्मा ने बताया कि यह समस्या एक दिन की नहीं है। उन्होंने कहा कि जाम के कारण उनके बच्चों को स्कूल जाने में भारी परेशानी हुई। स्कूल वाहन न पहुंचने की वजह से उन्हें बच्चों को बाइक से स्कूल छोड़ना पड़ा। इसी प्रकार, बाइपास रोड निवासी रविंद्र पांडेय ने अपने बच्चों को स्कूल भेजना ही उचित नहीं समझा। खलासी मोहल्ला निवासी कृष्णा कुमार ने बताया कि उनके बच्चे का स्कूल वाहन जाम में फंसा रहा। न्यायालय के कर्मी कौशलेंद्र ओझा ने कहा कि उन्हें गोलंबर से कोर्ट तक पैदल चलकर जाना पड़ा। नए पुल पर मंडराया खतरा उत्तर प्रदेश बिहार के रास्ते पटना जा रहे एक व्यक्ति ने बताया कि उजियार मंगला भवानी से बक्सर पुल को पार करने में चार घंटों का समय लगा। गंगा पर बने वीर कुंवर सिंह सेतु पर एक लेन में गाड़ियों की लंबी कतार लगी थी। उनके वजन से पुल हिल रहा था। ऐसे में जहां निर्माण के साथ ही इस पुल की गुणवत्ता पर सवाल उठे थे वहीं वजन बढ़ने से पुल की सेहत पर खतरा और बढ़ गया है। इससे पहले कार्तिक पूर्णिमा के दिन भी नगर में ऐसा ही जाम देखने को मिला था।

# बिहार में लिट्टी चोखा का अनोखा मेला

निज संवाददाता। बक्सर



बिहार के बक्सर में एक जगह है चरित्रवन, जहां हर साल नवंबर में पंचकोसी मेले का आयोजन किया जाता है। इस मेले में पांच दिनों में पांच कोस की यात्रा कर पांच अलग-अलग प्रकार के भोग लगाने की परंपरा है। एक मान्यता के अनुसार, ये मेला भगवान श्रीराम से जुड़ा है। इस मेले का धार्मिक और सांस्कृतिक रूप से काफी महत्व हैं। पांच दिनों तक चलने वाले इस मेले का आज अंतिम दिन है। रामायण काल से चली आ रही मान्यता के मुताबिक, पांचवें और अंतिम दिन भगवान श्रीराम को लिट्टी-चोखा का भोग लगाया जाता है। इस परंपरा को निभाने के लिए देशभर से लोग चरित्रवन में जुटे हैं। झारखंड हाईकोर्ट के जज एएन पाठक भी प्रसाद के रूप में बंटने वाले लिट्टी चोखा खाने पहुंचे। पंचकोसी मेला के अंतिम दिन पूरे बक्सर के घरों में भी लिट्टी-चोखा बनाने की परंपरा है। इसे शुभ माना जाता है। मंत्री से लेकर विधायक भी यहां आकर लिट्टी-चोखा बनाते हैं। भाजपा बिहार महिला प्रकोष्ठ के पूर्व अध्यक्ष नीलमणि देवी लिट्टी बनाते नजर आईं।

**5 जगहों की होती है परिक्रमाः** 24 नवंबर से शुरू इस मेले के पहले दिन अहिरौली, दूसरे दिन नदांव, तीसरे दिन भभुअर, चौथे दिन बड़का नुआंव और पांचवें दिन चरित्रवन में लिट्टी चोखा-बना कर खाया जाता है। इस मेले की परिक्रमा में शामिल लोग इन पांचों स्थान पर जाते हैं। विधिवत दर्शन पूजन के बाद प्रसाद ग्रहण करते हैं। वेद- पुराणों के अनुसार यहां महर्षि विश्वामित्र मुनि का आश्रम था।

**त्रेता युग से चली आ रही परंपराः** पंचकोसी परिक्रमा मेला यात्रा को लेकर कहा जाता है कि त्रेता युग में भगवान राम, लक्ष्मण, महर्षि विश्वामित्र के साथ बक्सर आए थे। उस समय बक्सर में ताड़का, सुबाहू, मारीच समेत कई राक्षसों का आतंक था। इन राक्षसों का वध कर भगवान राम ने महर्षि विश्वामित्र से यहां शिक्षा ग्रहण की थी। ताड़का वध करने के बाद भगवान राम ने नारी हत्या दोष से मुक्ति पाने के लिए प्रायश्चित स्वरूप अपने भ्राता लक्ष्मण और महर्षि विश्वामित्र के साथ यात्रा कर बक्सर के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित पांच ऋषियों के आश्रम गए और आशीर्वाद प्राप्त किए।

**मेले से जुड़ी क्या है मान्यताः** इस यात्रा के पहले पड़ाव में गौतम ऋषि के आश्रम अहिरौली भगवान राम पहुंचे, जहां पत्थर रूपी अहिल्या को अपने चरणों से स्पर्श कर उनका उद्धार किया और उत्तरायणी गंगा में स्नान कर पुआ-पकवान खाए। यात्रा के दूसरे पड़ाव में भगवान राम नारद मुनि के आश्रम नादांव पहुंचे, जहां सरोवर में स्नान करने के बाद सत्तू और मूली का उन्होंने भोग लगाया। इसी तरह तीसरे पड़ाव में भार्गव ऋषि के आश्रम भभुअर, चूड़ा दही, चौथे पड़ाव में उद्दालक ऋषि के आश्रम नुआव में खिचड़ी और पांचवें एवं अंतिम पड़ाव चरित्र वन में पहुंचकर लिट्टी चोखा का भोग लगाया। तभी से इस परंपरा का लोग निर्वहन करते आ रहे हैं।

**परंपरा से बढ़कर लिट्टी चोखा ने बिहार और यूपी के पूर्वांचल को दी नई पहचानः** लिट्टी चोखा महोत्सव शुरुआत में केवल बक्सर तक ही सीमित था, लेकिन अब ये पूरे बिहार के साथ-साथ उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल के घर-घर में बनाया जाता है। लिट्टी चोखा ने बिहार और पूर्वांचल के खान-पान को नई पहचान दी है।

# संक्षिप्त समाचार

## 45 लाख से बनाए गए 27 बस स्टॉप अब पुलिस पिकेट, फसल व चारा घर बन गए

**भागलपुर**। मुख्यमंत्री परिवहन योजना से 31 बस स्टॉप दो साल पहले ही बन जाने थे। करीब 45 लाख की लागत से 27 बस स्टॉप बनाए तो गए, लेकिन इनमें ज्यादातर उपयोग लायक नहीं रह गए हैं। बस पड़ाव में कहीं पुलिस पिकेट तो कहीं फुटकर दुकानें चल रही हैं। कुछ जगहों पर सड़क निर्माण के कारण अनुपयोगी बना है। कहीं मवेशियों का चारा तो कहीं धान की तैयारी चल रही। जिले में 15 और बस स्टॉप के लिए करीब नौ माह से जमीन की तलाश चल रही है। जिले में बने बस स्टॉप की हालत की बानगीभर देखिए। गोराडीह में एक बस पड़ाव प्रखंड मुख्यालय के पास बना है, जो जर्जर है। दूसरा भागलपुर-कोतवाली सड़क पर पीथना मदरसा के पास है। इसकी भी हालत ठीक नहीं है। किसान यहां अपना धान तैयार करते हैं। पीरपैंती में यात्री शेड कुछ ठीक है। पीरपैंती-बाराहाट में बने यात्री शेड का उपयोग हो रहा है। शाहकुंड के मुख्य बाजार में सीएम परिवहन योजना के तहत 1.90 लाख से निर्मित बस स्टॉप की हालत दयनीय है। फर्श टूट गई है। बैठने की जगह भी क्षतिग्रस्त है। कुछ हिस्सों में फुटकर दुकानदारों का कब्जा है। शेड में बाइक व साइकिल खड़ी रहती है। किरणपुर चौक के पास बस स्टॉप का हाल भी बुरा है। सुल्तानगंज प्रखंड मुख्यालय के मुख्य गेट पर एनएच-80 किनारे बने बस स्टॉप का उपयोग यात्री नहीं कर पा रहे हैं। कारण यह है कि एनएच-80 को चौड़ा किया जा रहा है। इस कारण से वहां जाने का रास्ता ठीक नहीं है। गोपालपुर के मकंदपुर चौक का यात्री शेड पुलिस के कब्जे में है। यहां पुलिस पिकेट चल रहा है। अंदर पुलिसकर्मियों के रोजमर्रा के सामान रखे हैं।

## पीएचडी एडमिशन टेस्ट के लिए आवेदन अब 27 तक

**भागलपुर**। टीएमबीयू ने पीएचडी एडमिशन टेस्ट (पैट) के लिए आवेदन करने की तिथि बढ़ा दी है। छात्र अब 27 नवंबर तक आवेदन कर सकेंगे। आवेदन ऑनलाइन मोड में लिया जाएगा। साथ ही छात्र आवेदन में किसी तरह की त्रुटि भी दूर कर सकेंगे। इसके लिए विवि ने 28 और 29 नवंबर का समय दिया है। हालांकि परीक्षा कब होगी और किन केन्द्रों पर होगी यह अब तक तय नहीं हो सका है। यह आवेदन और इसमें त्रुटि के सुधार के बाद तय किया जाएगा। शनिवार को विवि में पैट के लिए बनी कमेटी ने ये निर्णय लिए। आवेदन करने की तिथि बढ़ाने की मांग छात्रों की ओर से की जा रही थी। छात्र राजद के विवि अध्यक्ष लालू यादव ने भी छात्रों की ओर से इसके लिए ज्ञापन दिया था। बैठक में शामिल हुए डॉ. अशोक कुमार ठाकुर ने बताया कि छात्रों की मांग को देखते हुए आवेदन करने की तिथि बढ़ा दी गई है। छात्र 27 नवंबर तक आनॅलाइन आवेदन करेंगे। पहले आवेदन 20 नवंबर तक लिया गया था। तब जिन छात्रों ने आवेदन किया था उनमें से कुछ ने कहा था कि आवेदन में कुछ त्रुटि रह गई थी इसलिए इसमें सुधार करने का मौका दिया जाए। इसको देखते हुए विवि ने आवेदन में किसी तरह की त्रुटि दूर करने के लिए 28 और 29 नवंबर की तिथि तय की है। जो छात्र पहले आवेदन कर चुके हैं और जो अब आवेदन करेंगे, वे सभी त्रुटि होने की स्थिति में सुधार कर पाएंगे। परीक्षा की तिथि इसके बाद तय होगी।

## बकाया भुगतान पर श्रम अधीक्षक ने की सुनवाई

**मुंगेर**। श्रम संसाधन विभाग द्वारा श्रम अधीक्षक कार्यालय में शनिवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। श्रम अधीक्षक सत्यप्रकाश की अध्यक्षता में आयोजित जनता दरबार में अधिकांश मामले बकाया मजदूरी से संबंधित आए थे। श्रम अधीक्षक ने सात शिकायत पत्रों की सुनवाई करते हुए उनके निष्पादन के लिए अगली तिथि निर्धारित की। श्रम अधीक्षक सत्यप्रकाश ने बताया कि जनता दरबार में बकाया मजदूरी भुगतान संबंधी शिकायत पत्र की सुनवाई की गई। उन्होंने बताया कि श्रम संसाधन विभाग सदैव श्रमिकों के हित के लिए सजग है। किसी भी जानकारी एवं शिकायत के लिए प्रत्येक शनिवार को श्रम संसाधन विभाग द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया जाता है।

## गुप्त सूचना पर पुलिस ने की कार्रवाई, सीआरपीएफ का जवान शराब बेचते हुए धराया

**मुंगेर**। वासुदेवपुर थाना से महज बीस गज की दूरी पर शराब का बड़े पैमाने पर भंडारण तथा बिक्री का खेल चल रहा था। पुलिस को इसकी भनक तक नहीं थी। शनिवार को गुप्त सूचना पर पुलिस ने एक मकान में छापामारी कर 27 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की। मौके से एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया। हालांकि छापेमारी दौरान एक तस्कर फरार होने में कामयाब रहा। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि थाना के निकट ही एक मकान से मकान मालिक चोरी छिपे शराब का धंधा कर रहा है। इसके बाद पुलिस ने मकान की तलाशी ली। इस दौरान सीढ़ी के नीचे बने कुएं से 27 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। गिरफ्तार तस्कर वासुदेवपुर निवासी नीतीश कुमार है, जो सीआरपीएफ का जवान है। छठ से पहले वह छुट्टी में आया था। जिसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। जानकारों की मानें तो नीतीश कुमार श्रीनगर में तैनात है। आए दिन उक्त मकान के पास शराब की खेप उतरती थी तथा इसके बाद आसपास के छोटे शराब तस्करों को मांग के अनुसार शराब उपलब्ध करा दिया जाता था।

## प्रमोशन के आवेदक शिक्षकों की सूची मांगी

**भागलपुर**। टीएमबीयू प्रशासन ने शिक्षकों के प्रमोशन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके लिए बने प्रमोशन सेल की पहली बैठक शनिवार को प्रो. पवन कुमार सिन्हा के संयोजन में हुई। इसमें रजिस्ट्रार प्रो. रामाशीष पूर्वे सहित सभी सदस्य शामिल हुए। सेल ने सामान्य शाखा ए से उन शिक्षकों की सूची मांगी जिन्होंने प्रमोशन के लिए आवेदन किया है। सेल ने अलग-अलग कैटेगरी में किए गए आवेदन की सूची देने को कहा है। साथ ही यह जानकारी भी मांगी है कि संबंधित कार्यालय ने अब तक इस मामले में क्या प्रक्रिया की है। रजिस्ट्रार ने बताया कि सेल की अगली बैठक 25 नवंबर को होगी जिसमें आगे की प्रक्रिया तय की जाएगी। टीएमबीयू में 1983, 1996, 2003 और 2017 बैच के शिक्षकों का प्रमोशन होना है। 2017 बैच के शिक्षकों का स्केल 10 से स्केल 11 में प्रमोशन होना है।

## डेंगू वार्ड में तीन नए संदिग्ध मरीज हुए भर्ती

**मुंगेर**। सदर अस्पताल के डेंगू वार्ड में प्रतिदिन डेंगू के संदिग्ध मरीजों को भर्ती किया जा रहा है। इस बीच शनिवार को जहां सदर अस्पताल के डेंगू वार्ड में 3 नये संदिग्ध मरीजों को इलाज के लिये भर्ती किया गया। वहीं इस दौरान कुल 10 मरीज वार्ड में इलाजरत मिले। अस्पताल उपाधीक्षक डॉ रमन कुमार ने बताया कि शनिवार को एलाइजा जांच में डेंगू का एक भी पॉजिटिव मरीज नहीं पाया गया।हालांकि इस दौरान डेंगू के तीन संदिग्ध मरीजों को इलाज के लिये भर्ती किया गया, जिसमें बेनीगीर निवासी 40 वर्षीय आदिल रसीद, बेलन बाजार निवासी 24 प्रिया कुमारी तथा जमालपुर निवासी 52 वर्षीय सुनीता देवी को एनएस-1 पॉजिटिव पाये जाने के बाद इलाज के लिये भर्ती किया गया। तीनों संदिग्ध मरीजों का सैंपल एलाइजा जांच के लिये भेजा गया है। इधर शनिवार तक वार्ड में कुल 10 मरीज इलाजरत थे। जिसमें तीन नये संदिग्ध मरीजों के अतिरिक्त पूर्व से भर्ती स्वाति गुप्ता, मिस्टर, मो. अली, ज्योति देवी, आफताब आलम, बंटी कुमार तथा मनीष कुमार का इलाज वार्ड में चल रहा है।

## कट्टा के साथ एक युवक गिरफ्तार

**मुंगेर**। पूरबसराय थाना पुलिस ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए देशी कट्टा, गोली और खोखा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान पूरबसराय थाना क्षेत्र के बाकरपुर निवासी मो. इमाम का पुत्र मो. मुनब्बर के रूप में हुई है। इसकी जानकारी एसपी सैयद इमरान मसूद ने दी। बताया जाता है पूरबसराय थाना को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि हाजीसुभान स्थित खजांची बगीचा में एक युवक शराब पीकर देशी कट्टा लहरा रहा है। जिसके बाद एसपी के द्वारा सदर डीएसपी राजेश कुमार के नेतृत्व में आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पूरबसराय थानाध्यक्ष और पुलिस जवान को लगाया गया। पुलिस जब घटना स्थल पर गई, तभी नशे की हालात में युवक भागने लगा। जिसके बाद पुलिस ने उसे खदेड़कर पकड़कर थाना लाया गया और आगे की कार्रवाई जारी है।

# भागलपुर में कार-ट्रक के बीच टक्कर, एक की मौत

## शादी समारोह से लौट रहे थे, चालक को झपकी आने की वजह से हादसा

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर में चालक को झपकी आने की वजह से एक कार सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गई। इस दुर्घटना में कार में सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। सभी लोग भागलपुर से शादी समारोह में शामिल होने के बाद कार से अपने घर कटिहार लौट रहे थे। दुर्घटना एनएच-31 पर रंगरा थाना क्षेत्र के चापर ढाला के समीप हुई। मरने वाले की पहचान कटिहार के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मिरचाई बाड़ी निवासी रूपक त्रिवेदी (75) के रूप में की गई है। वहीं, घायलों में रूपक त्रिवेदी की पत्नी रंजीता देवी (70), बेटा रामकुमार त्रिवेदी (50), पुत्रवधू पुतुल देवी (45) और पोती पारूल कुमारी (15) शामिल हैं। घटना की सूचना मिलने पर रंगरा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और कार के अंदर फंसे घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकाला।

**ट्रक चालक वाहन के साथ फरारः** घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रंगरा ले गई। वहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी की गंभीर हालत देख डॉक्टरों ने मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन के साथ फरार हो गया। रंगरा थानाध्यक्ष राजाराम सिंह ने बताया कि अब तक किसी ने आवेदन नहीं दिया है। फिर भी पुलिस ट्रक चालक और उसके मालिक का पता लगा रही है। सभी घायल मायागंज में अस्पताल में भर्ती है। पत्नी, बहू व पोती की हालत नाजुक है। घटना के संबंध में घायल रामकुमार त्रिवेदी ने बताया कि वे परिवार के साथ शुक्रवार को अपनी मौसेरी बहन की शादी समारोह में शामिल होने के लिए भागलपुर गए थे। भागलपुर स्थित एक होटल में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने के बाद में सभी घर लौट रहे थे। कार को मैं खुद ही ड्राइव कर रहा था। रंगरा चौक से आगे बढ़ने के बाद रातभर जगने और थकावट के कारण मुझे झपकी आने लगी। थोड़ी देर बाद सामने से आ रहे एक ट्रक से कार टकरा गई। इसके बाद क्या हुआ, मुझे पता नहीं। पुलिस की सूचना पर परिजन रंगरा सीएचसी पहुंचे। इसके बाद पुलिस ने सभी घायलों को एम्बुलेंस से मायागंज अस्पताल भिजवाया। रंजीता देवी, पारूल कुमारी और पुतुल देवी की हालत नाजुक है।

# डिजिटल एक्स-रे व रेडियंट वार्मर बेकार पड़े हैं, नहीं हो रहा उपयोग

## नवजात को बाहरी तापमान से बचाकर ले जाना है एसएनसीयू



निज संवाददाता। मुंगेर

सदर अस्पताल में नवजात के स्वास्थ्य की अनदेखी की जा रही है। लाखों रुपए खर्च कर एसएनसीयू के लिए डिजिटल एक्स-रे मशीन और रेफरल रेडियंट वार्मर की खरीद की गई। लेकिन आज तक इन मशीनों का उपयोग नहीं किया जा सका है। प्रसव केंद्र से जब नवजात को एसएनसीयू रेफर किया जाता है तो परिजन उसे बाहरी तापमान में लेकर एसएनसीयू तक जाते हैं, जो नवजात के लिए जानलेवा साबित हो सकता है। यह हाल गर्मी, बरसात और जाड़े के मौसम में एक समान बनी रहती है। एसएनसीयू में बीते 8 साल से मिनी डिजिटल एक्स-रे मशीन पड़ी हुई है, फिर भी एक्स-रे जांच के लिए भी नवजात को एसएनसीयू से बाहर ले जाया जाता है। यह भी नवजात के स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है।

### अब नए भवन में इन मशीनों का किया जाएगा उपयोग

सभी अस्पतालों को बीएमएसआईसीएल द्वारा रेफरल रेडियंट वार्मर दिया गया है। यहां प्रसव केंद्र तथा एसएनसीयू की दूरी अधिक है और सड़क मार्ग से रेफरल रेडियंट वार्मर में नवजात को ले जाना सुरक्षित नहीं होगा। नया भवन बन जाने के बाद इसका उपयोग किया जाएगा। एक्स-रे के लिए यहां अभी डार्क रूम नहीं बना है। नए एसएनसीयू में सारी व्यवस्थाएं रहेगी।

मो. तौसिफ हसनैन, सदर अस्पताल प्रबंधक

# सड़क पार कर रहे बुजुर्ग को बाइक ने मारी टक्कर

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर में शनिवार को एक वृद्ध की सड़क हादसे में मौत हो गई। बाइक सवार युवक ने वृद्ध को टक्कर मार दी। हादसा उस वक्त हुआ जब वृद्धि घर से बाहर निकलकर सड़क पार करते हुए निजी कामों से जा रहा था। घटना की जानकारी मिलने के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। घायल अवस्था में वृद्धि को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मामला एकचारी थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है। हालांकि, घटना के बाद मौके से बाइक सवार युवक गाड़ी लेकर भागने में सफल रहा। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। मरने वाले की पहचान एकचारी थाना क्षेत्र निवासी मोहन तांती(55) के रूप में की गई है। मृतक की बेटी सुलेखा देवी ने बताया कि एकचारी थाना क्षेत्र में उनका घर स्थित है। निजी कामों से पिता घर से बाहर निकले थे। सड़क पार कर रहे थे, इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रहे बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। पिता के सिर में गंभीर चोट लगी थी। स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी मौत हो गई। मालूम हो कि मृतक मजदूरी कर अपने घर का भरण पोषण करता था। इधर, घटना के बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

# टॉप-10 लिस्ट में शामिल बदमाश गिरफ्तार, भागलपुर में लूट और चोरी करने में बहुत माहिर था बदमाश

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर पुलिस के टॉप-10 लिस्ट में शामिल 50 हजार के इनामी कुख्यात बदमाश अभिषेक कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी की पुष्टि शनिवार को सिटी SP डॉ के.राम दास ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर की। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने बताया कि SSP के निर्देशानुसार टॉप-10 सूची में शामिल मोस्ट वांटेड अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। इसी क्रम में नाथनगर थाना क्षेत्र में लूट और सबौर थाना क्षेत्र में चोरी करने के मामले में फरार चल रहे। 50 हजार के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया गया है। विधि व्यवस्था DSP के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। गठित टीम के द्वारा तिलकामांझी थाना क्षेत्र के हवाई अड्डा मैदान में DIU टीम के सहयोग से उनकी गिरफ्तारी हुई। गिरफ्तार अभिषेक पर लूट से संबंधित चार थाना क्षेत्र में अलग-अलग मामला दर्ज है। जबकि एक मामला चोरी का दर्ज है। इधर, पुलिस ने अभिषेक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजने की तैयारी कर रही है।

### शराब तस्करी के दौरान दिया था चकमा



**2018 में शराब लेकर जा रहा थाः** अभिषेक शराब तस्करी में भी बड़ा माहिर है। उन्होंने वर्ष 2018 में झारखंड से स्कॉर्पियो में शराब भर कर ला रहे थे। इसी दौरान सबौर पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि व्हाइट कलर के स्कॉर्पियो में शराब लेकर जाया जा रहा है। जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वाहन जांच अभियान चलाया। हालांकि पुलिस को देखते हुए अभिषेक मौके से फरार हो गए। जबकि उनके तीन साथी को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। उनके पास से शराब भी मिले थे। पुलिसिया पूछताछ में गिरफ्तार आरोपियों ने बताया था कि झारखंड बंगाल सहित अन्य राज्यों से शराब लाकर बिहार में खुदरा विक्रेता करते हैं। इस मामले में भी अप्राथमिक अभिषेक अभियुक्त थे।

# आरडी एंड डीजे कॉलेज की एथलेटिक्स टीम का ट्रायल एवं चयन प्रक्रिया हुई पूरी

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर विश्वविद्यालय कीड़ा परिषद द्वारा 26 से 27 नवंबर तक अंतर महाविद्यालय वार्षिक एनुअल स्पोर्टस सह एथलेटिक्स (महिला एवं पुरूष) टूर्नामेंट का आयोजन आरडी एंड डीजे कॉलेज के ग्राउंड पर किया जाएगा। इस टूर्नामेंट के लिए आरडी एंड डीजे कॉलेज की एथलेटिक्स टीम का तीन दिवसीय ट्रायल एवं चयन प्रक्रिया कॉलेज के ग्राउंड पर हुआ। स्पोर्ट्स सेक्रेटरी मुनींद्र कुमार सिंह ने बताया कि टीम मैनेजर डॉ. अनामिका जैन के नेतृत्व में महिला वर्ग के 6 सदस्य टीम में कैप्टन लाडली कुमारी, कोमल कुमारी, आयुषी कुमारी, सृष्टि कुमारी, अंशु कुमारी, अंजली कुमारी का चयन किया गया है। टीम मैनेजर डॉ. अनीश अहमद के नेतृत्व में 12 सदस्यीय पुरुष टीम में कैप्टन अमन कुमार, कन्हैया मिश्रा, गुलशन कुमार, अभिषेक कुमार, रितेश कुमार, आदित्य कुमार, मो साहिल रज़ा, अंकित कुमार, यशपाल, युवराज कुमार पाठक, प्रिंस मृणाल और प्रशांत कुमार का चयन किया गया है। पुरुष टीम का कोच मो. तौशिफ और महिला टीम का कोच राज कुमार को बनाया गया है।

### सफाई कर्मी का स्वच्छता में है योगदान



मुनींद्र ने बताया कि इस प्रतियोगिता में खिलाड़ी 100 मी, 200 मी, 800 मी, 1500 मी, 3000 मी, रिले रेस, लॉन्ग जंप, हाई जंप, ट्रिपल जंप, डिस्कस थ्रो, जैवलिन थ्रो एवं शॉटपुट थ्रो में प्रतिभाग करेंगे।

चार सदस्यीय चयन समिति में स्पोर्ट्स सेक्रेटरी, पीटीआई इंचार्ज प्रमोद कुमार, स्पोर्ट्स काउंसिल के सदस्य राव विमल और एमए जहांगीर मौजूद थे। कॉलेज के प्रभारी प्राध्यापक डॉ. प्रभात कुमार ने टीम के परिचय के दौरान खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि स्पोर्ट्स काउंसिल के पारदर्शी चयन प्रक्रिया पर पूरा भरोसा है। उन्होंने टीम को बेहतरीन प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।

# आज अविश्वास प्रस्ताव होगा पेश, अध्यक्ष ने कहा- यह एमईसी के नियम का विरोध

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर मुस्लिम एजुकेशन कमेटी में पदाधिकारियों के बीच विवाद गहराता जा रहा है। कमेटी में इन दिनों दो फाड़ हो गया है। एक पक्ष तो मुस्लिम एजुकेशन कमेटी के अध्यक्ष इंजीनियर मोहम्मद इस्लाम और महासचिव डॉ. फारूक अली को हटाने के लिए रविवार को अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए एमएम डिग्री कॉलेज में पूरी तैयारी कर ली है। दिन के 11 बजे कमेटी के अध्यक्ष व महासचिव के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया जाएगा। अध्यक्ष इंजीनियर मोहम्मद इस्लाम ने बताया कि मुख्य मुद्दा उर्दू गर्ल्स हाईस्कूल की एक महिला शिक्षक का है। उर्दू गर्ल्स हाईस्कूल के सचिव इबरार हुसैन बेला ने 30 अक्टूबर को उन्हें निलंबित कर दिया था। महिला शिक्षक के आवेदन पर 29 अक्टूबर को एमईसी के कार्यालय में बैठक हुई। इसमें उर्दू गर्ल्स हाईस्कूल के सचिव नहीं आये। उसके बाद महासचिव ने शिक्षिका के निलंबित पर रोक लगा दी, लेकिन फिर से सचिव ने महिला शिक्षक को निलंबित कर दिया। महासचिव डॉ. फारूक अली ने कहा कि अविश्वास प्रस्ताव लाना एमईसी के नियम का विरोध है। उर्दू गर्ल्स हाईस्कूल के सचिव ने कहा कि महिला शिक्षक ने सरकार के निर्देश का पालन नहीं किया। अध्यक्ष इंजीनियर इस्लाम ने बताया कि 24 नवंबर को अविश्वास प्रस्ताव पेश करने के लिए मुस्लिम एजुकेशन कमेटी के उपाध्यक्ष अफजल अहमद के निर्देश पर कमेटी के संयुक्त सचिव मुफ्ती इलियास ने पत्र जारी किया है। जबकि एमईसी के संविधान के अनुसार बैठक बुलाने करने का अधिकार अध्यक्ष व महासचिव को है। उपाध्यक्ष व संयुक्त सचिव ने एमईसी के नियम को तोड़ा है।

# पंप चालकों ने चौथे दिन भी दिया धरना



निज संवाददाता। भागलपुर

बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के सदस्यों ने बकाया वेतन भुगतान की मांग को लेकर चौथे दिन शनिवार को भी पीएचईडी कार्यलय परिसर में धरना दिया। धरना में शामिल पंप चालकों ने बकाया भुगतान सह अद्यतन भुगतान अविलंब करने की मांग कर रहे थे। संघ के अनमोल पांडेय ने कहा कि पीएचईडी के कार्यपालक अभियंता को जल्द से जल्द पंप चलाकों का बकाया राशि भुगतान करना चाहिए। कहा कि रविवार को धरना स्थगित रहेगा। मौके पर महासंघ के मुख्य संरक्षक राजकुमार शर्मा, नरेश यादव, अवनिश मिश्रा, अमरजीत मंडल, अरविंद कुमार, साजन समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# ग्रीन हॉउस विजेता, यलो हॉउस को दूसरा और ब्लू हॉउस को तीसरा स्थान, वेबसाइट को फेक बता कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की

निज संवाददाता। भागलपुर



कार्मेल स्कूल में शनिवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता हुई। उद्घाटन मुख्य अतिथि डीएफओ श्वेता कुमारी, बिहपुर के विधायक शैलेन्द्र कुमार, सम्मानित अतिथि जिला खेल पदाधिकारी जय नारायण कुमार, प्राचार्य सिस्टर आशा, उप प्राचार्या सिस्टर जैकलीन ने संयुक्त रूप से किया। स्वागत नृत्य व गीत से सभी का स्वागत किया गया। अतिथियों ने मार्चपास्ट का निरीक्षण किया। मार्चपास्ट के बाद वुशू, फेंसिंग, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल व बैडमिंटन के खिलाड़ियों ने मशाल दौड़ लगाई। प्रतियोगिता में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, रिले रेस व रस्साकसी के फाइनल मैच हुए। वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, चेस, वुशू कुंगफू, फेंसिंग व किक बॉक्सिंग के विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। स्कूल के मीडिया प्रभारी राजेश साह ने बताया कि खेल प्रतियोगिता में ग्रीन हॉउस विजेता रहा। यलो हॉउस दूसरे व ब्लू हॉउस तीसरे स्थान पर रहा। छात्राओं ने मोटिवेशनल नृत्य, ड्रिल, जुंबा नृत्य, एरोबिक की प्रस्तुति की। कक्षा 1 से 4 की छात्राओं ने फन गेम खेला। मार्शल आर्ट्स के खिलाड़ियों ने वुशू कुंगफू, फेंसिंग व किक बॉक्सिंग का प्रदर्शन किया। भागलपुर| टीएमबीयू के नाम से सोशल मीडिया पर संचालित होने वाली फेक वेबसाइटों और विभिन्न प्रकार के लिंको पर विवि प्रशासन शिकंजा कसने की तैयारी में है। डीएसडब्ल्यू प्रो. बिजेंद्र कुमार ने शनिवार को बैठक कर चार फेक वेबसाइट को चिह्नित कर कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की। पीआरओ डॉ. दीपक कुमार दिनकर ने बताया कि फेक वेबसाइट के रूप में tmbu.co.in, www.tmbu.net, www.tmbuonline.com और www.tmbu.org को चिह्नित किया गया है। इन्हें बंद करने के लिए डीआईजी, एसएसपी, एसपी, जिला साइबर सेल, विवि पुलिस स्टेशन को पत्र लिखा जा रहा है। कार्रवाई की सूचना राजभवन और शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव को भेजी जा रही है। tmbu.org पर विवि ने पूर्व में भी एफआईआर दर्ज कराई गई थी। लेकिन यह चालू स्थिति में पाई गई। पीआरओ ने बताया कि छात्र विवि की मूल वेबसाइट www.tmbuniv.ac.in से ही किसी भी तरह की सूचना प्राप्त करें।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


## संक्षिप्त समाचार

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार जख्मी

**भागलपुर, एजेंसी।** जगदीशपुर थाना क्षेत्र के मखना गांव के पास भागलपुर-हंसडीहा मुख्य सड़क पर सड़क दुर्घटना में एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना शनिवार सुबह करीब सात बजे की है। घायल की पहचान बांका जिले के बौंसी थाना अन्तर्गत नयागांव के कैलू मंडल का पुत्र पवन कुमार (27) के रूप में हुई है। गंभीर हालत मे उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जगदीशपुर लाया गया जहां से उसे मायागंज रेफर कर दिया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि वह मोटरसाइकिल से भागलपुर भी तरफ जा रहा था। तभी एक कुत्ता से टकरा कर गिर गया। इसके बाद पीछे से आ रही एक तेज गति कार ने उसे कुचल दिया। कार चालक गाड़ी लेकर भाग निकला। प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष विशाल आनंद ने बताया कि घायल को इलाज के लिए भेज दिया गया है।

### एनडीए की ऐतिहासिक जीत पर जदयू जिलाध्यक्ष ने दी बधाई

**भागलपुर, एजेंसी।** जदयू जिलाध्यक्ष त्रिपुरारी कुमार भारती सहित जदयू कार्यकर्ताओं ने बिहार के चार सीटों पर उपचुनाव में एनडीए की ऐतिहासिक जीत पर खुशी जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बधाई दी है और कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की विकास नीति पर जनता ने मुहर लगाई है। उपचुनाव में प्रचंड जनादेश के लिए बेलागंज, इमामगंज, रामगढ़ और तरारी विधानसभा की जनता का आभार जताया है।

### मवि बरोहिया में बाल विवाह पर नाटक का मंचन

**भागलपुर, एजेंसी।** कहलगांव प्रखंड के मध्य विद्यालय बरोहिया में बाल विवाह पर आधारित लघु नाटक कलियों को खिलने दो का मंचन हुआ। मुख्यमंत्री सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम के अंतर्गत बाल अधिकार बाल विवाह और बाल अपराध से संबंधित जानकारी दी गई। नाटक के माध्यम से बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों पर चोट किया गया। नाटक में मुख्य भूमिका सपना, लक्ष्मी, रिया ने निभाया।

### वार्ड सदस्य और उप मुखिया को मिला जीपीडीपी का प्रशिक्षण

**भागलपुर, एजेंसी।** प्रखंड सभागार में शनिवार को वार्ड सदस्य एवं मुखिया को जीपीडीपी के नौ थीम पर प्रशिक्षण गैर-आवासीय दिया गया। प्रशिक्षण दे रहे आनंद कुमार एवं अलका कुमारी ने बताया कि आज ग्राम पंचायत महेशी, मिरहट्टी, कटहरा, नयागांव के वार्ड सदस्य एवं उप मुखिया को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में ग्राम सभा कैसे किया जाता है। ग्राम सभा में किन-किन लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करना है। इसकी जानकारी विस्तार से दी गई।

### अहियापुर में बोरे में बंद मिला महिला का शव, हत्या की आशंका

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** अहियापुर थाना क्षेत्र में दादर पुल के नीचे अरहर के खेत से पुलिस ने शनिवार को बोरे में बंद एक महिला का शव बरामद किया है। देर शाम तक महिला की पहचान नहीं हो सकी थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने दूसरी जगह हत्या कर साक्ष्य छुपाने के लिए बोरा में बंद कर नदी के पास फेंकने की आशंका जताई है। अहियापुर थानाध्यक्ष रोहन कुमार ने बताया कि दादर पुल के नीचे फेंके बंद बोरा से दुर्गंध आने की सूचना मिली थी। इसपर थाने के एक अधिकारी को जांच के लिए भेजा गया। बोरा में महिला का शव था। महिला की उम्र करीब 50 साल होगी। वह छींटदार साड़ी और लाल रंग का स्वेटर पहने है। बाल कुछ सफेद हैं। गले पर जख्म के निशान से आशंका है कही दूसरी जगह से शव लाकर फेंका गया है। महिला की पहचान के लिए चौकीदार समेत अन्य थाने से संपर्क किया जा रहा है।

### साहेबगंज कार्यपालक पदाधिकारी से स्पष्टीकरण

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** कार्य में लापरवाही बरतने, उदासीनता, अनुशासनहीनता व वरीय अधिकारी के आदेश की अवहेलना और सरकारी सेवक नियमावली के प्रतिकूल आचरण के आरोप में साहेबगंज नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी रणधीर लाल से एसडीओ पश्चिमी ने स्पष्टीकरण पूछा है। कहा है हाईकोर्ट में दायर एक मामले में इनसे विधि शाखा के एसडीसी द्वारा जांच कर प्रतिशपथ पत्र तैयार करने को कहा गया था। मामले में जांच स्थल पर भी अनुपस्थित मिले थे। मामला जमीन संबंधित है, जिसमें इनकी उपस्थिति अनिवार्य थी, लेकिन न्यायालय में दायर वाद जैसे महत्वपूर्ण मामले में असहयोगात्मक रवैया के कारण जांच में कठिनाई हुई।

# लहरियासराय में जीत के जश्न में डूबे बिहार सरकार के मंत्री और कार्यकर्ता, 2025 की जीत का किया दावा



**दरभंगा, एजेंसी।** महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव में मिली भारी बहुमत की जीत और बिहार विधानसभा के चार सीटों पर हुए उपचुनाव में मिली जीत से गदगद भाजपा सांसद गोपाल जी ठाकुर राज्यसभा सांसद डॉ. धर्मशीला गुप्ता बिहार सरकार अतिपिछड़ा कल्याण मंत्री हरि सहनी और नगर विधायक संजय सरावगी के नेतृत्व में सैंकड़ों कार्यकर्ताओं ने जमकर लहेरियासराय टावर पर जश्न मनाया। कार्यकर्ताओ ने जीत की खुशी में जमकर पटाखे फोड़े और एक दूसरे को रंग गुलाल लगाते हुए मिठाइयां खिलाई। इस जीत पर खुशी जताते हुए नगर विधायक संजय सरावगी ने कहा कि महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव में महायुति गठबंधन को भारी जीत मिली है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सकारात्मक सोच और दूरदर्शी मार्गदर्शन का परिणाम है कि हमारा गठबंधन फिर से सरकार बनाने जा रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले 2025 के बिहार विधानसभा के चुनाव में हम लोग मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव लड़ेंगे और मजबूती के साथ सरकार बनाएंगे।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दी बधाई :** इस जीत पर खुशी जताते हुए सांसद गोपाल जी ठाकुर ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई देते हुए कहा कि देश ने प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व को स्वीकार कर रहा है यही कारण है कि महाराष्ट्र में इतनी बड़ी जीत मिली है। वहीं उत्तर प्रदेश के उप चुनाव में भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व ने सात सीटों पर जीत मिली है। इससे देश के लोगों में प्रधानमंत्री के प्रति विश्वास को समझा जा सकता है। देश प्रतिदिन विकास के रास्ते चल रहा है और रोज नए नए विकास के हो रहे है।

**सकारात्मक सोच का परिणाम है जीत :** इस जीत पर खुशी जताते हुए बिहार सरकार के अतिपिछड़ा कल्याण मंत्री हरि सहनी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री के प्रति लोगों के सकारात्मक सोच का परिणाम है महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की जीत का परिणाम की हमारा गठबंधन भारी बहुमत के साथ ज़रकर बनाने की तरफ जा रही है। हमारे गठबंधन की जीत हुई तीनो दल के नेता बैठकर एक सहमति बनाकर मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा कर दी जाएगी। वहीं बिहार विधानसभा के उपचुनाव में एनडीए गठबंधन को मिली जीत पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बधाई देते हुए कहा कि बिहार की सरकार मुख्यमंत्री के नेतृत्व में चल रही है जिसका परिणाम है उपचुनाव में सभी सीटों पर गठबंधन को जीत मिली है। उन्होंने कहा कि 2025 का विधानसभा चुनाव भी नीतीश कुमार के ही नेतृत्व में होगा और हमारे गठबंधन की सरकार बनेगी।

### मुजफ्फरपुर में कार्यकर्ताओं ने की आतिशबाजी, मिठाई बांट दी बधाई

महाराष्ट्र विधानसभा और बिहार उपचुनाव में एनडीए को मिली जीत पर शनिवार को जिला भाजपा ने जुब्बा साहनी पार्क के पास जश्न मनाया। जिलाध्यक्ष रंजन कुमार के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी की और लड्डू बांटकर एक-दूसरे को जीत की बधाई दी। जिलाध्यक्ष के अलावा मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता, गोबिंदगंज विधायक सुनिल मणि तिवारी, विधायक रामसूरत राय, पूर्व जिलाध्यक्ष रविंद्र सिंह, पूर्व विधायक बेबी कुमारी भी जश्न में शामिल रहे। जिलाध्यक्ष ने कहा कि देश में पीएम नरेंद्र मोदी की लहर विद्यमान है। वे देश को विकास के जिस रास्ते पर ले जा रहे हैं, 2047 तक भारत विकसित देश बनेगा। इस बात को महाराष्ट्र व बिहार की जनता ने भी समझा है। मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने कहा कि यह सेमीफाइनल था, आगे 2025 का फाइनल भी जीतेंगे। मौके पर महामंत्री सचिन कुमार, उपाध्यक्ष अंकज कुमार, विशेश्वर शंभू, रामनरेश मालाकार, जिला मंत्री धनंजय झा, नंदकिशोर पासवान, कनक मणि, मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल, डॉ. साकेत शुभम, प्रवक्ता सत्यप्रकाश भारद्वाज, मनोज कुमार पिंटू, युवा मोर्चा अध्यक्ष भारत रत्न यादव, किसान मोर्चा अध्यक्ष विजय पांडेय, प्रदेश प्रवक्ता प्रद्युमन राणा, टिंकू शुक्ला, शांतनु शेखर, सुजीत कुमार, मंडल अध्यक्ष धीरज सिंह, नंद किशोर ठाकुर सहित अन्य मौजूद थे।

**विकास की वजह एनडीए को मिली जीत :** मुजफ्फरपुर। बिहार में चार सीटों के उपचुनाव में एनडीए की जीत पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जिला उपाध्यक्ष मनीष कुमार ने कहा कि बिहार में डबल इंजन की सरकार के कारण विकास हो रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में जो सुशासन की सरकार चल रही है, उसी का परिणाम है कि मतदाताओं ने एनडीए उम्मीदवारों को विजय बनाया है। उपचुनाव के परिणाम ने यह साबित कर दिया कि 2025 में पुनः एनडीए की सरकार बनेगी।

# चलती ट्रेन में बुजुर्ग को पड़ा दिल का दौरा, टीटीई ने सीपीआर देकर बचाई जान, यात्रियों ने की सराहना

**छपरा, एजेंसी।** एक बार फिर चलती ट्रेन में एक बुजुर्ग के लिए भगवान बनकर आए टीटीई ने जान बचा ली। यात्रा के दौरान अचानक अचेत हुए बुजुर्ग की जान बचाने के लिए भारतीय रेल के टीटीई राजीव कुमार और मनमोहन ने पूरी जान लगा दी। चलती ट्रेन में बुजुर्ग को सीपीआर और माउथ-टू-माउथ ऑक्सीजन सपोर्ट देने की वजह से उनकी जान बच गई। रेलवे कर्मचारियों द्वारा बुजुर्ग यात्री के जीवन बचाने की यह घटना, जिसने भी सुनी उसने उनकी सराहना की है। बुजुर्ग यात्री ने रेलवे कर्मचारियों को हृदय से धन्यवाद दिया है।



टीटीई राजीव कुमार ने बताया कि हम लोग ट्रेन संख्या-15708 आम्रपाली एक्सप्रेस में टिकट चेकिंग करने के लिए सिवान स्टेशन से सवार हुए सवार होने के साथ ही अचानक से महिला के रोने चिल्लाने की आवाज आने लगी। नजदीक पहुंच कर देखा कि एक यात्री अचेत हो रहा है। स्थिति को देखते हुए हम लोगों ने सीपीआर और माउथ पंप देना शुरू कर दिया। लगातार पांच मिनट सीपीआर और माउथ पंप दिए जाने के बाद स्थिति सामान्य होने लगी। हादसे की सूचना वाराणसी कंट्रोल को दी गई। उसके बाद छपरा जंक्शन पर मेडिकल टीम द्वारा यात्री को अटेंड किया गया। हालांकि यात्री जनरल कोच में अमृतसर से हाजीपुर जा रहा था। मालूम हो कि अमृतसर से हाजीपुर जा रही आम्रपाली एक्सप्रेस (15708) के जनरल कोच में एक बुजुर्ग दंपती यात्रा कर रहे थे। अचानक 70 वर्षीय बुजुर्ग की तबीयत बिगड़ी और वाह अचेत हो गए। तभी उनकी पत्नी चिल्लाते हुए मदद की गुहार लगाने लगी। महिला को देख टीटीई राजीव कुमार और मनमोहन कुमार मौके पर पहुंचे। बुजुर्ग की स्थिति को देख बिना समय गवाएं, वह सीपीआर और माउथ-टू-माउथ ऑक्सीजन सपोर्ट देना शुरू कर दिया।

लगभग पांच मिनट तक लगातार कोशिश करने के बाद यात्री की स्थिति में सुधार दिखना शुरू हो गया। जिसके बाद बुजुर्ग ने अपनी आंखें खोली और उठकर बैठ गए। उसके बाद कोच में मौजूद यात्रियों ने कहा कि टीटीई साहब भगवान का दूत बनकर आए हैं। ट्रेन के छपरा पहुंचने के बाद रेलवे के चिकित्सकों ने उनका इलाज किया और सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

### झारखंड के बाद अब बिहार की बारी, किसी भी कीमत पर एनडीए की सरकार नहीं बनने देंगे : तेजस्वी यादव



**पटना , एजेंसी।** राजद नेता तेजस्वी यादव ने झारखंड विधानसभा के परिणामों को लेकर कहा कि हमने झारखंड में 4 सीटें जीती हैं और एक या दो सीटें बहुत कम अंतर से हारे हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन ने भारी बहुमत के साथ यहां जीत दर्ज कराई है। हम उन्हें भी धन्यवाद देते हैं। उन्होंने कहा कि जहां तक बिहार उपचुनाव का सवाल है, हमने सभी चार सीटें जीती हैं, जिन पर चुनाव हुआ था। 2024 का उपचुनाव हम हार गए, 2025 में हम ही जीतेंगे। उन्होंने कहा कि चुनावों में हार-जीत चलती रहती है। झारखंड के बाद बिहार की बारी है। यहां महागठबंधन की सरकार बनना तय है। इसके लिए हम पूरी तरह कोशिश करेंगे कि किसी भी कीमत पर बिहार में एनडीए की सरकार नहीं बने। इधर बिहार के उपचुनाव में इंडिया गठबंधन के अनुकूल परिणाम नहीं आने पर राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने कहा कि उपचुनावों में परिणाम अक्सर सत्ताधारी दल के पक्ष में ही जाता है। चूंकी इससे सरकार की सेहत पर कोई असर नहीं होता इसलिए मतदाताओं का झुकाव सत्ताधारी दलों की ओर ज्यादा रहता है। सरकार द्वारा इंडिया गठबंधन को हराने के लिए सारी ताकत लगा दी गई थी जबकि राजद का ध्यान मुख्य रूप से झारखंड विधानसभा के चुनावों पर केंद्रित था। उन्होंने कहा कि हमारे नेता झारखंड में ही कैम्प किए हुए थे, जहां हमें और इंडिया गठबंधन को शानदार सफलता मिली है। इस चुनाव में यह भी स्पष्ट हो गया कि तेजस्वी जी की लोकप्रियता और स्वीकार्यता न केवल बिहार में है बल्कि झारखंड में भी उनकी लोकप्रियता और स्वीकार्यता बढ़ी है।

# उपचुनाव से बिहार में बड़ा हुआ एनडीए का कुनबा



**पटना, एजेंसी।** बिहार विधानसभा की चार सीटों पर हुए उपचुनाव के परिणाम ने राज्य में एनडीए को और विस्तार दिया है। राज्य में सत्ताधारी दल की ताकत पहले की तुलना में अब और बढ़ गई है। जहां एनडीए के तीन घटक दल जदयू, भाजपा, हम के विधायकों की संख्या बढ़ गई है, वहीं महागठबंधन में राजद और भाकपा माले की ताकत पहले की तुलना में कम हो गई है। इसका असर आने वाले दिनों में साफ दिखेगा। चुनाव परिणाम से एनडीए के सभी दल उत्साह में हैं वहीं राजद और माले खेमे में मायूसी है। राजद -कांग्रेस के बागी विधायकों की संख्या को जोड़ दें तो 243 सदस्यीय बिहार विधानसभा में एनडीए का आंकड़ा 137 हो चुका है। वहीं विपक्षी खेमे के विधायकों की संख्या अब 106 ही रह गई है। भाजपा पहले ही नंबर वन पार्टी बन चुकी थी। रामगढ़ और तरारी में जीत के बाद भाजपा विधायकों की संख्या सदन में 78 से बढ़कर 80 हो गई है। बेलागंज में जीत के बाद जदयू विधायकों की संख्या 44 से बढ़कर 45 हो गई है।

सदन में हम के विधायकों की संख्या फिर से चार हो गई है। केंद्रीय एमएसएमई मंत्री जीतन राम मांझी के सांसद बनने के बाद उनकी बहू दीपा मांझी इमामगंज से चुनकर सदन में आ गई हैं। एनडीए के खेमे में निर्दलीय सुमित सिंह पहले से ही हैं। वे सरकार में मंत्री भी हैं। दूसरे निर्दलीय शंकर प्रसाद का झुकाव भी सत्ताधारी दल की ओर ही है।

चुनाव बाद राजद विधायकों की संख्या तकनीकी तौर पर 77 है, लेकिन उसके चार विधायक बगावत कर सरकार के साथ जा चुके हैं। ऐसे में राजद के वास्तविक विधायकों की संख्या 73 ही रह गई है। इसी तरह कांग्रेस के 19 विधायक हैं, लेकिन इनके भी दो विधायक पाला बदलकर सरकार के साथ जा चुके हैं। ऐसे में कांग्रेस के भी मौजूदा विधायकों की संख्या 17 ही रह गई है।

# बॉलीवुड एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा ने जहानाबाद में लगाए ठुमके

**जहानाबाद, एजेंसी।** बॉलीवुड की हॉट एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा शनिवार को बिहार के जहानाबाद में ठुमके लगाए। एक्ट्रेस को देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ गयी। कार्यक्रम स्थल के पास लोगों की जुटी भीड़ के कारण एनएच पर जाम लग गया। जिसको नियंत्रित करने के लिए पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। शनिवार को अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा जहानाबाद रेलवे स्टेशन के समीप कल्याण ज्वेलर्स के शोरूम का उद्घाटन करने पहुंची थी। भीड़ को देखते हुए पुलिस और प्रशासन की ओर कड़ी सुरक्षा के प्रबंध किए गए थे।



बॉलीवुड अभिनेत्री को देखने के लिए लोगों की भीड़ लगी रही। शोरूम के बाहर सड़क पर उमड़ी भीड़ में शामिल मलाइका अरोड़ा के फैन्स अभिनेत्री को देखने के लिए घंटों इंतजार करते हुए देखे गए। इस क्रम में सड़क पर वाहन रेंगते नजर आए। पहली बार जहानाबाद में आने पर उन्होंने कहा कि फैंस का बहुत प्यार मिल रहा है। यहां आकर मुझे बहुत अच्छा लग रहा है। उन्होंने कहा कि मौका मिला तो यहां दोबारा आना पसंद करुंगी। उन्होंने जहानाबाद के लोगों के लिए कहा- लव यू सो मच। मलाइका ने कहा कि बिहार से उन्हें बहुत प्यार और सपोर्ट मिलता है। इसके लिए सबको शुक्रिया।

मलाइका अरोड़ा ने कार्यक्रम स्थल पर बने स्टेज पर जाकर उपस्थित भीड़ को अभिवादन किया। उसके बाद प्रसिद्ध गाना मुन्नी बदनाम हुई के गाने पर ठुमके भी लगाई। यह देखकर फैंस खुशी से झूम उठे और जमकर तालियां बजायी। कई बार फैंस की भीड़ बेकाबू होती रही जिसे पुलिस ने सक्रियता से संभाला। अभिनेत्री के जहानाबाद पहुंचने की सूचना पर पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के चाकचौबंद व्यवस्था की गयी थी। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जगह-जगह पर पुलिस बल तैनात किए गए थे जिसका नेतृत्व स्वयं एसडीपीओ राजीव रंजन सिंह कर रहे थे। वहीं अभिनेत्री की सुरक्षा में तीन दर्जन से अधिक बाउंसर भी जहानाबाद पहुंचे थे। डी एरिया को पूरी तरह पुलिस और बाउंसर ने सील कर रखा था।

### मीनापुर : महदेइया पैक्स अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित

**मीनापुर।** पैक्स चुनाव के लिए नाम वापसी के अंतिम दिन शनिवार को महदेइया पैक्स अध्यक्ष पद के उम्मीदवार शिवचंद्र प्रसाद ने नामांकन वापस ले लिया। इस प्रकार मोहन प्रसाद निर्विरोध निर्वाचित हो गए। प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए कुल 11 लोगों ने नाम वापस लिया है, जबकि प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य के लिए 15 ने नामांकन वापस लिया है। इसी के साथ मीनापुर में 23 पैक्स अध्यक्ष पद के लिए 94 उम्मीदवार और प्रबंध कार्यकारणी के लिए 286 उम्मीदवार मैदान में हैं। मीनापुर में चौथे चरण के लिए एक दिसंबर को मतदान होना है।

### मालती राय चौथी बार बनीं पैक्स अध्यक्ष

**मोतीपुर।** प्रखंड में नाम वापसी के अंतिम दिन ब्रह्मपुर कर्मण पैक्स अध्यक्ष पद के उम्मीदवार रुद्रदेव उपाध्याय और आभा कुमारी ने नामांकन वापस ले लिया। इस प्रकार मालती राय पैक्स अध्यक्ष पद के लिए निर्विरोध निर्वाचित हो गई। अब 15 पैक्सों के उम्मीदवारों के बीच मुकाबला होना है। बीडीओ सह निर्वाची पदाधिकारी संजीव कुमार ने कहा कि मालती राय पैक्स अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुई हैं। वहीं, कार्यकारिणी के सभी सदस्य भी निर्विरोध निर्वाचित हो गए।



### जमीन मुआवजा के लिए चाचा ने 7 साल के भतीजे को छत से फेंका

**पटना, एजेंसी।** बिहार में चंद रुपए के लिए हैवानियत का खेल खेला गया। भूमि विवाद में चाचा हैवान बन गया। घटना बाढ़ थाना क्षेत्र के हासनचक गांव की है जां चाचा ने अपने 7 साल के मासूम भतीजे को जमीन के मुआवजे के विवाद में छत से नीचे फेंक दिया। इस दौरान भतीजा अपनी जान की दुहाई मांगता रहा। इस घटना में जख्मी मनीष को इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। डॉक्टर की टीम बच्चे का इलाज कर रही है। पुलिस इस मामले में कार्रवाई कर रही है। आरोपी की धर पकड़ के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। इस घटना मनीष की बहन शिवानी चाचा के प्रकोप का शिकार बन गई। वह भाई को बचाने गई तो बेरहम चाचा और चाची ने मारपीट कर जख्मी कर दिया। इस संबंध में संजय यादव ने बताया कि उसका अपने भाई शंभू यादव के साथ पूर्व में जमीन का बंटवारा हो चुका था। बंटवारे के बाद मिली जमीन का कुछ हिस्सा फोरलेन सड़क योजना में अधिग्रहित हो गया है। इसको लेकर उसके भाई शंभू यादव ने जमीन और मुआवजे पर दावा करना शुरू कर दिया। इसी को लेकर झगड़ा चल रहा था। कुछ दिन पूर्व भी उसने गुस्से में जाकर उसके बेटे के साथ मारपीट की। शनिवार को इसी बात को लेकर संजय यादव और शंभू यादव के बीच में झगड़ा शुरू हो गया। शंभू यादव और उसकी पत्नी मुनिया देवी ने मिलकर संजय यादव के पुत्र मनीष कुमार को जान मारने की नीयत से छत पर से नीचे फेंक दिया। मासूम बुरी तरह जख्मी हो गया। इस घटना को लेकर थाने में आरोपी चाचा शंभू यादव और उसकी पत्नी मुनिया देवी के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई गई है।

# एक स्टेज पर उतरे स्कूल के 800 बच्चे, नृत्य-संगीत से दिया वसुधैव कुटुंबकम् का अनूठा संदेश



**पटना, एजेंसी।** डोरेमोन और नोबिता जब स्टेज पर आये तो हिंदी-अंग्रेजी में बात करते हुए संस्कृत का श्लोक पढ़ने लगे तो ओपन ग्राउंड में बैठे सैंकड़ो लोग बातचीत बंद कर पूरा ड्रामा देखने लगे। डोरेमोन ने पृथ्वी की सुंदरता दिखाने के लिए वसुधैव कुटुम्बकम का सहारा लिया था। ऐसे कई अनूठे कार्यक्रमों के जरिये संत माइकल स्कूल के 800 बच्चों ने रूस-यूक्रेन, इरान-इसराइल युद्ध से लेकर धर्म-जाति के नाम पर लड़ाई के सामने मानवता को बड़ा दिखाने का अद्भुत प्रयास किया। संत माइकल हाई स्कूल का वार्षिक दिवस समारोह मनाया गया, जिसमें शिक्षा, सांस्कृतिक जागरूकता और सामाजिक जिम्मेदारी पर ध्यान केंद्रित किया गया। इस साल के विषय वसुधैव कुटुंबकम, जिसका अर्थ- विश्व एक परिवार है, को एक प्रेरक और विचारशील प्रस्तुति के माध्यम से जीवंत किया गया। कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि संस्कृत भाषा और पृष्ठभूमि में अंतर के बावजूद हम सभी एक साझा संबंध, मानवता से जुड़े हुए हैं। एक मार्मिक कथन में डोरेमोन ने दर्शकों को सम्मानित करते हुए कहा कि मानवता का सच्चा सार एकता और आपसी सम्मान में निहित है। उन्होंने कहा कि विविध परंपराओं और विश्वासों के बावजूद सभी लोग एक वैश्विक परिवार का हिस्सा हैं। समारोह का समापन एक प्रेरक दृश्य के साथ हुआ जिसने शांति सहानुभूति और सहयोग को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर दिया। अपनी रचनात्मक कहानी और जीवंत प्रदर्शन के माध्यम से इस कार्यक्रम ने यह याद दिलाया हमें अपनी सांस्कृतिक विविधता का उत्सव मनाना चाहिए परंतु प्रेम, करुणा तथा आपसी समझदारी को गले लगा कर ही हम जीवन में समरसता ला सकते हैं। इसके अतिरिक्त स्कूल ने न केवल शैक्षणिक क्षेत्र में बल्कि खेल कला संगीत आदि जैसे अन्य क्षेत्रों में भी छात्रों की उत्कृष्ट उपलब्धियों का उत्सव मनाया। छात्रों को उनके और असाधारण प्रदर्शन, समर्पण और मेहनत के लिए विशेष मान्यता के साथ सम्मानित किया गया। प्राचार्य ने पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी और सभी छात्रों को उत्कृष्टता के लिए निरंतर प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम की शुरुआत वैशाली के डीएम यशपाल मीणा, पटना उच्च न्यायालय की अधिवक्ता रचना चौधरी के साथ अन्य अतिथियों में रेक्टर -फादर नोर्बर्ट मैनेजेस एस जे, प्रिंसिपल फादर क्रीस्टो सवरिराजन एस जे, प्राथमिक विद्यालय की वाइस प्रिंसिपल सिस्टर मैगदली बेक, हाई स्कूल की वाइस प्रिंसिपल डॉ मारी डि क्रूज ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। स्कूल बैंड के द्वारा अतिथियों को गार्ड ऑफ़ ऑनर दिया गया। इसके बाद स्कूल गान प्रस्तुत किया गया। अतिथियों को पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया गया। प्रिंसिपल फादर क्रीस्टो सवरिराजन एस जे ने छात्राओं की प्रस्तुतियों पर गर्व करते हुए कहा कि इस वर्ष के बारे में ही नहीं था प्राइसेस समझ के बढ़ावा देने के बारे में भी था।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



युवाओं की हिस्सेदारी: 30 से 50 साल की उम्र के युवा विधायकों की संख्या में वृद्धि

# झारखंड विधानसभा चुनाव 2024: महिला और युवा विधायकों की ऐतिहासिक जीत

निज संवाददाता | रांची



झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के परिणामों ने राज्य की राजनीति में कई अहम बदलावों की झलक दिखाई है। इस बार विधानसभा में आई नयी सरकार शिक्षा, युवा और महिला सशक्तिकरण के दृष्टिकोण से ऐतिहासिक सिद्ध हो रही है। इस चुनाव में जीतने वाले विधायकों की शैक्षिक योग्यता, उनकी आय और उम्र को लेकर कई दिलचस्प तथ्य सामने आए हैं, जो इस बार की विधानसभा को अन्य विधानसभा चुनावों से अलग बनाते हैं। इस बार की विधानसभा में जीतने वाले 81 विधायकों में से 66 प्रतिशत स्नातक और उच्च शैक्षिक योग्यता वाले हैं, जो झारखंड की राजनीति में एक नया बदलाव और उम्मीद का संकेत देते हैं। इनमें से पांच विधायक ऐसे हैं, जो डॉक्टरेट की डिग्री धारक हैं। इनमें झामुमो के जामा से लुईस मरांडी, नाला से रबिंद्रनाथ महतो, भाजपा के पांकी से कुशवाहा शशि भूषण मेहता, कोडरमा से नीरा यादव और लोहरदगा से कांग्रेस के रामेश्वर उरांव का नाम प्रमुख है। यह बदलाव दर्शाता है कि राज्य के लोग अब ऐसे नेताओं को चुन रहे हैं, जो न केवल राजनीति में बल्कि शिक्षा में भी काबिलियत रखते हैं। झारखंड विधानसभा में पहली बार 12 महिला विधायकों की जीत हुई है, जो राज्य के राजनीतिक परिदृश्य में एक ऐतिहासिक घटना है। इस बार के चुनाव में कुल 128 महिला प्रत्याशी मैदान में थीं, जिनमें से 12 ने जीत हासिल की। इनमें से चार भाजपा, तीन झामुमो और अन्य दलों से भी महिला प्रत्याशियों ने सफलता प्राप्त की। कांग्रेस की ओर से इस बार सात महिला विधायक चुनी गईं, जो एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इस चुनाव में 30 से 50 साल की उम्र के 23 युवा विधायकों का चयन हुआ है, जिनमें 43 प्रतिशत कांग्रेस के, 23 प्रतिशत भाजपा के और 26 प्रतिशत झामुमो के हैं।

यह संकेत देता है कि युवा विधायक राज्य के भविष्य को लेकर नई सोच और ऊर्जा के साथ काम करेंगे। इस वर्ग को लेकर राज्य के लोग उम्मीद करते हैं कि ये युवा विधायक न केवल विकास कार्यों में तेजी लाएंगे, बल्कि समाज के विभिन्न मुद्दों पर भी सक्रिय रूप से काम करेंगे। झारखंड में इस बार सबसे अधिक करोड़पति विधायक चुने गए हैं। 79 प्रतिशत विजेताओं के पास करोड़ों की संपत्ति है, जिनमें से 30 करोड़पति प्रत्याशी थे, जिनमें से 24 ने चुनावी जीत हासिल की है। भाजपा और कांग्रेस भी इस क्षेत्र में पीछे नहीं रहे हैं, हालांकि झामुमो ने सबसे अधिक करोड़पति विधायक भेजे हैं। भाजपा के 46 करोड़पति प्रत्याशियों में से केवल 18 ने जीत दर्ज की, जबकि कांग्रेस के 25 करोड़पति प्रत्याशियों में से 15 को जीत मिली।

इस बार के चुनाव में भाजपा, झामुमो और कांग्रेस के प्रत्याशियों की शैक्षिक योग्यता में भी बदलाव देखा गया। भाजपा के कुल प्रत्याशियों में से 42 स्नातक थे, जिनमें से 13 ने जीत हासिल की। वहीं, झामुमो के 19 स्नातक प्रत्याशियों में से 16 ने सफलता पाई। कांग्रेस के 18 स्नातक प्रत्याशियों में से 13 ने जीत दर्ज की। हालांकि, राजद के विजयी उम्मीदवारों में एक भी स्नातक नहीं था। इस तथ्य ने राजनीतिक परिपक्वता को दर्शाया कि शैक्षिक योग्यता और नेताओं के अनुभव का चुनावी परिणाम पर असर पड़ता है। इस विधानसभा चुनाव ने यह साबित कर दिया कि झारखंड में अब एक नया नेतृत्व उभरकर सामने आ रहा है, जो पढ़ाई-लिखाई और युवाओं की भागीदारी को महत्व देता है। यह भी स्पष्ट होता है कि अब राज्य के लोग ऐसे नेताओं को चुन रहे हैं जो न केवल राजनीतिक दृष्टिकोण से सक्षम हैं, बल्कि जिनके पास शिक्षा, कार्यक्षमता और संपत्ति भी है। इस बदलाव ने राज्य की राजनीति में नई दिशा दी है और आने वाले समय में युवा और महिला नेतृत्व की भूमिका और महत्वपूर्ण हो सकती है। झारखंड विधानसभा चुनाव ने यह साबित कर दिया है कि राज्य के लोग अब एक अधिक शिक्षित, युवा और सक्षम सरकार की ओर बढ़ रहे हैं। यह बदलाव राज्य के लिए एक शुभ संकेत है, क्योंकि अब राज्य की राजनीति में युवाओं और महिलाओं की अधिक भागीदारी दिखाई दे रही है। इस बदलाव के साथ-साथ राज्य में होने वाले विकास कार्यों में भी तेजी आने की उम्मीद है, जो आने वाले वर्षों में झारखंड को एक नई दिशा देने में सहायक साबित होंगे।

# हरिहरगंज में संजय यादव की ऐतिहासिक जीत पर कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाइयां

निज संवाददाता | हरिहरगंज



महागठबंधन समर्थित राजद प्रदेश अध्यक्ष और हरिहरगंज-हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के राजद प्रत्याशी संजय कुमार सिंह यादव की ऐतिहासिक जीत पर कार्यकर्ताओं में गजब का उत्साह देखा गया। जीत के बाद हरिहरगंज के विभिन्न स्थानों पर जश्न का माहौल था। जीत की खुशी में कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां बांटी और श्री यादव को बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने न केवल मिठाइयां बांटी, बल्कि अपने नेता की सफलता का जश्न धूमधाम से मनाया। हरिहरगंज के अररुआ खुर्द कॉलेज मोड़ पर यादव महासभा के प्रखंड अध्यक्ष इंजीनियर संजय यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जमकर मिठाइयां बांटी और संजय यादव की ऐतिहासिक जीत पर खुशी का इज़हार किया। वहीं, महाराजगंज स्थित पाठक मार्केट में एकीकृत पारा शिक्षक संघर्ष मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र कुमार और विजय पाठक के नेतृत्व में भी जीत का जश्न मनाया गया और एक-दूसरे को मिठाइयां वितरित की गईं। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने श्री यादव को रिकार्ड मतों से जीत दर्ज करने के लिए शुभकामनाएं दीं और उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण को सराहा। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं और समर्थकों का हुजूम उमड़ पड़ा, जो श्री यादव की सफलता पर उत्साहित थे। बधाई देने वालों में प्रमुख नाम थे- बुधन सिंह यादव, महादेव यादव, आनंद यदुवंशी, सूरज कुमार, राजकुमार पासवान, संदीप साव, जयपाल चौधरी, अनिल कुमार निरंजन गुप्ता, महेंद्र यादव, शिक्षक वशिष्ठ सिंह, कपिलदेव यादव, सुरेंद्र रवि, मुन्ना उर्फ आबिद, शिक्षक अजय यादव, डीलर योगेंद्र यादव, दिलीप दास, सत्येंद्र प्रजापति, शिक्षक गोपाल यादव, संजय मेहता, विजय पाठक, उपेंद्र यादव, दीपक यादव, रंजीत यादव, अजीत शर्मा, जनार्दन चंद्रवंशी, सत्यम गुप्ता, अरुण यादव और कई अन्य सैंकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे। संजय यादव की इस जीत को उनकी मेहनत और संघर्ष का फल माना जा रहा है। इस क्षेत्र में उनकी लोकप्रियता और समर्पण ने उन्हें चुनाव में बड़ी जीत दिलाई है। हरिहरगंज और आसपास के क्षेत्रों में उनकी इस जीत का जश्न व्यापक स्तर पर मनाया गया है, और समर्थकों ने इस अवसर पर अपनी खुशियों का इज़हार किया है। यादव के समर्थकों का मानना है कि यह जीत न केवल व्यक्तिगत सफलता है, बल्कि इसने पूरे राजद पार्टी को भी मजबूती प्रदान की है। संजय यादव की इस बड़ी जीत के साथ, कार्यकर्ताओं और क्षेत्रीय लोगों की उम्मीदें भी बढ़ गई हैं। अब लोग आशा कर रहे हैं कि श्री यादव अपनी जीत का लाभ क्षेत्र के विकास कार्यों में लगाएंगे और इलाके की समस्याओं को हल करने के लिए और अधिक मेहनत करेंगे। उनकी जीत ने न केवल उनके समर्थकों का उत्साह बढ़ाया है, बल्कि पूरे क्षेत्र में एक नई ऊर्जा का संचार किया है।

# पुलिस ने की साइबर क्राइम के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, पांच संदिग्ध हिरासत में

निज संवाददाता | देवघर

जहां साइबर क्राइम के बढ़ते मामलों को देखते हुए पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नगर थाना क्षेत्र के बिलासी मोहल्ला स्थित एक लॉज पर छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने पांच संदिग्धों को हिरासत में लिया है। बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई साइबर थाना प्रभारी और उनकी टीम ने संयुक्त रूप से की। देवघर और आस-पास के इलाकों में साइबर अपराधों की बढ़ती घटनाओं पर रोक लगाने के लिए पुलिस की यह कार्रवाई महत्वपूर्ण मानी जा रही है। पुलिस को मिली जानकारी के अनुसार, इन संदिग्धों के पास से कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेज बरामद किए गए हैं, जिनमें मोबाइल फोन, लैपटॉप, सिम कार्ड और एक डायरी शामिल है। यह डायरी इन साइबर अपराधियों की गतिविधियों और संपर्कों की जानकारी से भरी पाई गई, जिससे इस गिरोह के नेटवर्क का विस्तार समझा जा सकता है। पकड़े गए आरोपियों में से तीन का ताल्लुक जसीडीह थाना क्षेत्र से है, जबकि अन्य दो आरोपी बिहार राज्य के रहने वाले बताए जा रहे हैं। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि ये लोग एक संगठित साइबर क्राइम गिरोह से जुड़े हुए हो सकते हैं, जो विशेष रूप से युवाओं को अपने जाल में फंसाने और उनसे संवेदनशील जानकारी हासिल करने के लिए धोखाधड़ी करता था। छानबीन के दौरान पुलिस ने यह भी खुलासा किया है कि इस गिरोह में कुछ युवतियां भी सक्रिय रूप से शामिल थीं। ये युवतियां गिरोह के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही थीं और साइबर अपराध की विभिन्न घटनाओं में सहयोग कर रही थीं। एक रणनीति के तहत, ये युवतियां वीडियो कॉल के माध्यम से युवक को अपने झांसे में लेकर उससे उसके बैंक खाते की जानकारी, पहचान से जुड़े दस्तावेज और अन्य निजी जानकारी हासिल करती थीं। इस तरह से ये लोग युवक-युवतियों की भावनाओं का फायदा उठाकर उनका विश्वास जीतते थे और फिर उनसे ठगी करते थे। सूत्रों के अनुसार, गिरोह की युवतियां नगर के अलग-अलग लॉज में रहती थीं और साइबर अपराध के नेटवर्क को संचालित कर रही थीं। अपने प्रभावी ढंग से युवाओं को वीडियो कॉल के माध्यम से विश्वास में लेकर उन्हें ठगने का काम करती थीं। पहले उन्हें सोशल मीडिया या फोन कॉल के जरिए संपर्क में लाया जाता था, और धीरे-धीरे उनसे निजी जानकारियां इकट्ठा की जाती थीं। इसके बाद, गिरोह के सदस्य उस जानकारी का दुरुपयोग करके विभिन्न साइबर अपराध करते थे। इस घटना के बाद देवघर पुलिस ने इस मामले की गहनता से जांच शुरू कर दी है। पुलिस यह जानने का प्रयास कर रही है कि इस गिरोह के तार और कितने लोगों और स्थानों से जुड़े हुए हैं। इसके अलावा, युवती की भूमिका और उसके द्वारा किए गए अपराधों का भी पूरा खुलासा करने की कोशिश हो रही है। पुलिस के अनुसार, यह गिरोह सिर्फ देवघर ही नहीं, बल्कि अन्य राज्यों में भी साइबर धोखाधड़ी को अंजाम दे रहा था। पुलिस ने फिलहाल हिरासत में लिए गए पांचों संदिग्धों के बारे में और अधिक जानकारी नहीं दी है। कहा जा रहा है कि इनसे पूछताछ के बाद गिरोह के अन्य सदस्यों का भी पता लगाया जाएगा, जिससे इस साइबर अपराध के जाल को तोड़ा जा सके।

## सीनियर कुश्ती प्रतियोगिता -2024 का भव्य समापन

**साहिबगंज (नि.सं.)।** सिदो कान्हू स्टेडियम में जिला स्तरीय सीनियर महिला एवं पुरुष कुश्ती प्रतियोगिता-2024 का आयोजन भव्यता से संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न कुश्ती प्रतिभाओं ने भाग लिया, जहां महिला और पुरुष दोनों वर्गों में कुश्ती के विभिन्न वजन श्रेणियों में कड़ा मुकाबला देखने को मिला। साहिबगंज जिला कुश्ती संघ द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में कई कुश्ती प्रेमियों और दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी। इस प्रतियोगिता में फ्री स्टाइल और ग्रीको रोमन कुश्ती में जिले के विभिन्न पहलवानों ने अपना दमखम दिखाया। फ्री स्टाइल कुश्ती के विभिन्न वजन श्रेणियों में पहलवानों ने अपने प्रतिद्वंदियों को पटखनी दी। फ्री स्टाइल में 57 किलो वर्ग में गजेन्द्र गौरव, 61 किलो में दीपक यादव, 65 किलो में राजु यादव, 70 किलो में सोनु यादव, 79 किलो में मनीष यादव, 86 किलो में बबन कुमार और 97 किलो वर्ग में अमन कुमार ओझा ने बाजी मारी। ग्रीको रोमन वर्ग में भी 67 किलो में राजीव कुमार, 72 किलो में अंगद कुमार यादव, और 97 किलो में सुशांत कुमार ने अपनी जीत दर्ज की। इन पहलवानों ने कठिन परिश्रम और समर्पण के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और जिले के लिए गर्व का क्षण बनाया।

# भव्य हॉफ मैराथन का आयोजन, स्थानीय नागरिकों ने पूरी ऊर्जा के साथ इस दौड़ में लिया भाग

निज संवाददाता | लातेहार



झारखंड के औद्योगिक नगरी जमशेदपुर से है, जहां रविवार को एक भव्य हॉफ मैराथन का आयोजन किया गया। इस मैराथन में शहर के हर वर्ग के लोगों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया, जिसका उद्देश्य स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और समाज में एकजुटता को बढ़ावा देना था। इस कार्यक्रम का आयोजन टाटा स्टील के सहयोग से किया गया, जो स्वास्थ्य, फिटनेस और सामुदायिक एकता को प्रोत्साहित करने में विश्वास रखता है। रविवार सुबह की ठंडक के बावजूद, शहरवासियों का उत्साह देखने लायक था। सुबह 6 बजे इस मैराथन की शुरुआत हुई, जिसमें प्रतिभागियों को 21.1 किमी की हॉफ मैराथन पूरी करनी थी। इसके अलावा 10 किमी, 5 किमी और 2 किमी की छोटी दूरी की दौड़ भी आयोजित की गई थी, ताकि हर उम्र और फिटनेस स्तर के लोग इसमें हिस्सा ले सकें। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, पेशेवर धावकों के साथ-साथ स्थानीय नागरिकों ने भी पूरी ऊर्जा के साथ इस दौड़ में भाग लिया। इस आयोजन में टाटा स्टील के प्रबंध निदेशक (एमडी) टीवी नरेंद्रन खुद भी शामिल हुए। उन्होंने दौड़ में हिस्सा लेकर न केवल प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली की ओर प्रेरित करने का एक महत्वपूर्ण संदेश भी दिया। दौड़ के बाद उन्होंने अपने संबोधन में कहा, 'यह आयोजन न केवल स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने का एक बेहतरीन प्रयास है, बल्कि समाज को एकजुट करने का भी एक माध्यम है। एक साथ दौड़ने का यह अनुभव समाज को और मजबूत बनाता है।' नरेंद्रन के साथ टाटा स्टील के कई वरिष्ठ अधिकारी भी दौड़ में शामिल हुए, जो दिखाता है कि कंपनी अपने कर्मचारियों और समाज के लिए स्वास्थ्य के महत्व को कितनी गंभीरता से लेती है। यह पहली बार नहीं है कि टाटा स्टील ने इस तरह के आयोजन में हिस्सा लिया है। कंपनी हमेशा से अपने कर्मचारियों और शहरवासियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करती रही है। इस आयोजन में महिलाओं और बच्चों की विशेष भागीदारी भी देखने को मिली। शहर के कई स्कूलों, कॉलेजों और खेल संस्थानों से जुड़े छात्र-छात्राओं ने पूरे जोश के साथ दौड़ में हिस्सा लिया। माता-पिता के साथ बच्चों ने भी दौड़ में भाग लेकर एक प्रेरणादायक संदेश दिया। महिलाओं का उत्साह भी देखते ही बनता था, जिन्होंने बड़ी संख्या में भाग लेकर समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने में अहम भूमिका निभाई। यह मैराथन एक ऐसा मंच था, जहां लोगों ने न केवल शारीरिक रूप से खुद को मजबूत करने की कोशिश की, बल्कि एकजुटता और सहयोग की भावना भी प्रदर्शित की। मैराथन के आयोजकों ने प्रतिभागियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा का विशेष ख्याल रखा। दौड़ के पूरे मार्ग पर ठंडे पानी, फर्स्ट एड और अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की गई थी। आयोजकों ने यह सुनिश्चित किया कि किसी भी आपात स्थिति में मेडिकल टीम तत्पर रहे। पूरे आयोजन स्थल पर सुरक्षा और ट्रैफिक नियंत्रण के लिए पुलिस और सुरक्षा कर्मियों की टीम भी तैनात थी, ताकि दौड़ सुचारू रूप से संपन्न हो सके। मैराथन के समापन पर विजेताओं को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। दौड़ के अलग-अलग श्रेणियों के विजेताओं को पुरस्कार, मेडल और ट्रॉफी प्रदान की गई।

## सड़क दुर्घटना में एक घायल

**देवघर (नि.सं.)।** थाना अंतर्गत सारवां- तीरनगर मुख्य मार्ग के निकट रायबांध के समीप सड़क दुर्घटना में थाना क्षेत्र के परसोडीह गांव निवासी 35 वर्षीय उमेश यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया गया कि उमेश गांव के किसी वृद्ध के शव का दाह संस्कार करने अन्य ग्रामीणों के साथ एक बस से सुलतानगंज जा रहे थे। उमेश बस पर खिड़की के किनारे सीट पर बैठा था। उसने खिड़की से सर बाहर कर रखा था। इसी दौरान रायबांध के समीप टर्निंग पर सड़क किनारे बिजली पोल से उनका सर टकरा गया। सर पर गंभीर चोट की वजह से उनकी हालत अचानक काफी नाजुक हो गई। जिससे काफी मात्रा में खून बह गया। आनन-फानन में घायल को इलाज के लिए सीएचसी लाया गया। जहां ऑन ड्यूटी चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार कर मरीज की हालत को गंभीर देखते हुए अविलंब उसे देवघर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# वृद्ध की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत

निज संवाददाता | देवघर

देवघर के रिखिया थाना क्षेत्र से आई है, जहां रतनपुर गांव में दुकान से सामान लेकर पैदल घर लौट रहे 60 वर्षीय वृद्ध मगरू ठाकुर की एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। यह हादसा सुबह करीब 7 बजे हुआ, जब मगरू ठाकुर दुकान से रोजमर्रा का सामान लेकर घर की ओर जा रहे थे। उसी समय एक अज्ञात वाहन ने उन्हें तेज गति में लापरवाही से धक्का मार दिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वृद्ध वहीं सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद आसपास के लोगों और परिजनों ने घायल मगरू ठाकुर को तुरंत देवघर के सदर अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने प्राथमिक जांच के बाद मगरू ठाकुर को मृत घोषित कर दिया। परिवार के लिए यह घटना एक गहरी क्षति लेकर आई है, और इस हादसे से गांव में शोक की लहर है। परिजनों ने बताया कि मगरू ठाकुर हर रोज की तरह सुबह दुकान से सामान खरीदने के लिए निकले थे और फिर पैदल घर लौट रहे थे। इस दुर्घटना को अंजाम देने के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया।

परिजनों ने बताया कि यह हादसा किसी तेज रफ्तार बाइक द्वारा किया गया, जिसने बिना रुके मगरू ठाकुर को टक्कर मारी और वहां से भाग निकला। बैद्यनाथ धाम ओपी प्रभारी ने घटना स्थल पर पहुंच कर मृतक का शव पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम के उपरांत शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। ओपी प्रभारी ने इस घटना का बयान रिखिया थाना प्रभारी को भी भेज दिया है, और पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। रिखिया थाना प्रभारी ने बताया कि फिलहाल घटना की सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है। पुलिस अज्ञात वाहन चालक का पता लगाने के लिए आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है, जिससे वाहन की पहचान हो सके और उसे कानून के दायरे में लाया जा सके। वहीं, पुलिस आसपास के लोगों से भी पूछताछ कर रही है, ताकि घटना के साक्ष्यों को इकट्ठा कर आरोपी को पकड़ने में सफलता मिल सके। इस दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि आए दिन तेज गति से वाहन चलाने वाले लापरवाह चालकों के कारण कई सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। पुलिस से अनुरोध किया गया है कि रतनपुर गांव में इस प्रकार की घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए उचित कदम उठाए जाएं।

# अज्ञात अपराधियों ने हाईवा पर अंधाधुंध फायरिंग, वाहन पलटा, चालक घायल, घटनास्थल से आठ खोखे बरामद

निज संवाददाता | लातेहार



झारखंड के लातेहार जिले से है, जहां रविवार सुबह हेरहंज थाना क्षेत्र के जानी जंगल के पास एक हाईवा पर अज्ञात अपराधियों ने अंधाधुंध फायरिंग कर दी। तुबेद कोल माइंस से कोयला ट्रांसपोर्ट कर रही इस हाईवा पर हुई इस हमले में वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे चालक विकास कुमार घायल हो गया। प्राथमिक इलाज के बाद चालक को बेहतर उपचार के लिए रिम्स (रांची) रेफर कर दिया गया। घटनास्थल पर पुलिस ने फायरिंग के 8 खोखे बरामद किए हैं, जो इस वारदात की गंभीरता को दर्शाते हैं। रविवार को हुए इस हमले के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। घटना के कारण हेरहंज थाना क्षेत्र के जानी जंगल के पास कोयला ट्रांसपोर्टिंग में लगे कई हाईवा वाहनों की लंबी कतार लग गई। दुर्घटनाग्रस्त हाईवा बालूमाथ के नगड़ा निवासी रिंकू यादव की थी। पुलिस को सूचना मिलते ही हेरहंज थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की प्रारंभिक जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल से बरामद खोखों को सबूत के रूप में जब्त कर लिया है और अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए छानबीन तेज कर दी है। इस घटना ने ट्रांसपोर्टिंग क्षेत्र के वाहन चालकों, ट्रांसपोर्टरों, और वाहन मालिकों के बीच खौफ का माहौल पैदा कर दिया है। मालूम हो कि इससे पहले भी लातेहार जिले में कोयला ट्रांसपोर्टिंग से जुड़े वाहनों पर उग्रवादी संगठनों द्वारा कई बार हमले किए जा चुके हैं। इसी महीने की 20 तारीख को जेपीसी (झारखंड प्रस्तुति कमेटी) नामक उग्रवादी संगठन ने लेवी (जबरन वसूली) की मांग को लेकर पांच हाईवा वाहनों को आग के हवाले कर दिया था। यह घटना लातेहार के हेरहंज थाना क्षेत्र के लात जंगल में हुई थी, जिसमें उग्रवादियों ने ट्रांसपोर्टिंग वाहनों के चालकों के साथ मारपीट की और उन पर फायरिंग भी की। इस हमले में सभी हाईवा वाहन पूरी तरह से जलकर खाक हो गए थे, और ट्रांसपोर्टिंग सेवा 40 घंटों तक ठप रही थी। डीवीसी द्वारा संचालित तुबेद कोल माइंस से कोयला ट्रांसपोर्टिंग के दौरान इन वाहनों पर हमला हुआ था। उग्रवादियों ने ट्रांसपोर्टरों से लेवी वसूलने का प्रयास किया, और जब उन्हें पैसे नहीं मिले, तो उन्होंने चालक दल को धमकाते हुए वाहनों को जला दिया। इस घटना के बाद ट्रांसपोर्टिंग कंपनी के कर्मचारियों में गहरी दहशत फैल गई थी, और कोयला ट्रांसपोर्टिंग का काम बाधित हो गया था। पुलिस फिलहाल फायरिंग की घटना की गहनता से जांच कर रही है और सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखते हुए अपराधियों की पहचान का प्रयास कर रही है। लातेहार पुलिस का मानना है कि इस घटना के पीछे उग्रवादी संगठन का हाथ हो सकता है, जो इलाके में अपनी दहशत कायम रखने और लेवी वसूलने के उद्देश्य से ऐसे हमले करते हैं। घटनास्थल से बरामद खोखों के आधार पर पुलिस ने अपराधियों के हथियारों और संभावित ठिकानों का पता लगाने की प्रक्रिया तेज कर दी है। इसके अलावा, क्षेत्र में कोयला ट्रांसपोर्टिंग के वाहनों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए पुलिस अतिरिक्त चौकसी बरतने की योजना पर भी काम कर रही है। लगातार हो रहे हमलों से ट्रांसपोर्टिंग से जुड़े चालक, ट्रांसपोर्टर और वाहन मालिकों में डर और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। कई ट्रांसपोर्टर और वाहन मालिक अब ट्रांसपोर्टिंग सेवा को अस्थायी रूप से बंद करने पर विचार कर रहे हैं। लातेहार और आस-पास के क्षेत्रों में कोयला ट्रांसपोर्टिंग से जुड़े लोग सरकार से विशेष सुरक्षा की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि उग्रवादियों के लगातार बढ़ते हमले उनकी आजीविका और सुरक्षा को खतरे में डाल रहे हैं।

# टोटो शोरूम से 3.5 लाख चोरी की घटना का हुआ खुलासा तीन आरोपी गिरफ्तार, भेजे दिए गए न्यायिक हिरासत में

- चोरी के काम में शामिल होने की कहानी
- पुलिस का कुशलता से कार्रवाई और आगे की जांच

निज संवाददाता | देवघर

देवघर के कुंडा थाना क्षेत्र से करनी बाद में स्थित एक टोटो शोरूम में 3 लाख 50 हजार रुपये का सामान चोरी होने का मामला सामने आया था। पुलिस ने इस घटना के 24 घंटे के भीतर बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन चोरों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया। चोरी के इस मामले में थाना प्रभारी विकास पासवान और उनकी टीम ने कुशलता से जांच करते हुए बलिया चौकी गांव में छापेमारी की, जहां से चोरी का पूरा सामान बरामद हुआ। पकड़े गए सामानों में टोटो बैटरी, चार्जर, कटर, प्रिंटर और अन्य सामान शामिल हैं, जिनकी कुल कीमत लगभग 3.5 लाख रुपये बताई जा रही है। चोरी के शिकार बने टोटो शोरूम संचालक चंदन कुमार ने बताया कि घटना की रात चोरों ने शोरूम में लगे ताले को तोड़कर अंदर घुसने में कामयाबी हासिल की। इसके बाद वे शोरूम में रखी कीमती बैटरी, चार्जर, कटर, प्रिंटर और अन्य सामान उठा ले गए। चोरी का पूरा घटनाक्रम शोरूम में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गया, जिसके आधार पर पुलिस ने तेजी से जांच पड़ताल शुरू की। चंदन कुमार ने अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई, और पुलिस ने सबूतों की जांच करते हुए आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी का काम अंजाम दिया। पुलिस द्वारा पकड़े गए तीनों आरोपियों की पहचान बिहार के बांका जिला के कटोरिया थाना क्षेत्र के सुंड़िया गांव के निवासी सूरज कुमार, अनुराग कुमार और चंदन कुमार के रूप में हुई है। हालांकि, ये सभी वर्तमान में कुंडा थाना क्षेत्र के बलिया चौकी गांव में अपने माता-पिता के साथ रह रहे थे। गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे आर्थिक तंगी और बेरोजगारी के कारण गांव छोड़कर देवघर आ गए थे, जहां उन्होंने मजदूरी का काम करना शुरू किया। लेकिन मजदूरी से होने वाली आय उन्हें पूरी नहीं पड़ रही थी, जिससे वे जल्द पैसा कमाने के लालच में अपराध की ओर खिंच गए। पूछताछ में एक आरोपी ने खुलासा किया कि देवघर आने के बाद उसने कई दिनों तक क्षेत्र में मजदूरी की, लेकिन इससे उसकी आर्थिक स्थिति नहीं सुधरी।

इसी दौरान उसे एक व्यक्ति मिला, जिसने उसे चोरी करने के तरीके सिखाने की बात कही। आरोपी ने बताया कि उसने पहली बार किसी तरह की चोरी की घटना को अंजाम दिया था, लेकिन पहली ही बार में पुलिस ने उन्हें सामान के साथ धर दबोचा। पकड़े गए चोरों ने स्वीकार किया कि वे आपसी सहमति से चोरी करने के लिए राजी हुए थे, और इसी के चलते उन्होंने शोरूम में घुसकर कीमती सामानों की चोरी की थी। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से इस मामले में चोरों की गिरफ्तारी और चोरी का सामान बरामद करना बड़ी सफलता मानी जा रही है। थाना प्रभारी विकास पासवान ने बताया कि इस मामले में प्राथमिक जांच पूरी कर ली गई है और सभी आरोपियों को शनिवार दोपहर 12 बजे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस ने साथ ही जानकारी दी कि इन आरोपियों की आपराधिक पृष्ठभूमि की भी जांच की जाएगी, ताकि यह पता चल सके कि कहीं ये अन्य किसी चोरी के मामलों में भी शामिल तो नहीं थे। इस घटना के बाद देवघर के स्थानीय निवासियों में पुलिस के प्रति भरोसा और बढ़ा है। कुंडा थाना क्षेत्र के लोगों का मानना है कि पुलिस की सक्रियता से क्षेत्र में अपराधियों पर लगाम लगेगी और जनता को सुरक्षा का अहसास होगा।

# कच्ची सड़क को पक्की सड़क बनवाने की मांग

निज संवाददाता | देवघर



प्रखंड क्षेत्र के सीरियां गांव के स्कूल से सारठ प्रखंड एवं जामताड़ा जिला के गांव की ओर जाने वाला जर्जर कच्ची सड़क को पक्की सड़क बनवाने की मांग गांव के युवाओं ने गोड्डा सांसद डॉ. निशिकांत दुबे एवं नवनिर्वाचित विधायक हफीजुल हसन से किया है। ग्रामीणों का कहना है कि उक्त सड़क काफी जर्जर हो गया है। जिसके कारण लोगों को आवागमन करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है । यह सड़क सीरिया जंगल होकर जामताड़ा जिला के फोफनाद, तेलियाडीह, बारीडीह, मतकमतांड, विठुला अलगचूवां,बलमो, बेहराजाल, सहित करौं एवं सारठ प्रखंड के दर्जनों गांवों को जोड़ता है। इस सड़क से काफल लोग आना-जाना करते हैं, जिन्हें काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है।

ग्रामीणों में सुबोध चौधरी, मथुरा चौधरी, हरिकिशोर चौधरी, मिथिलेश चौधरी, गोपी चौधरी अनूप चौधरी, बंटी चौधरी चंदन चौधरी आदि ने सड़क निर्माण कराए जाने की मांग जनहित में किया है। ताकि लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना नहीं करना पड़े। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार इस जर्जर सड़क को बीते वर्ष जूनियर कमांडिंग ऑफिसर मनोज कुमार चौधरी द्वारा कुछ दूर तक अपने निजी खर्चे पर मरम्मत कराया गया था ।

## पाकुड़ विस सीट जीतने पर निकाला भव्य जुलूस

**साहिबगंज (नि. सं.)।** पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र के महागठबंधन के कांग्रेस के प्रत्याशी निशात आलम की ऐतिहासिक जीत पर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर करते हुये निशांत आलम को बधाई दी है। कांग्रेस के विकास सिंह, तापेश्वर प्रसाद साहा, बिजयकुमार साहा, अब्दुल जब्बार, लोकमान सेख, दिलदार आलम, शमीम अख्तर, काबिल अहमद, अब्दुल गफुर, अब्दुल कादिर, मो मिजानूर, मो हज़रत अली, सहित सैकड़ों कांग्रेस व झामुमो कार्य कर्ताओ ने वधाई दी है। इस मौके पर प्रखंड के कई गांवों में डीजे आदि के साथ भव्य जुलूस निकाला गया।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# विचार-मंथन

## संपादकीय

## घुटती सांसों का सवाल

दिल्ली में लगातार तीसरे दिन भी वायु प्रदूषण गंभीर श्रेणी में बना रहा, जिसके कारण पर्यावरण मंत्री ने निजी कंपनियों के लिए 50 प्रतिशत कर्मचारियों को घर से काम करने का निर्देश जारी किया। यह समस्या केवल दिल्ली तक ही सीमित नहीं है बल्कि पूरे उत्तर भारत में फैली हुई है। लगातार तीसरे दिन बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की हवा में प्रदूषण का स्तर सीवियर यानी गंभीर श्रेणी में रहा। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने प्राइवेट सेक्टर कंपनियों के लिए निर्देश जारी किया कि 50 फीसदी वर्कफोर्स को वर्क फ्रॉम होम की सुविधा दे दी जाए। कई और भी कदम उठाए गए हैं लेकिन वे सब आपातकालीन और तात्कालिक उपायों की ही श्रेणी में आते हैं। हवा में प्रदूषण का बेहद खतरनाक स्तर भले दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में देखा जा रहा हो, यह समस्या यहां तक सीमित नहीं है। उत्तर भारत के बड़े इलाके में लोग इस समस्या से जूझ रहे हैं। इसी सप्ताह दिल्ली के साथ-साथ लखनऊ और पटना को देश के सर्वाधिक प्रदूषित शहरों में माना गया। यूं भी विश्व की पांचवीं सबसे बडी इकॉनमी की राजधानी अगर दुनिया के सबसे प्रदूषित शहर के रूप में देखी जा रही है और वर्षों की कोशिशों के बाद भी स्थिति जस की तस दिख रही है तो इसे एक स्थानीय समस्या नहीं माना जा सकता। सबसे बड़ी बात तो यह है कि न तो इस समस्या का स्वरूप अनजाना है, न इसके कारण अज्ञात हैं और न ही इससे बचाव के उपायों को लेकर किसी तरह की अनभिज्ञता है। हवा में प्रदूषण की कितनी मात्रा वाहनों के धुएं से आती है, कितनी इंडस्ट्री से निकलने वाले उत्सर्जन से, कितनी इस क्षेत्र में होने वाले निर्माण कार्यों से और कितनी आसपास के राज्यों में पराली जलाए जाने से- इसे लेकर थोड़ा-बहुत अंतर भले ही अलग-अलग स्टडीज में देखा गया हो, इसमें कोई दो राय नहीं कि हवा की गुणवत्ता बिगाड़ने में इन सबका सम्मिलित योगदान है। लिहाजा, धीरे-धीरे इन कारकों को नियंत्रित करने वाले ठोस कदम अगर नहीं उठाए जा रहे तो इसके पीछे इच्छा शक्ति की कमी को ही जिम्मेदार मानना होगा। इसकी एक बड़ी वजह यह है कि आम लोग भी इसे एक मौसमी समस्या मानकर चल रहे हैं। यही कारण है कि न तो यह चुनावी मुद्दा बन पाता है और न ही निर्वाचित प्रतिनिधि इसे गंभीरता से लेकर हल करने की जरूरत महसूस करते। बयानबाजी के जरिए एक-दूसरे पर दोषारोपण करके काम चला लिया जाता है।

## कानूनी दायरे में कैसे लाए जाएं चुनावी वायदे

(उमेश चतुर्वेदी)

चुनाव घोषणा पत्रों और आज के दृष्टि और संकल्प पत्रों में किए वायदों और उन्हें लागू किए जाने को लेकर ठोस शोध जरूरी है। लेकिन मोटे तौर पर इनमें दर्ज ज्यादातर वायदे पूरे हो ही नहीं पाते। इसलिए मतदाताओं के एक वर्ग अलग ढंग से सोचने लगा है। चुनाव घोषणा पत्रों में किए वायदों को पूरा न कर पाने को लेकर सत्ता में आने वाला हर राजनीतिक दल मतदाताओं और विपक्षी दलों के निशाने पर रहा है। मतदाताओं की बढ़ती जागरूकता के चलते इन आलोचनाओं से बचने के लिए राजनीतिक दलों ने अब चुनाव घोषणा पत्र जारी करना बंद कर दिया है। 2012 के उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनावों में उतरी कांग्रेस ने राज्य के लिए विजन डाक्युमेंट जारी किया। इसके बाद सभी दलों ने चुनाव घोषणा पत्र के शीर्षक को तकरीबन त्याग दिया। अब भारतीय जनता पार्टी हर चुनाव के पहले संकल्प पत्र जारी करती है तो कांग्रेस अब गारंटियां देने लगी हैं। कर्नाटक विधानसभा चुनाव में पार्टी ने पांच गारंटी देने का वादा किया। जो उसके लिए बहुत हिट रहा। अब पार्टियां गारंटी देती हैं, दृष्टि पत्र प्रस्तुत करती हैं और संकल्प पत्र प्रस्तुत करती हैं। गारंटी और संकल्प जैसे शब्द एक तरह से गवाह हैं कि राजनीतिक दलों के वायदों को लेकर मतदाताओं का एक बड़ा अब आलोचनात्मक रूख ही नहीं रखता है, बल्कि उन पर भरोसा भी नहीं करता। घोषणा पत्र भले ही अब गारंटी या दृष्टि या संकल्प पत्र में तबदील हो गए हों, लेकिन अब भी उनकी साख नहीं बन पाई है। इसकी वजह यह है कि कई बार राजनीतिक दल वोटरों को लुभाने के चक्कर में ऐसे भी वायदे कर डालते हैं, जिन्हें पूरा कर पाना उनके लिए संभव नहीं होता। राजनीतिक दल भी जानते हैं कि संकल्प, दृष्टि या गारंटी पत्र में दिए वायदों को शत-प्रतिशत पूरा करना संभव नहीं है और अगर वे करते भी हैं तो सरकारी अर्थव्यवस्था का चरमरा सकती है। फिर वे वायदे करते हैं या कह सकते हैं कि सत्ता के लक्ष्य को लेकर चलने वाली मौजूदा राजनीति की यह मजबूरी भी है। चुनाव घोषणा पत्रों और आज के दृष्टि और संकल्प पत्रों में किए वायदों और उन्हें लागू किए जाने को लेकर

*भले ही राज्य के खजाने की हालत खस्ता ही क्यों ना हो जाए। लेकिन यह भी सच है कि उस पर खर्च होने वाले फंड के स्रोत को लेकर जानकारी नहीं दी जा रही। साफ है कि चुनाव आयोग की गाइड लाइन इस संदर्भ में नाकाम लग रही है। मौजूदा आर्थिकी में लाभ पर जोर है, रोजगार का सवाल लगातार पीछे छूटता जा रहा है।*

ठोस शोध जरूरी है। लेकिन मोटे तौर पर इनमें दर्ज ज्यादातर वायदे पूरे हो ही नहीं पाते। इसलिए मतदाताओं के एक वर्ग अलग ढंग से सोचने लगा है। मतदाताओं के एक वर्ग का मानना है कि चाहे जिस भी फ्रेम में चुनाव घोषणा पत्र जारी हों, उन्हें उपभोक्ता कानून के दायरे में लाना चाहिए। जिस तरह किसी प्रोडक्ट का निर्माता अपने प्रोडक्ट को लेकर गारंटी या वारंटी देता है, और जब वे पूरे नहीं होते तो उसके प्रोडक्ट खरीदने वाले उत्पादक के खिलाफ उचित फोरम में जाकर शिकायत दर्ज करा सकते हैं, उसी तरह चुनावी घोषणा पत्रों को लेकर भी कानून होने चाहिए। इस वर्ग का मानना है कि एक फोरम ऐसा भी होना चाहिए, जिसे कानूनी ताकत हासिल हो और जो चुनावी वायदाखिलाफी की सुनवाई कर सके। चुनाव घोषणा पत्रों की स्थिति संविधान के नीति निर्देशक तत्वों की तरह ही है। नीति निर्देशक तत्व राज्य से लोक हित के तमाम कदम उठाने को लेकर उम्मीद तो करता है, लेकिन राज्य के लिए ऐसा करना अनिवार्य नहीं बनाता। नीति निर्देशक तत्वों के तहत राज्य या सरकार कदम नहीं उठाती तो किसी को भी किसी भी अदालत में इसकी शिकायत की ना तो अनुमति है और ना ही कोई अदालत ऐसी सुनवाई कर भी सकती है। चुनाव घोषणा पत्रों की भी कुछ ऐसी ही स्थिति है। चुनाव घोषणा पत्र को लेकर दाखिल एक याचिका पर सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने 5 जुलाई 2013 को अपना फैसला सुनाया था। एस. सुब्रमण्यम बालाजी बनाम तमिलनाडु सरकार और अन्य के मामले में देश की सबसे बड़ी अदालत ने चुनाव आयोग को सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की सलाह से चुनावी घोषणापत्र के संबंध में दिशा-निर्देश तैयार करने का निर्देश दिया था। इस फैसले में कोर्ट ने कहा था,

* चुनाव आयोग, राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों के बीच समान अवसर सुनिश्चित करने और यह देखने के लिए कि चुनाव प्रक्रिया की पवित्रता पर आंच ना आए, घोषणापत्र को लेकर निर्देश जारी करे। जैसे आयोग आदर्श आचार संहिता के निर्देश जारी करता है।
* आयोग के पास संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए ऐसे आदेश दे सकता है।
*अदालत को पता है कि सामान्यतया राजनीतिक दल मतदान के पहले चुनाव घोषणा पत्र जारी करते हैं, ऐसी स्थिति में चुनाव आयोग के पास किसी भी कार्य को रेगुलेट करने का अधिकार नहीं होता है। फिर भी, घोषणा पत्र को लेकर अपवाद बनाया जा सकता है, क्योंकि चुनावी घोषणापत्र का उद्देश्य सीधे चुनाव प्रक्रिया से जुड़ा होता है।
*इसके बाद चुनाव आयोग ने राजनीतिक दलों से विचार-विमर्श के बाद साल 2015 में चुनाव घोषणा पत्र को लेकर गाइड-लाइन जारी की थी। इसके अनुसार,
* चुनाव घोषणापत्र में संवैधानिक आदर्शों और सिद्धांतों से इतर कुछ भी नहीं होगा और यह आदर्श आचार संहिता के अन्य प्रावधानों की भावना के अनुरूप होगा।
*संविधान में निहित राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों के तहत राज्यों को नागरिकों के लिए विभिन्न कल्याणकारी उपाय करने के आदेश हैं, इसलिए चुनावी घोषणा पत्रों में ऐसे कल्याणकारी उपायों के वायदे पर कोई आपत्ति नहीं हो सकती। हालांकि, राजनीतिक दलों को ऐसे वादे करने से बचना चाहिए, जिनसे चुनाव प्रक्रिया की शुचिता पर असर पड़ सकता है या मतदाताओं पर उनके मताधिकार का प्रयोग करने में अनुचित प्रभाव पड़ने की आशंका हो।
* पारदर्शिता, समान अवसर और वायदों की विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए अपेक्षा की जाती है कि घोषणापत्र में किए गए वादे स्पष्ट हों और इसे पूरा करने के लिए वित्तीय संसाधन कैसे जुटाए जाएंगे, इसकी भी जानकारी हो। मतदाताओं का भरोसा उन्हीं वादों पर हासिल करना चाहिए, जिन्हें पूरा किया जाना संभव हो।

दुर्भाग्यवश चुनाव आयोग की गाइड लाइन भी बहुत प्रभावी नहीं हो पा रही है। हवा-हवाई वायदे भी खूब किए जा रहे हैं। इनमें रोजगार और नौकरियों को लेकर की जाने वाले वायदे पहले नंबर पर हैं। कल्याणकारी योजनाएं भी इसी कैटेगरी में आती हैं। लेकिन बहुत कम राजनीतिक दल ऐसे हैं, जो कल्याणकारी योजनाओं से संबंधि वायदे करते वक्त उन्हें पूरा करने के लिए जुटाई जाने वाली रकम और उनके स्रोत और तरीकों की जानकारी नहीं देते। मतदाताओं की बढ़ती जागरूकता का दबाव ही है।

## क्या जकार्ता की तरह शिफ्ट होगी देश की राजधानी?

दिल्ली में प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ रहा है। सोशल मीडिया पर लोग राजधानी दिल्ली को कहीं और शिफ्ट करने की बात कर रहे हैं। कुछ लोग चेन्नई को नई राजधानी बनाने का सुझाव दे रहे हैं। कुछ का मानना है कि अहमदाबाद या तिरुवनंतपुरम बेहतर विकल्प हो सकते हैं। दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण के साथ ही जहरीली हवा का लेवल लगातार पीक पर बना हुआ है। इस बीच सोशल मीडिया पर प्रदूषण की वजह से राजधानी को दिल्ली से शिफ्ट कर किसी दूसरे राज्य ले जाने को लेकर भी चर्चा शुरू हो गई है। दरअसल, यह चर्चा कांग्रेस नेता शशि थरूर के ट्वीट के बाद शुरू हुई है। शशि थरूर ने दिल्ली की जहरीली हवा की तुलना दुनिया के प्रदूषण से तुलना करते हुए राजधानी बदलने का संदर्भ दिया था। सोशल मीडिया पर राजधानी को शिफ्ट करने को लेकर लोगों की राय बंटी हुई है। कुछ लोग राष्ट्रीय राजधानी को दिल्ली से चेन्नई ले जाने की बात भी कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा कि राजधानी को चेन्नई ले जाया जाना चाहिए। ये भारत का सबसे सुरक्षित और सबसे साफ शहर है। राजधानी को चेन्नई ले जाने से संघवाद के लिए भी चमत्कार होगा। वहीं, कुछ यूजर्स ने अहमदाबाद का नाम सुझाया। एक यूजर ने लिखा कि क्यों ना ऐसी जगहों को शॉर्ट लिस्ट किया जो देश की संभावित राजधानी हो सकती है। यूजर ने आगे लिखा कि क्यों ना इसकी शुरुआत केरल के तिरुवनंतपुरम से की जाए। वहीं, एक यूजर ने लिखा कि देश की राजधानी को हैदराबाद शिफ्ट करने का समय आ गया है। हालांकि, राजधानी बदलने का कदम अभूतपूर्व नहीं होगा। 2022 में, इंडोनेशिया ने पर्यावरणीय चुनौतियों और जलवायु संबंधी चिंताओं की वजह से अपनी राजधानी को जकार्ता से नुसंतारा में शिफ्ट करने के लिए कानून पारित किया था। जकार्ता से लगभग 1,000 किमी दूर नया राजधानी शहर अभी भी निर्माणाधीन है।

## कातिल सड़कों पर तबाह होता जीवन एक गंभीर चुनौती

(ललित गर्ग)

भारत का सड़क यातायात तमाम विकास की उपलब्धियों एवं प्रयत्नों के बावजूद असुरक्षित एवं जानलेवा बना हुआ है, सुविधा की खूनी एवं हादसे की सड़कें नित-नयी त्रासदियों की गवाह बन रही है। भारत में सड़क दुर्घटनाएं मौतों और चोटों के प्रमुख कारणों में से एक रही हैं। अलीगढ़ में सड़क हादसा, यमुना एक्सप्रेसवे पर बस-ट्रक भिड़ी, 5 की मौत, 15 से अधिक घायल। राजस्थान में पाली-जोधपुर हाइवे पर मरीज को एक एम्बुलेंस से दूसरे में शिफ्ट करते समय डम्पर ने मारी टक्कत, चार की मौत। दिल्ली के सिग्नेचर ब्रिज पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में जामिया हमदर्द विश्वविद्यालय के दो मेडिकल छात्रों की मौत। लखनऊ में दो अलग-अलग सड़क हादसों में वृद्धा समेत दो की मौत। उत्तराखंड के देहरादून में 12 नवंबर को हुए सड़क हादसे में 6 छात्रों की मौत। ऐसे अनेक सड़क हादसे पिछले दो-तीन दिन में हुए है। वाकई भारत की सड़कों पर चलना अब जान हथेली में रखकर चलने जैसा ही होता जा रहा है। ये कातिल सड़क हादसे गंभीर एवं चुनौतीपूर्ण है। सबसे दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि ऐसी दुर्घटनाओं में निर्दोष लोग ही मारे जाते हैं। देश की इन कातिल एवं खूनी सड़कों की हकीकत बताता केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय का एक डराने वाला आंकड़ा पिछले दिनों सामने आया। मंत्रालय के अनुसार पिछले दस सालों में हुए सड़क हादसों में 15 लाख लोग मारे गए। कमोबेश सारे देश में ऐसी घटनाएं सुनने में आती हैं जिनमें रोज सैकड़ों लोगों की जीवन लीला समाप्त हो जाती है। भारत का सड़क यातायात तमाम विकास की उपलब्धियों एवं प्रयत्नों के बावजूद असुरक्षित एवं जानलेवा बना हुआ है, सुविधा की खूनी एवं हादसे की सड़कें नित-नयी त्रासदियों की गवाह बन रही है। भारत में सड़क दुर्घटनाएं मौतों और चोटों के प्रमुख कारणों में से एक रही हैं। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि भारत की जीडीपी का करीब तीन से पांच फीसदी हिस्सा सड़क हादसों में लगा है। न केवल भारत बल्कि विश्व में सड़क यातायात में मौत या जख्मी होना कुछ बहुत बड़ी परेशानियों में से एक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार हर वर्ष 13 लाख से अधिक लोग सड़क हादसों के शिकार व्यक्ति की मौत हो जाती है। ताजा आंकड़ों से पता चलता है कि देश में हर दस हजार किलोमीटर पर मरने वालों की दर 250 है जबकि अमेरिका, चीन और आस्ट्रेलिया में यह संख्या 57, 119 व 11 है। निश्चित रूप से भारत में सड़क दुर्घटनाओं में मरने वालों का यह आंकड़ा एक संवेदनशील व्यक्ति को हिलाकर रख देता है। सड़क हादसों में सबसे ज्यादा मौतें भारत में होती है। परिवहन नियमों का सख्ती से पालन जरूरी है, केवल चालान काटना समस्या का समाधान नहीं है। देश में 30 प्रतिशत ड्राइविंग लाइसेंस फर्जी हैं। परिवहन क्षेत्र में भारी भ्रष्टाचार है लिहाजा बसों का ढंग से मेनटेनेंस भी नहीं होता। इनमें बैठने वालों की जिंदगी दांव पर लगी होती है। देश भर में बसों के रख-रखाव, उनके परिचालन, ड्राइवरों की योग्यता और अन्य मामलों में एक-समान मानक लागू करने की जरूरत है, तभी देश के नागरिक एक राज्य से दूसरे राज्य में निश्चिंत होकर यात्रा कर सकेंगे। तेज रफ्तार से वाहन दौड़ाने वाले लोग सड़क के किनारे लगे बोर्ड पर लिखे वाक्य 'दुर्घटना से देर भली' पढ़ते जरूर हैं, किन्तु देर उन्हें मान्य नहीं है, दुर्घटना भले ही हो जाए। दुनिया की जानी-मानी पत्रिका 'द लांसेट' में इस मसले पर केंद्रित एक अध्ययन में बताया गया है कि भारत में सड़क सुरक्षा के उपायों में सुधार लाकर हर साल तीस हजार से ज्यादा लोगों की जिंदगी बचाई जा सकती है। अध्ययन के मुताबिक, खुनी सड़कों एवं त्रासद दुर्घटनाओं के मुख्य कारण हैं- वाहनों की बेलगाम या तेज रफ्तार, शराब पीकर गाड़ी चलाना, हेलमेट नहीं पहनना और सीट बेल्ट का इस्तेमाल नहीं करना शामिल हैं। भले ही हर सड़क दुर्घटना को केन्द्र एवं राज्य सरकारें दुर्भाग्यपूर्ण बताती है, उस पर दुख व्यक्त करती है, मुआवजे का ऐलान भी करती है लेकिन बड़ा प्रश्न है कि दुर्घटनाएं रोकने के गंभीर एवं प्रभावी उपाय अब तक क्यों नहीं किए जा सके हैं।

## आज का राशिफल

### मेष
आज दिन करियर के लिहाज से बेहद शुभ है। आपको मान सम्मान की प्राप्ति होगी। व्यापार से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी। ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी तो आप फूले नहीं समाएंगे। आपकी खुशी बढ़ेगी और रात में किसी सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने से आपको प्रसन्नता का अनुभव होगा। लोग आपके काम की सराहना करेंगे।

### वृष
आज आर्थिक मामलों में लाभ होगा और आपको आय के मामले में लाभ होगा। आय के स्रोत मजबूत करने में जुटे हुए थे। कुछ निजी मामलों में लाभ होगा और आपको घरेलू मसले आपके लिए चिन्ता का विषय बने हुए हैं। अब इस मामले में आत्मनिर्भर हो जाने के बाद यहीं सबसे जरूरी है कि शादी ब्याह या नौकरी एडमिशन के उन मामलों को देखें जिसे घर के छोटे सदस्यों को जरूरत है।

### कर्क
आज दिन व्यस्त रहेगा। आपके सामने कई काम एक साथ आएंगे। आपके विरोधी भी कुछ ऐसी हरकतें कर सकते हैं जिससे आपको गुस्सा आएगा। लेकिन खुद को शांत रखें और अपने काम पर ध्यान दें। अगर आपको अपनी स्थिति स्पष्ट करनी है तो अपने वरिष्ठ अधिकारी को बताएं। आपके धन में वृद्धि होगी और रुके कार्य पूर्ण होंगे।

### सिंह
आज करियर में लाभ मिलेगा और नौकरी के क्षेत्र में सफलता प्राप्त होगी। नौकरी को संभालकर करें। व्यापार के विस्तार के लिए समय अनुकूल है। आपको बाहर से भी सुविधाएं मिल रही हैं और आर्थिक मामलों में भी लाभ होगा। करियर में आपको बड़ा लाभ होगा। आपके लिए तरक्की के योग बन रहे हैं और भाग्य साथ देगा।

### मिथुन
आज करियर में हर काम संभलकर करने की जरूरत है। आपको हर विवाद से बचने की सलाह है। आप अपने प्रतिद्वंदियों के लिए सिरदर्द बने रहेंगे। व्यापार में अचानक उम्मीद से ज्यादा लाभ होने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। संतान पक्ष से भी अच्छी खबर मिलेगी।

### कन्या
आज दिन शुभ है। आपका मूड सुबह से अच्छा रहेगा। किसी बड़े लाभ के चक्कर में आप दिनभर भागदौड़ करने को तैयार रहेंगे। परिस्थितियां जब अनुकूल होने लगती हैं तो सभी काम बनने लगते हैं और आप सफलता की ओर बढ़ते हैं। व्यर्थ की भागदौड़ और तनाव भी कम होने लगेगा।

### तुला
आज करियर के मामले में सफलता लेकर आया है। ग्रहों के शुभ योग से आपको लाभ होगा। किसी महान व्यक्ति के आशीर्वाद से आपको करियर में सफलता मिलेगी। कोई कीमती वस्तु अचानक मिल सकती है, जिससे आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। शाम से लेकर रात तक आप सक्रिय राजनीति में व्यस्त रहेंगे तो आपको मनचाहा लाभ होगा।

### वृश्चिक
आज दिन लाभ से भरा होगा और आर्थिक मामलों में योजनाएं सफल होंगी। आर्थिक मामलों में सुखद रहेगा। काफी समय से जो असमंजस चल रहा था, आज उसका अंत होगा और निराशा भी दूर होगी। जिस कारण से आपके काम नहीं बन रहे थे, आज वह बाधा दूर हो जाएगी तो आपको रचनात्मक कार्यों में तेजी आएगी। ज्ञान-विज्ञान, कला और लेखन कार्य से जुड़े लोग काफी आगे रहेंगे।

### मकर
आज करियर के मामले में लाभ होगा। जो काम जोखिम भरे हैं, उन्हें करने से बचें, वरना नुकसान हो सकता है। कार्यक्षेत्र में सहयोगी आपकी मदद करेंगे। किसी संकट में फंस सकते हैं, इसलिए अपने काम पर ध्यान दें, वरना नुकसान हो सकता है। आपकी योजनाएं सफल होंगी और धन में वृद्धि होगी। आपके धन में वृद्धि होगी और रुके कार्य पूर्ण होंगे।

### कुंभ
आज दिन काफी व्यस्त रहेगा। घरेलू और व्यावसायिक माहौल में काफी थकान हो सकती है। कई तरह के विवाद और झंझट आपके सामने आ सकते हैं, लेकिन धैर्य से काम लें। अपनी कार्यकुशलता से आप अपनी परेशानियां कम कर पाएंगे और ऑफिस में लोग आपकी मदद करेंगे। रात का समय किसी सामाजिक या राजनीतिक कार्यक्रम में बीतेगा।

### धनु
आज दिन करियर में सफलता दिलाने वाला है। आप जो भी काम योजनाबद्ध तरीके से करेंगे उसमें आपको सफलता प्राप्त होगी। धन-संपत्ति में वृद्धि होने से मन में प्रसन्नता रहेगी। घर में भाइयों के साथ जमीन जायदाद का विवाद हल हो सकता है, किसी भी मामले में बहुत ही संभलकर रहें। हर मामले में धैर्य से काम लें। अपनी कार्यकुशलता से अगर आप समस्या का समाधान निकालने की कोशिश करेंगे तो आपको लाभ होगा।

### मीन
आज दिन लाभ से भरा होगा। आप जिस प्रतियोगिता या परीक्षा को पास करना चाहते हैं, उसमें आपको सफलता मिलने के योग हैं। आप जिस तरह से अपनी रणनीति बना रहे हैं, उससे लगता है कि आपके प्रयास सफल होंगे। आर्थिक स्थिति में भी धीरे-धीरे सुधार होगा। रात में किसी की सेहत को लेकर परेशान हो सकते हैं। आपके धन में वृद्धि होगी।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5562

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | | 8 | | 5 | | 7 | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | 1 | 5 | 7 | | | | | |
| | | 2 | | | | | 3 | 1 |
| | 4 | | 3 | 9 | 1 | | 5 | |
| 1 | 5 | | | | | 8 | | |
| | | | | | 7 | 3 | 4 | |
| 8 | | | | | | 9 | | |
| | 3 | | 1 | | 4 | | 6 | 7 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5561

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 3 | 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 2 | 9 | 3 | 7 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 7 | 8 | 3 | 5 | 2 | 1 |
| 1 | 8 | 3 | 6 | 5 | 2 | 7 | 9 | 4 |
| 4 | 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 6 | 3 | 5 |
| 5 | 7 | 6 | 9 | 3 | 4 | 2 | 1 | 8 |
| 9 | 4 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 9 | 8 | 4 | 5 | 7 |
| 2 | 5 | 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 |

## वर्ग पहेली 5562

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | ■ | 5 | 6 | 7 |
| 8 | | | | 9 | ■ | 10 | |
| | ■ | | ■ | 11 | 12 | | ■ |
| 13 | 14 | ■ | 15 | | | ■ | 16 |
| ■ | 17 | 18 | ■ | | ■ | 19 | |
| ■ | 20 | | | | ■ | 21 | |
| ■ | 22 | | ■ | ■ | 23 | | ■ |
| 24 | | | ■ | 25 | | | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. यह हमारा राष्ट्रीय वृक्ष है (4)
5. शरीर के अंगों के जोड़ संबंधी एक रोग (3)
8. पैर का आघात, पैरों से कुचलने की क्रिया (5)
10. गहरा दुख, शोक (2)
11. यदि ऐसा न होगा, विवाह के समय वधू का वर को अंगीकार करना (3)
13. उरस्थल को यह कहा जाता है (2)
15. जीवयुक्त, जीवित, जीवधारी (3)
17. जो रिश्तें में माता के भाई हो, मातुल (2)
19. ऋग्वेद के अनुसार एक प्रकार का पेय जो देव और दानव दोनों को प्रिय था (2)
20. एक प्रकार का हास्य रस प्रधान रूपक (4)
21. निष्पत्ति, समाधान, निराकरण (2)
22. दीवानी अदालत का अभियोग, नालिश, अधिकार, स्वामित्व (2)
23. पकाकर गाढ़ा किया हुआ गन्ने का रस (2)
24. कपि, बंदर (3)
25. किसी के अपेक्षा और अधिक अच्छा (4)

**ऊपर से नीचे**

1. बलवीर, बलभद्र, सीरायुक्ष, बलदेव (4)
2. ध्यानमग्न, प्रवृत्तिशील, मनोयोग से काम में लगा हुआ (2)
3. संगीत का विशेष कंपन, महक, सुगंध (3)
4. दुख, तकलीफ, कष्ट (3)
6. बौना, छोटे कद का (3)
7. तीन घंटे का समय, एक पहर (2)
9. नई जिंदगी, नया जीवन (5)
12. आवाज, शब्द, शोरगुल (2)
14. क्षमादान करने की क्रिया या भाव (5)
16. सांवले रंग का (3)
18. प्रतिमास, प्रति महीने में (4)
19. संग, साथ, संगत (4)
23. पथ, मार्ग, रास्ता (2)

### वर्ग पहेली 5561 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब्रा | य | न | ला | रा | ■ | ला | ■ |
| जी | ■ | ख | ■ | शि | का | य | त |
| ल | ह | रा | ना | ■ | फि | क | रा |
| ■ | ठ | ■ | क | म | ला | ■ | श |
| वि | ■ | ह | की | म | ■ | घा | ना |
| प्र | ति | वा | सी | ■ | मू | ल | ■ |
| ■ | र | ■ | ध | नु | ■ | मे | ला |
| ग | प | ■ | में | ■ | पा | ल | ना |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009

## संक्षिप्त समाचार

### आजमगढ़ में एम्बुलेंस में खत्म हुई आक्सीजन, कैंसर मरीज की मौत, ड्राइवर-नर्स पर लापरवाही का आरोप




**आजमगढ़, एजेंसी।** जिले में एम्बुलेंस ऑक्सीजन की कमी से शनिवार को एक अधेड़ की मौत हो गई. इसे लेकर परिजनों ने एम्बुलेंस चालक पर लापरवाही का आरोप लगाया और अस्पताल में हंगामा किया. कैंसर मरीज धर्मसेन की बेटी अमृता सिंह ने शहर कोतवाली में तहरीर दी है. पुलिस मामले की जांच कर रही है. आजमगढ़ के मुख्य चिकित्साधिकारी अशोक कुमार ने कहा कि एम्बुलेंस चालक का लाइसेंस निरस्त होगा. इसके साथ ही एंबुलेंस में मौजूद नर्स के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी. तहबरपुर थाना क्षेत्र के रैसिंहपुर निवासी धर्मसेन सिंह (55) पुत्र स्व. तिलक की बेटी अमृता सिंह ने बताया कि उनके पिता को कैंसर था. उनको उसे टाटा कैंसर हॉस्पिटल वाराणसी में भर्ती कराया गया था. इसके बाद परिजन शनिवार को धर्मसेन को निजी एम्बुलेंस से लेकर आजमगढ़ आ रहे थे. परिजन जब उन्हें लेकर चले तो वह ठीक थे. रास्ते में उन्होंने आक्सीजन कम होने की शिकायत की. परिजनों ने एम्बुलेंस चालक राजू यादव से ऑक्सीजन भरवाने को कहा. लेकिन, उसने आक्सीजन नहीं भरवाई. इसके चलते धर्मसेन की हालत बिगड़ती गई. ड्राइवर ने आक्सीजन भरवाने की बजाए एम्बुलेंस को सीधे मंडलीय अस्पताल लेकर पहुंच गया. वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद धर्मसेन सिंह को मृत घोषित कर दिया. इसके बाद परिजनों ने अस्पताल में ही हंगामा शुरू कर दिया. लोगों के हंगामे की सूचना मिलते ही नगर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई. पुलिस ने परिजनों को समझा बुझाकर मामले को शांत कराया. इस मामले में बेटी अमृता सिंह ने शहर कोतवाली में चालक के खिलाफ तहरीर दी है. धर्मसेन किसान थे. उनके दो बेटियां और एक बेटा है. इस मामले में सीएमओ अशोक कुमार ने बताया की एम्बुलेंस चालक का लाइसेंस निरस्त होगा. चालक के साथ नर्स के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी, ताकि भविष्य में कोई दूसरा एम्बुलेंस चालक ऐसी गलती दोबारा न करे. इसकी जांच एसआईसी को सौंप दी गयी है. कोतवाल शशि मौली पांडेय ने बताया कि तहरीर मिल गयी है. उसी के आधार पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी.

### कोल्हापुर में नव निर्वाचित शिवाजी पाटिल के स्वागत के दौरान लगी आग, महिला और पाटिल घायल



**कोल्हापुर, एजेंसी।** महाराष्ट्र के पश्चिमी क्षेत्र के चांदगढ़ तालुक के महागांव में नवनिर्वाचित निर्दलीय विधायक शिवाजी पाटिल के स्वागत के दौरान एक दुर्घटना हो गई। दरअसल, विधायक के स्वागत में गुलाल उड़ाया जा रहा था और इसी दौरान आग लग गई। यह घटना तब हुई जब महिलाएं विधायक की आरती उतार रही थीं और उसी दौरान जेसीबी से गुलाल गिराया जा रहा था। इस घटना से जुड़ा एक वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि जब विधायक शिवाजी पाटिल की आरती उतारी जा रही थी, तभी एक जेसीबी मशीन से गुलाल को हवा में उड़ाया गया। लेकिन अचानक, गुलाल और आग के संपर्क में आने से आग लग गई, जिससे आसपास अफरा-तफरी मच गई। आग की चपेट में आकर कुछ महिलाएं और विधायक शिवाजी पाटिल घायल हो गए। हालांकि, राहत की बात यह रही कि घायलों को गंभीर चोट नहीं आई।

# 75 सीटों पर सीधी टक्कर, बीजेपी के बुलडोजर के आगे धराशायी हो गई कांग्रेस, केवल 10 सीटें बचा पाई

**मुंबई, एजेंसी।**
महाराष्ट्र में इस बार महायुति ने तो ऐतिहासिक बहुमत प्राप्त किया किया है, अकेले बीजेपी ने भी सारे पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। पहली बार है जब बीजेपी को 132 सीटें मिली हैं। इससे पहले 2014 में बीजेपी को 122 और 2019 में 105 सीटों पर सफलता मिली थी। महाराष्ट्र में 75 सीटें ऐसी थीं जिनपर सीधा बीजेपी और कांग्रेस का मुकाबला था। कांग्रेस को करारा झटका देते हुए बीजेपी ने 65 सीटों पर कब्जा कर लिया। लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस ने अच्छी वापसी की थी। एक दशक में यह कांग्रेस का सबसे अच्छा प्रदर्शन किया था। महाराष्ट्र की 48 में से 17 सीटें कांग्रेस के खाते में गई थीं। लेकिन विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने फिर से कांग्रेस को पहले वाली स्थिति में लौटा दिया। या यूं कहें कि विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की हालत ही खराब हो गई। 2019 मे कांग्रेस ने 44 सीटें जीती थीं और 2014 में 42 पर जीत हासिल की थी। इस बार केवल 15 सीटें ही कांग्रेस के हाथ में आईं।

**बीजेपी ने कैसे कर दिया कमाल:** बीजेपी ने लोकसभा चुनाव में स्थिति देखने के बाद रणनीति में बड़ा बदलाव किया और आक्रामक अभियान चलाया। उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और राज्य में बीजेपी चीफ चंद्रशेखर बावनकुले ने भी क्षेत्रों में प्रत्याशियों का सपोर्ट किया। इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह, नितिन गडकरी और योगी आदित्यनाथ ने एंटी -इनकंबंसेंसी कोकम करने में बड़ी भूमिका निभाई।

**आरएसएस की भी बड़ी भूमिका:** जानकारों का कहना है कि आरएसएस की जमीनी पकड़ और अभियान बीजेपी की इस जीत के पीछे बड़ी वजह है। आरएसएस ने राज्य में 60हजार बैठकें की थीं। बीजेपी को इसका बड़ा फायदा मिला। कांग्रेस के पास इस तरह की जमीनी तैयारी का अबाव है। इसके अलावा कैंडिडेट सिलेक्शन का भी ध्यान सामाजिक समीकरणों के आधार पर रखा गया।



जमीन पर कांग्रेस का अभियान कम दिखाई दे रहा था। उसका परिणाम यह हुआ कि कांग्रेस के बालासाहेब थोराट और पृथ्वीराज चव्हाण जैसे दिग्गज नेता भी अपनी सीट नहीं बचा पाए। 75 में से कांग्रेस किसी तरह 10 सीटें जीत पाई। जिन इलाकों में कांग्रेस की जीत हुई है, वे या तो अल्पसंख्यक बहुल था या फिर स्थानीय नेता की अच्छी पकड़ थी। कोंकण क्षेत्र में तो कांग्रेस का एक भी विधायक नहीं बचा। उत्तर महाराष्ट्र, पश्चिमी महाराष्ट्र और मराठवाड़ा में भी एक-एक ही सीट कांग्रेस बचा पाई। राज्य में कांग्रेस के अध्यक्ष नाना पटोले ही सकोली सीट बड़ी मुश्किल से बचा पाए। सिर्फ 208 वोटों से उनकी जीत हुई है।

## नोएडा में तीनों प्राधिकरण के लिए एक समान भूखंड आवंटन की नीति तैयार, शासन को भेजी सुझावों की रिपोर्ट

**नोएडा , एजेंसी।** गौतमबुद्ध नगर जिले में 14 वर्ष के इंतजार के बाद तीनों प्राधिकरण की औद्योगिक भूखंड आवंटन नीति एक समान होने जा रही है। नोएडा प्राधिकरण के सीईओ ने इसके लिए मांगे गए सुझावों को संग्रहित कर रिपोर्ट बनाकर मुख्य सचिव को भेज दी है। इसे जल्द ही पास किया जा सकता है। इसके लागू होने से आवंटियों में नीति के बारे कोई दुविधा नहीं रहेगी। गौतमबुद्ध नगर में आने वाले निवेशकों को असमंजस नहीं हो, इसके लिए एक समान भूखंड आवंटन नीति तैयार की जा रही है। पॉलिसी को एक समान करने का प्रयास वर्ष 2010 में शुरू किया गया था। इसके तहत तीनों प्राधिकरणों में पात्रता मानदंड, पट्टे की शर्त, किराया संरचना और सभी प्रकार औपचारिकताओं को एक समान करना था। तीनों प्राधिकरण की औद्योगिक नीति एक समान करने के लिए सार्क एंड एसोसिएट कंपनी ने 35 अध्याय और 104 पेज की नीति तैयार की थी। इसको ग्रेटर नोएडा के बोर्ड में रखा गया था। मुख्य सचिव ने तीनों प्राधिकरण से अपने सुझाव मांगे थे। साथ ही, उपयुक्त नीति तैयार कर करने के लिए कहा था। नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ. लोकेश एम ने बताया कि सुझाव को संग्रह कर रिपोर्ट बनाकर मुख्य सचिव को भेज दी गई है।
सार्क एंड एसोसिएट्स द्वारा तैयार की गई इस नीति को भूखंड के आकार के अनुसार आंवटन श्रेणी में बांटा गया है। आठ हजार वर्ग मीटर से अधिक के औद्योगिक भूखंडों के आवंटन की प्रक्रिया साक्षात्कार के जरिये करने के लिए कहा गया। आवेदकों की एक स्क्रीनिंग समिति द्वारा जांच की जाए, जिसमें मानकों के अनुसार आवंटी को कुल 60 प्रतिशत अंक प्राप्त करना जरूरी होगा। इसमें सर्वाधिक योग्य और नंबर प्रतिशत हासिल करने वाले आवेदक को भूखंड आवंटित किया जाएगा। यदि वह समय से भूखंड राशि का भुगतान नहीं करता तो उसकी पंजीकरण राशि के साथ आवंटन जब्त कर लिया जाएगा। आठ हजार वर्ग मीटर तक के औद्योगिक भूखंडों की ई-नीलामी की जाएगी। स्क्रीनिंग समिति आवेदकों के तकनीकी प्रस्तावों का मूल्यांकन करेगी।

## हिमाचल में पीडब्ल्यूडी के मल्टी टास्क वर्करों का मानदेय 500 रुपये बढ़ा, अधिसूचना जारी

**शिमला, एजेंसी।**
हिमाचल प्रदेश सरकार ने पीडब्ल्यूडी में नियुक्त मल्टी टास्क वर्करों के मानदेय में 500 रुपये की बढ़ोतरी की है। अब इन कर्मचारियों को हर महीने 4500 रुपये की बजाय 5000 रुपये मिलेंगे। इस बढ़ोतरी की अधिसूचना शनिवार को अतिरिक्त सचिव लोक निर्माण विभाग सुरजीत सिंह राठौर द्वारा जारी की गई है। इसका फायदा पीडब्ल्यूडी में सेवारत चार हजार से अधिक मल्टी टास्क वर्करों को होगा।

यह कदम प्रदेश सरकार द्वारा पिछले दिनों की मंत्रिमंडल बैठक में लिया गया था, जिसमें राज्य सरकार ने पीडब्ल्यूडी के मल्टी टास्क वर्करों के वेतन में बढ़ोतरी करने का निर्णय लिया। कैबिनेट की बैठक में यह मुद्दा उठाया गया था और इसके बाद ही मानदेय में 500 रुपये की वृद्धि की घोषणा की गई। इसी साल फरवरी महीने में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने विधानसभा के बजट सत्र के दौरान 2024-25 के बजट पर चर्चा के जवाब में मल्टी टास्क वर्करों के मानदेय में बढ़ोतरी का एलान किया था।

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने भी अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर इस निर्णय की अधिसूचना को साझा किया। उनका कहना है कि राज्य सरकार लगातार कर्मचारियों की भलाई के लिए काम कर रही है और भविष्य में भी इस दिशा में कार्य जारी रहेगा। बता दें कि पीडब्ल्यूडी के ये मल्टी टास्क वर्कर्ज पूरे 8 घंटे सेवाएं देते हैं, जिसके बदले सरकार द्वारा 150 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से मात्र 4500 रुपए मासिक भुगतान किया जा रहा था। इतने कम मानदेय की वजह से मल्टी टास्क वर्कर्स को परिवार का पालन-पोषण करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। इसे देखते हुए सरकार ने इनके मानदेय को बढ़ाया है।



मल्टी टास्क वर्करज पीडब्ल्यूडी महकमे के निर्माण कार्यों में अहम भूमिका निभाते हैं। ये कर्मचारी सड़क निर्माण, मरम्मत और अन्य लोक निर्माण कार्यों में लगे रहते हैं। उनके श्रम एवं योगदान से विभाग का कार्य सुचारू रूप से चलता है और इसलिए सरकार ने उनके मेहनत और योगदान के मद्देनजर उनका मानदेय बढ़ाने का निर्णय लिया है।

## हेमंत सोरेन की जीत का सबसे बड़ा कारण क्या, मंईयां सम्मान योजना कैसे पलटी झारखंड की बाजी

**रांची, एजेंसी।**
झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 का स्पष्ट जनादेश आ गया है। जनता ने इंडिया गठबंधन को दो तिहाई बहुमत से सत्ता की चाबी सौंपी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन के सिर पर जीत का सेहरा सजा है। इस प्रचंड जीत में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को गेम चेंजर के रूप में माना जा रहा है। इसके अलावा भी दो फैक्टर हैं जिन्होंने झारखंड की बाजी पलटकर रख दी। एसटी सीटों पर मजबूत पकड़ रखने वाले झामुमो ने महिला सशक्तीकरण पर खासा जोर दिया। महिलाओं को अपने पक्ष में करने का प्रयास किया। चुनावी नतीजे बता रहे हैं कि बड़ी संख्या में राज्य की महिलाओं ने इंडिया गठबंधन को आशीर्वाद दिया है। विशेषज्ञ मान रहे हैं कि इंडिया गठबंधन को मिली इस दमदार जीत में मंईयां सम्मान योजना की भूमिका अहम है। मंईयां के मान ने हेमंत को फिर झारखंड की कमान सौंप दी है। बता दें कि चुनाव से पहले मुख्यमंत्री ने मंईयां सम्मान राशि एक हजार से बढ़ाकर दिसंबर से ढाई हजार रुपये करने की घोषणा की थी। इस योजना के तहत राज्य की 18 से 50 वर्ष की 57 लाख महिलाओं को चौथी किस्त दी जा चुकी है। पुरुषों की तुलना में राज्य की 81 में से 68 सीटों पर पुरुषों के मुकाबले 5.51 लाख से अधिक महिलाओं ने मतदान किया, जो हेमंत सोरेन के पक्ष में रहा।



ऐसे में माना जा रहा है कि झारखंड में हेमंत सोरेन की जीत में सबसे बड़े कारणों में से मंईयां सम्मान योजना का स्थान सबसे ऊपर रहेगा। झारखंड चुनावों के ऐलान से पहले की बात है। कथित जमीन घोटाला मामले में प्रदेश के आदिवासी मुख्यमंत्री को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाता है। हेमंत सोरेन को जेल भेजने वाली घटना को प्रदेश के आदिवासियों ने अपनी अस्मिता के साथ जोड़ा और विधानसभा चुनाव में जेएमएम के लिए जमकर वोट किया। यही कारण रहा कि आदिवासी सीटों पर जेएमएम ने ज्यादातर सीटें अपने नाम कर लीं।

इन योजनाओं ने भी निभाई जीत में भूमिका

इनमें सबसे प्रमुख झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना है, जो गेम चेंजर साबित हुई है। इसी प्रकार सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, पलाश ब्रांड, फूलो झानो आशीर्वाद अभियान, बैंक क्रेडिट लिंकेज, हरा राशन कार्ड, सोना सोबरन धोती-साड़ी योजना महिलाओं के काम आ रही है।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का मानना है कि महिलाएं अगर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हों, तो वह अपने परिवार, समाज, प्रदेश को उन्नति के रास्ते पर ले जा सकती हैं। हेमंत सरकार ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कई योजनाओं को धरातल पर उतारा।

## हिमाचल के लाहौल-स्पीति और कुल्लू में सीजन की पहली बर्फबारी

**शिमला, एजेंसी।**
हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी का दौर शुरू हो गया है और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फ की सफेद चादर बिछ गई है। लाहौल-स्पीति और कुल्लू में शनिवार को विंटर सीजन की पहली बर्फबारी हुई। इस दौरान लाहौल स्पीति में शनिवार शाम के समय आसमान पर अचानक बादल घिर आए और हल्की बारिश के बाद बर्फबारी का दौर शुरू हो गया। इन इलाकों में लोग व पर्यटन कारोबारी बारिश व बर्फबारी का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। अंधेरा होने तक अटल टनल रोहतांग नॉर्थ पोर्टल व उसके साथ लगते ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी का सिलसिला जारी था। इसी तरह देर शाम कुल्लू जिले के गुलाबा में भी हल्की बर्फबारी हुई है। इस बर्फबारी से इन जिलों में ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। वहीं इसका असर राज्य के अन्य इलाकों में भी देखा जा रहा है। राजधानी शिमला में भी मौसम ठंडा हो गया है। हालांकि यहां आज बादलों के बीच धूप खिली रही। लाहौल-स्पीति पुलिस की अपील, अनावश्यक यात्रा से बचें सैलानी



लाहौल-स्पीति में ताजा हिमपात के मद्देनजर जिला पुलिस अधीक्षक मयंक चौधरी ने आम जनता से अपील की है कि सभी निवासियों और यात्रियों को सूचित किया जाता है कि सिस्सू और अटल टनल रोहतांग (उत्तर पोर्टल) क्षेत्र में बर्फबारी हो रही है। ऐसे में सावधानियों और दिशानिर्देशों का पालन करें। प्रभावित क्षेत्रों में अनावश्यक यात्रा से बचें। यदि यात्रा आवश्यक है, तो अपने वाहन को स्नो चेन और विंटर टायर्स से लैस करें। सड़क पर फिसलन हो सकती है और दृश्यता कम हो सकती है। धीरे चलें और अन्य वाहनों से सुरक्षित दूरी बनाए रखें। मौसम विभाग ने अगले छह दिन राज्य भर में मौसम के साफ रहने का अनुमान जताया है। विभाग ने शनिवार को पूर्वानुमान जारी करते हुए कहा है कि 24 से 29 नवम्बर तक पूरे प्रदेश में मौसम शुष्क रहेगा। -8.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया और यह राज्य में सबसे ठंडा स्थल रहा। इसके अलावा कुकुमसेरी में -4.8 डिग्री, समधो में -1.3 डिग्री, किन्नौर के कल्पा में शून्य डिग्री, पर्यटन नगरी मनाली में 3.1 डिग्री, शिमला में 9.2 डिग्री, कुफ़री में 6.2 डिग्री, डल्हौजी में 8.5 डिग्री, सुंदरनगर में 5.2 डिग्री, भुंतर में 3.1 डिग्री धर्मशाला में 9.5 डिग्री, ऊना में 6.6 डिग्री, पालमपुर में 6 डिग्री, सोलन में 4.3 डिग्री, कांगड़ा में 7.5 डिग्री, मंडी में 6.2 डिग्री, बिलासपुर में 7.7 डिग्री, हमीरपुर में 6.9 डिग्री, चम्बा में 7.3 डिग्री, नारकंडा में 3.6 डिग्री, भरमौर में 6.2 डिग्री, रिकांगपिओ में 3 डिग्री और सियोबाग में 3.5 डिग्री सेल्सियस रहा।

## ब्रेकअप से आहत प्रेमी ने प्रेमिका को उतारा मौत के घाट, कुछ दिन बाद थी शादी; फिर खुद की कलाई काटी

**सिलचर, एजेंसी।** असम के नागांव जिले में सनसनखेज वारदात हुई है। यहां 35 वर्षीय शख्स ने अपनी पूर्व प्रेमिका की किसी और से शादी से ठीक पहले उसके परिवार के तीन सदस्यों की कथित तौर पर हत्या कर दी। हत्याकांड में आरोपी ने प्रेमिका और उसके मां-बाप को मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने वारदात को अंजाम देने के बाद अपनी कलाई काटकर आत्महत्या कर ली। आरोपी की पहचान अनुपम सूत्रधर नाम के व्यक्ति के रूप में हुई है। यह घटना शुक्रवार को नागांव जिले के रुपहीहाट पुलिस स्टेशन के तहत गोराजन इलाके में हुई। पुलिस ने बताया कि उन्होंने देर शाम शव बरामद किये। एक वरिष्ठ पुलिसकर्मी ने कहा कि तीन शवों की पहचान एक ही परिवार के सदस्यों के रूप में हुई। जबकि चौथा मृतक आरोपी है। उसकी पहचान शनिवार को की गई। अधिकारी ने एचटी को बताया, प्रारंभिक जांच के अनुसार, अनुपम सूत्रधार का परिवार की एक लड़की के साथ अफेयर था और 2022 में उनका ब्रेकअप हो गया था। स्थानीय लोगों के मुताबिक, परिवार में शादी थी और तैयारियां चल रही थीं। उन्होंने कहा, शुक्रवार को हमने चार शव देखे लेकिन एक व्यक्ति हमारे लिए अज्ञात था।

## निशाना किसी और पर लगाया था, बन कोई और गया; महिला की हत्या करना चाहता था प्रेमी, लेकिन प्रेमिका हुई घायल

**बागलकोट , एजेंसी।** इस पर ताज्जुब नहीं किया जा सकता है कि आने वाले दिनों में यह घटना बॉलीवुड की किसी फिल्म का कथानक बने। मामला कर्नाटक के बागलकोट जिले का है। यहां रहने वाली एक महिला शशिकला को बीते 15 नवंबर को एक हेयर ड्रायर कूरियर से मिलता है। शशिकला व्यस्त थीं और उसी समय पड़ोस में रहने वाली राजेश्वरी नामक एक अन्य महिला भी वहां मौजूद थी।

शशिकला ने राजेश्वरी से कूरियर को खोलकर देखने को कहा। जैसे ही राजेश्वरी ने पार्सल खोला और हेयर ड्रायर को प्लग में लगाकर चालू किया, एक धमाका हुआ और उसकी हथेली उड़ गई। मामला पुलिस तक पहुंचा तो जो कहानी सामने आई उसने प्यार, साजिश और बदले की बहुत ही खौफनाक तस्वीर दिखाई। पुलिस की जांच में सामने आया कि कोप्पल जिले का निवासी सिद्दप्पा शीलावंत ग्रेनाइट कंपनी में काम करता था। ग्रेनाइट उद्योग में विस्फोटकों के उपयोग से अच्छी तरह वाकिफ सिद्दप्पा ने शशिकला को खत्म करने की साजिश रची, क्योंकि उसे संदेह था कि उसके और उसकी प्रेमिका राजेश्वरी के बीच दरार के पीछे शशिकला थी। राजेश्वरी विधवा है और शीलावंत से प्यार करती है।

# आरएसएस का असर और हिंदू वोट, कैसे महायुति की सुनामी में ढह गए पुराने किले

**मुंबई, एजेंसी।**
महाराष्ट्र में महायुति गठबंधन की जबरदस्त जीत ने राज्य की राजनीति के समीकरण ही पलटकर रख दिए। बीजेपी और उसके सहयोगियों की इस सुनामी में कई पुराने किले ढह गए। बीजेपी, एनसीपी और शिंदे सेना के महायुति गठबंधन ने 288 में से 235 सीटों पर कब्जा कर लिया। वहीं महाविकास अघाड़ी को 50 सीटों से ही संतोष करना पड़ा। महाविकास अघाड़ी के दलों की स्थिति यह हो गई कि वे निर्दलीय उम्मीदवारों की संख्या से भी कम रह गए।

मराठवाड़ा में पलट गई बाजी

छह महीने पहले ही लोकसभा चुनाव के दौरान पूरे महाराष्ट्र में माहौल महाविकास अघाड़ी के पक्ष में दिखाई दे रहा था। मराठवाड़ा की सात लोकसभा सीटों में से छह में महायुति को हार का सामना करना पड़ा था। छह महीने में ही ऐसा हुआ कि महायुति ने 46 में से 41 विधानसभा सीटों पर कब्जा कर लिया। इसमें बीजेपी के खाते में 19, शिवसेना के 13 और एनसीपी के खाते में 8 सीटें आईं।



इस नाटकीय बदलाव के पीछे कई वजहें हैं। मराठा आरक्षण एक्टिविस्ट मनोज जरांगे के आंदलन की वजह से लोकभा चुनाव में महायुति को नुकसान उठाना पड़ा था। हालांकि इस चुनाव में मनोज जरांगे के फैक्टर असर नहीं दिखा सका। उन्होंने एन मौके पर विधानसभा चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया। वहीं उनके समुदाय से दर्जनों प्रत्याशियों ने नामांकन किया था। ऐसे में मराठा वोटर्स में उनकी पैठ कम हो गई।

बीजेपी ने सुधार के लिए सोशल इंजीनियरिंग का सहारा लिया। एक राजनीतिक जानकार ने कहा, मराठवाड़ा के लातूर, उस्मानाबाद, नांदेड़ जिलों में आरएसएस की अच्छी पकड़ है। इसके अलावा कई जिलों में धर्मगुरुओं ने भी कमान संभाली और हिंदू वोटरों के ध्रुवीकरण में लग गए। ऐसे में ओबीसी वोट भी महायुति की ओर शिफ्ट हुआ। हालांकि नांदेड़ लोकसभा उपचुनाव में बीजेपी को हार का सामना करना पड़ा।

विदर्भ में भी लोकसभा चुनाव में बीजेपी गठबंधन को झटका लगा था। इस बार महायुति ने 62 में से 39 सीटों पर कब्जा किया है। कांग्रेस कोयहां काफी नुकसान हुआ है। कोंकण बेल्ट और मुंबई मेट्रोपोलिटन रीजन में ठाकरे परिवार का दशकों पुराना किला ढह गया। यहां 39 में से केवल एक सीट पर ही उद्धव ठाकरे की सेना चुनाव जीत पाई। वहीं 35 सीटों पर महायुति का कब्जा हो गया। माना जाता है कि यहां एकनाथ शिंदे की जमीनी पकड़ है। इसके अलावा आरएसएस का भी अच्छा प्रभाव हहै। मीरा भयंदर की सीट पर बीजेपी के नरेंद्र मेहता ने कांग्रेस के मुजफ्फर हुसैन को 1 लाख 44 हजार वोटों से हराया।

## न्यूज बाइट्स

### जमीनी विवाद में मारपीट, एक घायल, रेफर

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** रफीगंज के कजपा गांव में जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट में नन्हे यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को इलाज के लिए रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती करवाया गया। जहां से डॉक्टर ने बेहतर इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल में रेफर कर दिया। डॉक्टर ने बताया कि घायल को सर में चोटे आई है। वही जानकारी के अनुसार नन्हे यादव की गांव के ही एक व्यक्ति से जमीन विवाद को लेकर विवाद बढ़ गया और मारपीट की घटना घटी।

### सरपंच के निधन पर ग्रामीणो ने जताया शोक

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** रफीगंज प्रखंड के गोरडीहा पंचायत के वर्तमान सरपंच 70 वर्षीय किशोरी साव के निधन पर ग्रामीणो ने शोक जताया। उपस्थित लोगो ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि दिया एवं आत्मा शांति के लिये दो मिनट का मौन रखा। लोगो ने बताया के 2011 से अब तक तीसरी बार लगातार सरपंच रहे। इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष विक्की यादव, मुखिया विजय सिंह, पैक्स अध्यक्ष लालमोहन यादव, पूर्व मुखिया शहजादा शाही, पूर्व मुखिया बिनोद प्रसाद, पूर्व पैक्स सत्येंद्र यादव, पंस ईश्वर चौधरी, उप मुखिया कृष्ण कुमार गुप्ता उर्फ महेंद्र साव, राजेश कुमार, उप सरपंच केशीया देवी, प्रधानाध्यापक ओम प्रकाश कुमार उर्फ नंदू यादव, जयराम यादव, वार्ड सदस्य राजेश यादव, अखिलेश ठाकुर, पुत्र रवि गुप्ता, राजकुमार साव, उपेन्द्र कुमार, पंच नेमी दास, राम ईश्वर दास, रिंकू देवी, सुमित्रा देवी, कौशल्या देवी, शकुंतला देवी, शहनाज खातून, मोती यादव, सरस्वती देवी, यास्मीन खातून सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### 24 घंटे के अंदर 104 अपराधी गिरफ्तार

**पटना (नि.सं.)।** पटना पुलिस एक्शन मोड में हैं। अपराध पर लगाम लगाने के लिए लगातार जांच अभियान चला रही है। इसी कड़ी में पिछले 24 घंटे के अंदर छापेमारी कर अलग-अलग थाना क्षेत्र से 104 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। नियमों की अवहेलना पर 284 वाहनों को समन किया है। शराब पीकर गाड़ी चलाने के जुर्म में 26 चालकों को गिरफ्तार किया है। 61 गाड़ियों को जब्त किया है। करीब 12.5 लाख रुपए का चालान भी काटा है। SSP राजीव मिश्रा के आदेश पर कार्रवाई की गई है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से 1 हथियार, 1मैगजीन, 14 जिंदा कारतूस, 8 बाइक, सोने-चांदी के जेवरात, 2212 लीटर विदेशी शराब, 150 लीटर देसी शराब और 2 मोबाइल बरामद हुआ है।

### वैश्य महासभा ने एनडीए की जीत पर सीएम को दी बधाई

**पटना (नि.सं.)।** बिहार वैश्य महासभा ने राज्य के चार विधानसभा क्षेत्रों में हुए उपचुनाव में एनडीए प्रत्याशियों की जीत पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बधाई दी। महासभा के अध्यक्ष डॉ. आनंद कुमार ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में जनता के विश्वास का प्रतीक है। यह संकेत है कि 2025 में विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में एनडीए की सरकार बनेगी। अगले साल चुनाव में विपक्ष का सूपड़ा साफ होने वाला है। महासभा के अन्य कार्यकर्ताओं ने इस जीत को ऐतिहासिक बताया।

### पटना सिटी में संगत-पंगत का कार्यक्रम का आयोजन

**पटना (नि.सं.)।** मिलेट मैन के नाम से प्रसिद्ध पद्मश्री डॉ खादिर वली ने कहा कि मिलेट्स स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद आहार है। खान पान हमारी बीमारियों की जड़ हैं। उचित आहार का उपयोग कर हम बीमारियों से बचाव कर सकते हैं। मैं आपकी रसोई में वैद्य बैठाने की मुहिम में निकला हूँ ताकि आपको बार - बार डॉक्टर के पास जाने की जरूरत न पड़े। डॉ खादिर वली यहाँ आदि चित्रगुप्त मंदिर , पटना सिटी में आयोजित संगत पंगत में उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। डॉ खादिर ने कहा कि बाजार ने हमारा किचन बिगाड़ दिया है और स्वाद ने शरीर। जानते समझते हुए भी फास्ट फूड खाकर हम बीमार हो रहे हैं और जीवन भर की कमाई डॉक्टरों को सौंप कर कंगाल हो रहे हैं। हमें आनेवाली पीढ़ियों की जिन्दगी सुरक्षित बनाने के लिए मिलेट्स को अपने भोजन में अपनाना चाहिए।

# लूटकांड में एक गिरफ्तार, चोरी की मोटरसाइकिल सहित दो मोबाइल फोन और देशी कट्टा बरामद

**निज संवाददाता | गोह (औरंगाबाद)**



औरंगाबाद जिला के गोह प्रखंड के उपहारा थाना के पुलिस ने चोरी के दो मोटरसाइकिल, एक मोबाइल फोन, एक देसी कट्टा के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार किया गया। इस मामले में तीन अन्य किशोर को विधि विरूद्ध किया गया है। अपराधी गोह थाना क्षेत्र के सारया गांव निवासी स्वर्गीय अनुज यादव का पुत्र पंकज कुमार (21) है। मामले की जानकारी रविवार को दाउदनगर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार ऋषिराज ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दी। जानकारी के मुताबिक, घटना के 6 घंटे के बाद पुलिस ने लूट कांड का उद्भेदन किया गया है। कुमार ऋषिराज ने बताया कि देवकुंड थाना क्षेत्र के आंधी बीघा (बनतारा) निवासी संजय सिंह के पुत्र राहुल कुमार (24) ने 23 नवंबर 2024 को एक लिखित आवेदन प्राप्त हुआ। जिसमें उल्लेख किया कि गोह से अपने सुपर स्प्लेंडर गाड़ी (बीआर26सी- 5194) से घर जा रहे थे। तभी बुधई मोड़ के पास तीन व्यक्ति लाल और काला कलर के ग्लैमर मोटरसाइकिल से आए और पिस्तौल का भय दिखाकर राहुल कुमार का मोटरसाइकिल छीनकर भाग गए। प्राप्त आवेदन के माध्यम से सूचना के आधार पर उपहरा थाना कांड संख्या ( 124/24 ) 24 नवंबर 2024 को अज्ञात चोरों के विरुद्ध दर्ज किया गया। सफल उद्वेदन हेतु थाना अध्यक्ष मनेष कुमार अपने अन्य पुलिस बल के साथ छापामारी अभियान शुरू कर दी। छापामारी के क्रम में विश्वसनीय गुप्तचर के माध्यम से प्राप्त सूचना के आधार पर उक्त घटना को अंजाम देने वाले ग्राम तैयाप बीघा से दो मोटरसाइकिल के साथ एक युवक गिरफ्तार किया गया है। तीन अन्य किशोर को विधि विरूद्ध किया गया। छापामारी दल में उपहरा थाना अध्यक्ष मनेष कुमार, एस आई गिरधर उपाध्याय, एएसआई चंदन कुमार सागर साहित्य अन्य पुलिस बल शामिल रहे।

# एनसीसी के स्थापना दिवस पर कैडेटों व कॉलेज कर्मी ने किया रक्तदान

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

एनसीसी के 76वां स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार को रामलखन सिंह यादव कॉलेज औरंगाबाद में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 13 एनसीसी कैडेटों और कॉलेज कर्मी ने अपना-अपना रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ तरुण माथुर, सहायक लक्ष्मी भूषण, कंप्यूटर विभाग के जितेंद्र कुमार, डब्लू गिरी, एनसीसी कैडेट गोल्डन कुमार, पवन कुमार, रूपेश कुमार, सुमित कुमार, सितेश कुमार, शशिरंजन कुमार, धर्मजीत कुमार, निलेश कुमार आदि शामिल हैं।

एएनओ विवेक कुमार ने बताया कि शिविर में 13 बिहार बटालियन एनसीसी औरंगाबाद अंतर्गत आने वाले रामलखन सिंह यादव कॉलेज के अलावा सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज, एएनएस कॉलेज नवीनगर, जेएलएन कॉलेज डेहरी के कैडेट भी शामिल हुए। वहीं शहर के कारगिल चौक स्थित शहीद जवान के प्रतिमा स्थल की सफाई की गई। इसके अलावा कॉलेज में स्थित प्रतिमा स्थल पर भी सफाई अभियान चलाया गया। इस मौके पर सूबेदार सदन रॉय, एनसीसी कैडेट उमाशंकर कुमार, उपेन्द्र कुमार, राहुल कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।




# लोगों ने सुना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात का 116वां एपिसोड

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



शहर के रामराज नगर स्थित पार्टी नेता अरविंद सिंह के आवास पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं में पीएम मोदी के मन की बात का 116वां एपिसोड सुना। इस दौरान मोदी ने विकसित भारत के लिए युवाओं की भूमिका पर जोर दिया। कहा कि यह युवाओं के लिए स्वर्णिम युग है। युवाओं के व्यक्तित्व के निर्माण में एनसीसी की महत्ता को सराहा। कहा कि बुजुर्गों की सुविधा के लिए डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट जारी कर उनकी सुविधा का सरकार ने ख्याल रखा है। उन्होंने बुजुर्गों को डिजिटल साक्षर बनाने में युवाओं से आगे आने की अपील की। उन्होंने डिजिटल अरेस्टिंग पर चोट कर उससे सुरक्षा की बात की। उन्होंने युवाओं को पुस्तक से जुड़ने की सलाह दी। कहा कि युवाओं के लिए लाइब्रेरी से बढ़िया जगह नही है। लाइब्रेरी में हर व्यक्ति के लिए कुछ न कुछ जरूर होता है। यह प्रतियोगियों के लिए भी लाभदायक है।हमे किताबो से दोस्ती बढ़ानी होगी। अपनी गुयाना यात्रा की चर्चा करते हुए पीएम ने भारतीय उद्यम की सराहना की। उन्होंने आज की डिजिटल क्रांति के लिए युवाओं के सामर्थ्य को भी सराहा। कहा कि इससे जीवन आसान हुआ और सूचनाओं का आदान प्रदान आसान हुआ है। उन्होंने इतिहास को संजोकर भविष्य के निर्माण की बात कही। उन्होंने दुनिया के उनलोगों को धन्यवाद कहा जिनके हृदय में भारत बसता है। एक पेड़ मां के नाम पर चर्चा करते हुए पांच माह में एक करोड पेड़ लगाने के मिशन को भी सराहा। कहा कि इस अभियान से अब भारत के बाहर के लोग भी जुड़ रहे है। पक्षी संरक्षण की चर्चा करते हुए उन्होंने गौरैये को बचाने की भी अपील की। उन्होंने पक्षी संरक्षण में लगे संस्थाओं के प्रयास को सराहा। सरकारी व्यवथा पर अधिभार बने फाइलों को हटाने और साफ-सफाई के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कबाड़ से जुगाड़ पर भी चर्चा की। कहा कि जहां स्वच्छता होती है वहां लक्ष्मी का वास होता है।

# पैसे के विवाद में दो भाई के बीच मारपीट, एक युवक घायल



**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

औरंगाबाद के नगर थाना क्षेत्र के कर्मा रोड स्थित जय प्रकाश नगर में दो सगे भाई के बीच बकाया पैसा के विवाद को लेकर मारपीट हुई। इसमें तेलिया पोखरा गांव निवासी राम लखन सिंह के बेटे पलजीत सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को औरंगाबाद सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया गया।

डॉक्टरों ने घायल का प्राथमिक उपचार किया। डॉक्टर ने बताया कि घायल को सिर में गहरी चोट आई है। ट्रक के किस्त नहीं जमा करने को लेकर दोनों भाइयों में विवाद हुआ। घायल पलजीत सिंह ने बताया कि कुछ साल पहले मेरे भाई दलजीत सिंह मेरे नाम पर एक ट्रक खरीदा था। जो विगत कुछ महीने से ट्रक का (ईएमआई) महीना का किस्त नहीं भर रहा था। घायल ने बताया कि फाइनेंसर कंपनी के बार-बार उगाही के लिए फोन किए जाने पर भाई को पैसा के लिए बोले। वह वर्तमान समय में जयप्रकाश नगर में रहता है। वहीं पर पैसा मांगने के लिए गए थे , तभी दलजीत सिंह और उसका बेटा हर्ष कुमार मिलकर मारपीट कर दिया। जिससे मैं घायल हो गया। ट्रक को भी औरंगाबाद से कही बहार भेज दिया है। नगर थाना अध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि प्राप्त आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

# कृष्ण चंदर के 110 वीं जयंती पर रचना संवाद का आयोजन

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



जिला मुख्यालय औरंगाबाद की महत्वपूर्ण साहित्यिक संस्था जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के तत्वावधान में भारत के महान साहित्यकार हिंदी दशक के अमर चितेरे कृष्णा चंदर के 110वीं जयंती पर रचना संवाद का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह, उपाध्यक्ष डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा, महामंत्री धनंजय जयपुरी के आह्वान पर उनकी समग्र रचना पर प्रकाश डालते हुए संवाद के क्रम में संस्था के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी ने बताया कि शुरुआती दौर में लेखक द्वारा उर्दू में रचनाओं को संपादित किया जाता था। आजादी के पश्चात हिंदी में उनकी रचनाएं आने लगी। उन्हें व्यंग्य साहित्य का बादशाह कहा जाता है। सामयिक घटनाओं पर आधारित व्यंग्य साहित्य रचने उन्हें महारत हासिल थी। एक गधे की आत्मकथा उनकी सर्वश्रेष्ठ रचना है। जिसको 16 से अधिक भाषाओं में अनुवाद किया गया था। फिल्मी दुनिया में उन्होंने दर्जनों पटकथाएं लिखी जिस पर फिल्माए गए चलचित्र लोगों के जेहन में आज भी समाए हुए हैं। जब खेत जागे,सड़क वापस जाती है,वर्षा के फूल, उनकी कालजई रचना है।धरती के लाल, शराफत आंदोलन जैसे दर्जनों फिल्मों की पटकथाएं कृष्ण चंद्र द्वारा लिखी गई जो फिल्मी दुनिया के इतिहास के सदाबहार सिनेमा के रूप में जाने जाते हैं।

# औरंगाबाद में जदयू का कार्यकर्ता सम्मेलन एक दिसंबर को, जिलाध्यक्ष ने कहा-ऐतिहासिक होगा कार्यक्रम

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**




आगामी एक दिसंबर को आयोजित होने वाले जदयू के जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारी को लेकर रविवार को पार्टी के जिलाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बैठक में कहा कि जिला सम्मेलन संगठनात्मक मजबूती और जनसंपर्क अभियान के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। सम्मेलन एक दिसम्बर को शहर के नगर भवन में आयोजित होगा। सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि जदयू राष्ट्रीय महासचिव अशोक चौधरी, मंत्री सुमित कुमार, सांसद कौशलेंद्र कुमार, विधान पार्षद सह प्रदेश उपाध्यक्ष संजय सिंह, विधान पार्षद भगवान सिंह कुशवाहा, विधान पार्षद खालिद अनवर, विधान पार्षद रीना यादव, पूर्व मंत्री सह प्रदेश उपाध्यक्ष अजीत चौधरी, पूर्व विधान पार्षद संजीव श्याम सिंह आदि भाग लेंगे। जिलाध्यक्ष ने कहा कि जिले के कोने-कोने से पार्टी कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लेंगे। जिलाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में हुए विकास कार्यों की चर्चा की। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने राज्य में विकास और सामाजिक कल्याण के कार्यों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। बैठक में औरंगाबाद के पूर्व सांसद व नबीनगर के पूर्व विधायक बीरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महिलाओं के लिए आरक्षण, शिक्षा में सुधार, रोजगार के अवसर उपलब्ध कराकर उन्हें मुख्यधारा में लाने का काम किया है। बैठक में मुख्य प्रवक्ता राजीव रंजन सिंह उर्फ राजा बाबू, जिला उपाध्यक्ष पप्पू ज्वाला सिंह, रिंकू सिंह, सूर्यवंश सिंह, सत्येंद्र चंद्रवंशी, संजय पटेल, जिला महासचिव संजय राणा सिंह, रितेश कुमार सिंह, महावीर कुशवाहा, रफीगंज प्रखंड अध्यक्ष सुनील वर्मा, देव प्रखंड अध्यक्ष बृजेश सिंह, बारूण प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र कुमार, नबीनगर प्रखंड अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह, औरंगाबाद नगर अध्यक्ष मुजफ्फर कादरी, हसपुरा प्रखंड अध्यक्ष चंद्रेश पटेल, मदनपुर प्रखंड अध्यक्ष शमशेर सिंह, गोह प्रखंड अध्यक्ष गुंजन कुमार सिंह, रामनिवास शर्मा, विजय कुशवाहा, अप्पू कुमार सिंह, इंदु देवी, प्रवीण शर्मा, सुरेंद्र कुमार सिंह, आति पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष जितेंद्र चंद्रवंशी, किसान प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष बृजमोहन मेहता, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मुमताज अहमद जुगनू, औरंगाबाद विधानसभा प्रभारी रिंकू सिंह, नबीनगर विधानसभा प्रभारी बिंदा चंद्रवंशी, कुटुंबा विधानसभा प्रभारी प्रमिला सिंह, रफीगंज विधानसभा प्रभारी अमरेश चौधरी, ओबरा विधानसभा प्रभारी आनंद कुमार रजक, गोह विधानसभा प्रभारी पूनम कुशवाहा, संजय अंबेडकर, मो. ख्वाजा, भोले शंकर एवं मो. इरशाद आलम आदि नेताओं- कार्यकर्ताओं ने सम्मेलन को लेकर विचार रखे।

# जदयू की सुपर 7 टीम को मिली 2025 की जिम्मेदारी, 7 बड़े नेताओं की बनाई गई टीम

**निज संवाददाता | पटना**

2025 विधानसभा चुनाव को लेकर जदयू ने बड़ी रणनीति तैयार करते हुए सुपर 7 की टीम का गठन किया है। इस टीम को 2025 विधानसभा चुनाव जीताने की जिम्मेदारी मिली है। इसके लिए बिहार के सभी विधानसभाओं के ताजा हालात, सरकार के काम और एजेंट की रणनीति तैयार करने की जिम्मेदारी दी गई है। सुपर 7 की टीम पूरे बिहार के सभी विधानसभाओं का दौरा करेगी। मौजूदा स्थिति को देखते हुए रणनीति तैयार करेगी। सुपर 7 की टीम में जदयू के सभी बड़े नेताओं को शामिल किया गया है। इनके कंधे पर अगले विधानसभा चुनाव के जीतने की जिम्मेदारी दी गई है। जेडीयू की सुपर 7 की टीम में जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष संजय झा , ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी , जल संसाधन मंत्री विजय चौधरी , प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, ऊर्जा मंत्री विजेंद्र यादव , ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार और सांसद रामनाथ ठाकुर शामिल हैं। जदयू की सुपर 7 की टीम आज बिहार की यात्रा पर निकल गई है। अगले दिसंबर तक तमाम लोग हर जिले जाकर कार्यकर्ता से मिलेंगे और फीडबैक लेंगे। जदयू की सुपर सेवन की एक्टिंग पटना से निकलकर बिहार के सभी जिलों और विधानसभा का दौरा करेगी। बिहार के मौजूदा सियासी हालात का जायजा लेगी। सुपर 7 टीम के सदस्य और मंत्री अशोक चौधरी ने बताया कि बिहार सरकार के तमाम योजनाओं और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कामों को जनता को बताएंगे। जनता के बीच पार्टी की जमीनी हकीकत क्या है। अगले कुछ महीनो में और क्या किया जाना चाहिए। इसकी भी जानकारी लेंगे। जानकारी के मुताबिक जनता के बीच पूरी जमीनी हकीकत का रिपोर्ट नीतीश कुमार की सौंपा जाएगा और विपक्ष को विधानसभा में कैसे मात दी जाए। इसकी रणनीति तैयार की जायेगी।

# राज्य में रात के तीन घंटे में 5.44 लाख वाहनों की हुई जांच

**पटना (नि.सं.)।** बिहार में पुलिस महानिदेशक आलोक राज के निर्देश पर शनिवार की रात तीन घंटे संयुक्त रूप से सभी 38 जिलों में 5 लाख 44 हजार 660 वाहनों की जांच की गयी। इस दौरान 299 वाहन जब्त किये गये और 2 करोड़ 55 लाख 87 हजार 900 रुपये जुर्माने वसूल गये। सबसे अधिक 75 वाहनों की जब्ती औरंगाबाद में की गई, जबकि सबसे अधिक 25 लाख रुपए दंड की वसूली पटना में हुई। रविवार को पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार राज्य में चलाये गये विशेष समकालीन रात्रि सघन वाहन चेकिंग अभियान के तहत वाहनों की जांच की गयी। इस दौरान 1170 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस मुख्यालय के अनुसार वाहन जांच के दौरान 6 आग्नेयास्त्र, 35 कारतूस और 32,112 लीटर देसी/विदेशी शराब जब्त की गई।

# महाराष्ट्र में भाजपा को शानदार सफलता से भाजपाईयों में हर्ष



**निज संवाददाता | हसपुरा(औरंगाबाद)**

महाराष्ट्र में पूर्ण बहुमत एवं बिहार के उप चुनाव में चारों सीटें एनडीए की झोली में आने से भाजपा कार्यकर्त्ताओं में हर्ष व्याप्त है। इसे लेकर रविवार को हसपुरा प्रखंड के कोईलवां गांव स्थित मोहिनी शास्त्री के आवास पर आचार्य पंडित लालमोहन शास्त्री द्वारा भाजपा के मंडल अध्यक्ष विनोद कुमार शर्मा, महामंत्री अनिल आर्य, शक्ति प्रमुख ज्योति नारायण सिंह एवं रंजन चंद्रवंशी को अंग वस्त्र प्रदान किया गया। एनडीए की जीत पर ख़ुशी जाहिर करते हुए आचार्य ने कहा कि देश में मोदी सरकार बहुत ही बेहतर ढंग से कार्य कर रही हैं। इसी का परिणाम है कि महाराष्ट्र में बीजेपी को पूर्ण बहुमत एवं बिहार के उप चुनाव में सभी चार सीटों पर एनडीए ने जीत दर्ज की है। वही मंडल अध्यक्ष, महामंत्री ने इस जीत का श्रेय पार्टी के कर्तव्यनिष्ठ कार्यकर्त्ताओं एवं मोदी की कुशल राजनिति को दिया। वहीं बड़ोखर गांव में एनडीए कार्यकर्त्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया।

# सिहाड़ी पुल के पास ट्रैक्टर व कार में टक्कर, पांच घायल

**निज संवाददाता | हसपुरा(औरंगाबाद)**



हसपुरा प्रखंड में गोह-दाउदनगर पथ पर शनिवार को देर शाम सिहाड़ी पुल के पास ट्रैक्टर और कार के बीच हुई भयंकर टक्कर में कार में सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में एक की स्थिति नाजुक बताई जा रही है। घायलों को इलाज के लिए दाउदनगर भेजा गया। ग्रामीणों ने ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है। हादसे की सूचना मिलते हीं घटनास्थल पर हसपुरा पुलिस पहुंची व स्थिति का जायजा लिया। बताया गया कि कार में सवार लोग शीतल बिगहा दाऊदनगर से जा रहें थें। इसी दौरान सिहाड़ी पुल के पास दूसरी तरफ से आ रहे बालू लदे ट्रैक्टर से आमने सामने की आपस में टकर हो गई।

# बेउर जेल भेजा गया कुख्यात अनीष कुमार

**पटना(नि.सं.)।** पटना के एसटीएफ, नौबतपुर और जानीपुर थाने के संयुक्त अभियान में कुख्यात अनीष कुमार को गिरफ्तार किया गया था। अनीश कुमार को पुलिस ने बेउर जेल भेज दिया है। कभी अनीश का साथी रहे उज्जवल कुमार भी पटना के बेउर जेल में बंद है। उज्जवल और अनीश एक जमाने में जिगरी साथी हुआ करते थे। दोनों ने मिलकर कई बड़ी घटनाओं को अंजाम दिया था। जानीपुर थाना के रामपुर फरीदपुर मुखिया नीरज कुमार हत्याकांड में दोनों का नाम अनुसंधान में सामने आया था। बताया जा रहा है कि एक लड़की के विवाद को लेकर उज्जवल और अनीश के बीच मनमुटाव शुरू हुआ। फिर यह दोनों एक दूसरे के जानी दुश्मन बन बैठे हैं। उज्जवल पूर्व से बेउर जेल में बंद है और अनीश के बेउर जेल में पहुंचने के बाद जेल के अंदर ही दोनों के बीच गैंगवार भी हो सकता है।

# हसपुरा में मना जनजातीय गौरव गाथा दिवस



**निज संवाददाता | हसपुरा(औरंगाबाद)**

हसपुरा प्रखंड के देवहरा स्थित राजकीय मध्य विद्यालय के प्रांगण में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती जनजातीय गौरव गाथा दिवस के रुप में मनाई गई। इस दौरान स्कूल के वर्ग 8 के छात्र हिमांशु कुमार ने भगवान बिरसा मुंडा का रूप धारण किया। साथ ही बाकी बच्चों ने भी जनजातीय वेश धारण किया। इसके बाद बच्चों ने बिहटा गांव में प्रभात फेरी भी निकाली। प्रभात फेरी में जैतपुर पंचायत के मुखिया सत्येंद्र पासवान और सरपंच धनंजय कुमार घोष भी शामिल हुए। कार्यक्रम में सभी बच्चों को जनजातीय आंदोलन के बारे में विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक सुभाष प्रसाद और वरीय शिक्षिका ममता कुमारी ने जानकारी दी। इस मौके पर छात्रों को उनके उत्कृष्ट साज सज्जा के लिए पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका प्रियंका कुमारी, वीणा कुमारी, पूजा द्विवेदी, सोहराब खान, सुहैल खान, शिक्षा सेवक संजय चौधरी, रेहाना खातून आदि मौजूद रहे।

# माय भारत प्लेटफार्म पर युवाओं के लिए डिजिटल क्वीज प्रतियोगिता का होगा आयोजन

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

माय भारत प्लेटफार्म पर युवाओं के लिए डिजिटल क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन होगा।विकसित भारत युवा संवाद कार्यक्रम में भाग लेकर प्रधानमंत्री मोदी से सीधा संवाद करने का अवसर मिलेगा। जानकारी देते हुए नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी हेमंत कुमार मथुरिया, ने उक्त कार्यक्रम पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डालते हुए बताया कि इस बार राष्ट्रीय युवा उत्सव में विभिन्न माध्यमों से युवाओं की सहभागिता होगी । यह मंच युवा भारतीयों को विकसित भारत की भविष्य योजना पूरा करने की दिशा में अपने विचार और दृष्टिकोण प्रस्तुत करने में सहायक होगा। उक्त कार्यक्रम के अन्तर्गत माय भारत प्लेटफार्म पर युवाओं के लिए डिजिटल क्वीज प्रतियोगिता दिनांक 25 नवंबर से 5 दिसंबर तक आयोजित हो रहा है। उक्त प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभागियों के लिए सबसे प्रमुख आकर्षण प्रधानमंत्री से सीधे बातचीत करने और भारत का भविष्य गढ़ने में अपने विचार शामिल करने का अवसर होगा। इससे राजनीति और नागरिक जीवन में युवाओं की भागीदारी बढ़ेगी। युवा उत्सव का प्रथम चरण का कार्यक्रम राज्य सरकार द्वारा समस्त जिलों में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया है तथा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जा रहा है तथा दुसरा चरण में उपरोक्त कार्यक्रम को शामिल किया गया है।

# स्टेशन पर यात्री शेड के नीचे मिला शव

**पटना(नि.सं.)।** दानापुर रेल मंडल के फतुहा स्टेशन पर प्लेटफॉर्म से रेल पुलिस ने एक अधेड़ का शव बरामद किया है। रेल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए पटना भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है। रविवार सुबह यात्रियों ने रेल पुलिस को घटना की सूचना दी थी। फतुहा स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 6 पर बने यात्री शेड के नीचे एक अधेड़ का शव जमीन पर पड़ा है। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। सोशल मीडिया के माध्यम से मृतक की पहचान हुई है। मृतक राजकिशोर राम(50) धनरुआ कैली गांव के रहने वाले थे। मौत कब और कैसे हुई। इसकी जांच की जा रही है। हालांक ठंड से मौत की आशंका जताई जा रही है। वहीं, रेल थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि मौत कैसी हुई है। प्रथम दृष्टया ऐसा लग रहा है कि मौत ठंड के कारण हुई है। छानबीन की जा रही है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

जय जवान... जय किसान...
बरूणा पैक्स से अध्यक्ष पद हेतु सुयोग्य, कर्मठ, संघर्षशील, कार्यशील एवं एकमात्र उम्मीदवार
दशरथ सिंह

दशरथ सिंह
का चुनाव चिन्ह
क्र.सं. 03
किताब छाप
पर मुहर लगाकर भारी से भारी मतों से विजयी बनायें।
निवेदक - बरूणा पैक्स के समस्त सम्मानित मतदातागण